हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com धनबाद, बुधवार, 25 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 174, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## झारखंड में बजने वाला है चुनावी बिगुल!

### निर्वाचन आयोग की टीम ने तैयारियों को लेकर की 5 बैठकें

रांची : झारखंड विधानसभा का वर्तमान कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहा है और राज्य में 81 विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव निर्धारित हैं। इस बार झारखंड में 2.59 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव तैयारियों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. एस.एस. संधू के साथ मिलकर रांची में समीक्षा बैठक की। दो दिवसीय इस दौरान राजनीतिक दलों और राज्य के अधिकारियों की ओर से उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। भारत निर्वाचन आयोग की टीम की जिला प्रशासन और पुलिस पदाधिकारी के साथ मैराथन बैठक हुई।

#### राजनीतिक दलों की ओर से सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 2 दिनों तक चली अलग-अलग बैठकों में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान सबसे पहले राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बातचीत हुई। इसमें नेशनल और रीजनल पार्टी के प्रतिनिधि शामिल हुए। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कहा कि बूथों पर 100 प्रतिशत सीसीटीवी कैमरा होना चाहिए, पोलिंग एजेंट को बूथ से हटा दिया जाता है, ऐसा नहीं होना चाहिए।

#### सीमा को सील कर अभियान चलाने का निर्देश

निर्वाचन आयोग की टीम ने एनफोर्समेंट एजेंसी, विभिन्न जिलों के डीसी और एसपी के साथ भी अलग से बैठक की, जिसमे सभी को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि पूरा चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए। सभी को बराबर का सहभागी होना पड़ेगा। किसी को प्रलोभन नहीं देना है। चतरा, खूंटी और लातेहार जैसे सेंसिटिव क्षेत्र में ड्रग्स पर पूरी तरह से लगाम लगाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही बॉर्डर को सील करने का निर्देश दिया गया है। अगल-बगल के राज्य से चुनाव के समय झारखंड में डिस्टरबेंस नहीं होना चाहिए। ऐसा भी निर्देश दिया गया है।

#### 11.05लाख मतदाता पहली बार डालेंगे वोट

इस बार झारखंड में 2.59 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाताओं में 11.05 लाख पहली बार वोट डालने वाले युवा हैं। चुनाव आयोग का उद्देश्य एक सुगम और सहभागी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करना है। चुनाव को एक उत्सव की तरह बनाने के लिए स्थानीय संस्कृति को प्रोत्साहित करने और शहरी क्षेत्रों में मतदान की जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं राजनीतिक दलों ने चुनाव अभियान के दौरान हेट स्पीच, चुनावी धन के उपयोग में पारदर्शिता, और अवैध नकदी व मुफ्त उपहारों के इस्तेमाल पर सख्त कार्रवाई की भी मांग की।




#### राजनीतिक दल को सहयोग करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई

झारखंड में चुनाव निष्पक्ष हो, समय से हो,अच्छे से हो। यही बैठक के दौरान निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी तरह की घटना और समस्या नहीं हुई थी। प्रशासन पूरी तरह से दुरुस्त थी। सभी एसपी डीसी को निर्देश दिया गया है कि चुनाव के समय आरोप प्रत्यारोप का दौर चलता रहेगा। पदाधिकारी को अपने रास्ते पर अडिग रहना है। आरोपों से डरना नहीं है और ना ही कोई गलती करनी है। अगर कोई अधिकारी किसी राजनीतिक दल को सहयोग करेगा। तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

#### महाराष्ट्र से लौटने के बाद झारखंड में चुनाव पर निर्णय

राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग हमेशा चुनाव कराने के लिए तैयार रहती है। झारखंड से लौटने के बाद तय हो जाएगा कि चुनाव कब होगा। कल जम्मू कश्मीर में वोटिंग है। वहां पर मतदाताओं का उत्साह बढ़ा है। परसों महाराष्ट्र के विजिट पर चुनाव आयोग की टीम जाएगी। वहां से लौट के बाद झारखंड में चुनाव को लेकर निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो वोटिंग का नजारा कश्मीर में होगा। वही नजारा जनरल इलेक्शन में बस्तर,मणिपुर, त्रिपुरा में सभी जगह मिला।

#### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभियान शुरू करने का निर्देश

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बहुत सख्त निर्देश दिए गए हैं और उन्हें सुझाव दिया गया है। कैंपेनिग शुरू हो। सब को बराबर का समय मिलना चाहिए और जब वोटर वोट देने आए। तो पोलिंग स्टेशन पर सारी सुविधाएं मिलनी चाहिए। माहौल अच्छा होना चाहिए। रोल टू पोल यही हमारा काम है। हर पोलिंग स्टेशन पर पॉलीटिकल पार्टी ने कहा था कि 200 मीटर के अंदर बूथ नहीं है। वहां लाने जाने की व्यवस्था की जाएगी। सभी को डायरेक्शन दिया गया है कि पोल शुरू होने से 5-6 दिन पहले बूथ पोलिंग स्टेशन के गेट से 200 मीटर दूर होगा। यह सुनिश्चित कर दें। साथ ही पोस्टल वैलेट की गिनती की रिकॉर्ड रखी जाएगी। ताकि उसे देखा जा सके। सीसीटीवी कैमरे से उसकी रिकॉर्डिंग रखेंगे। ताकि कोर्ट के माध्यम से कोई देख सके। पारदर्शिता के हिसाब से सारी चीजों को रिकॉर्डिंग होगी।

#### मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश

साथ ही वोटर संख्या बढ़ाने के लिए झारखंड की जितनी भी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और खेल को लेकर जागृत जगह है। अभी धान की फसल काटने का भी समय है। ऐसे में वोटर को जागरूक करने के लिए धान के आधार पर पिक्चर बनाकर, खेलो को लेकर पिक्चर्स बनाकर लोगों को मोटिवेट करने के निर्देश दिए गए है।

## संक्षिप्त खबरें

बीजेपी पर सीएम हेमंत की हुंकार, कहा

### मेरे पिता पर अपशब्द कहने वाले चेत जायें



रांची : झारखंड की सियासत में सरगर्मी हर दिन बढती जा रही है. विधानसभा चुनाव मुहाने पर है और सूबे की राजनीति भी अपनी शबाब पर है. हेमंत सरकार लगातार एक के बाद एक योजनाओं की शुरुआत करती जा रही है. तो वहीँ विपक्ष में बैठी बीजेपी उन योजानों का काट तलाशने में लगी हुई है. सूबे के मुखिया सीएम हेमंत सोरेन भी अपने सोशल मीडिया से लगातार झारखंड बीजेपी और केंद्र की मोदी सरकार को कोसते नज़र आ रहे हैं. उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा है कि विपक्ष के लोग धन बल से संपन्न हैं। ये झूठ- सच करने में माहिर हैं। ऐसे में गरीब लोगों को लगता है कि ये जो बोलते हैं, वो सही बोलते होंगे। यह भारतीय जनता पार्टी एनडीए की सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। ये लोग परिवारवाद की बात करता है। क्या इनके बाप- बेटा के लोग परिवार में नहीं है। इनके परिवार के 5 दर्जन लोग के नाम गिनाने पर आयें तो ये पाखंडी भाग जाएँगे। मेरे पिता पर अपशब्द कहने वाले चेत जायें – शेर का बच्चा शेर पैदा होता है.

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 सितंबर को, हेमंत सोरेन करेंगे अध्यक्षता

रांची : झारखंड की हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक 27 सितंबर को होगी. राजधानी रांची के धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट बिल्डिंग में शाम 4 बजे से बैठक होगी. झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले होने वाली कैबिनेट की बैठक में कई अहम और लोकलुभावन फैसले होने की उम्मीद है. मंत्रिपरिषद् की बैठक के बारे में मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से यह जानकारी दी गई है.

### इजराइल ने हिबुल्लाह पर किया हमला, 500 लोगों की मौत



लेबनान : इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आईडीएफ ने लेबनान में भारी तबाही मचाई है। सोमवार को इजरायल ने हिजबुल्लाह के खिलाफ सबसे घातक हमला किया। इस हमले में 90 से अधिक महिलाओं और बच्चों सहित 490 से अधिक लोग मारे गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक, हमले में 500 लोगों की मौत हो गई है। इनमें 35 बच्चे और 58 महिलाएं शामिल हैं। घायलों की संख्या 1600 से ज्यादा है।

#### हमले पर अमेरिका ने जताई चिंता

इजरायल ने कहा है कि उसने हिजबुल्ला के 800 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया है, वहां से इजरायल पर हमले किए जाते थे या फिर वहां हमले की तैयारी की जाती थी। इस हमले पर अमेरिका ने भी चिंता जाहिर की है। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में सैनिकों की अतिरिक्त तैनाती करने का फैसला किया है।

### फोन पर बात करते वक्त घर में आसमानी बिजली गिरने से फटा मोबाइल, युवक हुआ घायल

जमशेदपुरः जमशेदपुर से एक घटना सामने आ रही है, जिला के पटमदा थाना क्षेत्र के जोड़सा टोला बिरखाम निवासी 25 वर्षीय युवक विजय कुंभकार सोमवार की शाम मोबाइल फोन पर कहीं बात कर रहा था कि अचानक बारिश के साथ घर में हुई वज्रपात के कारण वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। बेहोशी की हालत में उसे परिजनों ने पहले माचा स्थित सीएचसी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार जिस समय यह घटना घटी उस समय विजय फोन पर किसी से बात कर रहा था। घर पर ही वज्रपात होने से मोबाइल फोन कान के सामने ही फट गया और वह बेहोश होकर जमीन में गिर गया। जबकि बगल में बैठी उसकी मां को कुछ भी नहीं हुआ है। अचानक हुई इस घटना में घर में कोहराम मच गया। जैसे ही घटना की जानकारी लोगों को मिली तो घर में भीड़ जुट गई।

### जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव पहुंचे रांची, आज लेंगे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की शपथ



रांची : हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव मंगलवार को सेवा विमान से रांची पहुंच गए हैं. वह झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस के रूप मे 25 सितंबर को शपथ लेंगे. राजभवन में राज्यपाल उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाएंगे. शनिवार को राष्ट्रपति ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में लिए गए निर्णय पर मुहर लगाते हुए जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी है.जिसके बाद अब उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गई है. रांची एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया गया. इस दौरान राज्य के कई वरीय पदाधिकारी एयरपोर्ट पर मौजूद थे.

## झारखंड में मॉनसून मेहरबान, धनबाद में इस साल सर्वाधिक बारिश, रांची में भी 16% अधिक वर्षा

रांची : झारखंड में तीन साल के बाद सामान्य बारिश हुई है. मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 23 सितंबर तक झारखंड में 939.3 मिली मीटर बारिश हुई, जो सामान्य से 4 प्रतिशत कम है. पिछले दिनों साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण झारखंड के लगभग सभी जिलों में अच्छी बारिश हुई. हालांकि पांच जिलों में सामान्य से कम बारिश का आंकड़ा -20 से अधिक है. आंकड़ों के अनुसार, पाकुड़ में सबसे कम बारिश हुई है. 23 सितंबर तक पाकुड़ में 51 प्रतिशत कम बारिश हुई है. अब तक पाकुड़ में 552.4 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य बारिश 1134.4 मिमी है. वहीं देवघर, चतरा, साहिबगंज में भी सामान्य से कम बारिश हुई है.



#### धनबाद में सबसे अधिक बारिश

धनबाद में वर्ष 2024 में जमकर बारिश हुई. 23 सितंबर तक धनबाद में 30 प्रतिशत अधिक बारिश हुई. अब तक धनबाद में 1322.4 मिमी बारिश हुई है, जबकि वहां 1016 मिमी सामान्य बारिश है. वहीं राजधानी रांची में सामान्य से 16 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है. अब तक रांची में 1155.4 मिमी बारिश हुई है. आने वाले दिनों में 28 सितंबर तक झारखंड में बारिश के आसार हैं.

## 2 अक्टूबर को झारखंड आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

### जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों के साथ करेंगे चाय पर चर्चा



रांची : पीएम नरेंद्र मोदी दो अक्टूबर को रांची आने वाले हैं. यहां वह जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों के साथ चाय पर संवाद करेंगे. जानकारी के मुताबिक गांधी जयंती के दिन पीएम मोदी रांची में रहेंगे. इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने 15 सितम्बर को झारखंड के जमशेदपुर पहुंचे थे. जहाँ उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था. इस मौके पर उन्होंने जमशेदपुर के गोपाल मैदान में जनसभा को संबोधित भी किया था .

## गांधी प्रतिमा के पास जुटे छात्र

### जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाया

रांची : छात्र संगठन व छात्रों का जुटान मंगलवार को मोरहाबादी स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष हुआ. उन्होंने जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाया है. छात्रों ने परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने का दावा किया है. उन्होंने आरोप लागते हुए कहा कि रांची, धनबाद समेत कई परीक्षा केंद्र में बाहर के छात्रों को पहले ही अंसर सीट मिल गया था. अब परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर छात्र संगठन आंदोलन करेंगे. छात्र संगठन ने बताया कि कल तीन बजे से हजारीबाग से आंदोलन आक्रोश मार्च शुरू होगा. उन्होंने परीक्षा रद्द नहीं होने पर रांची में भी बड़ा आंदोलन करने की बात कही. कहा कि जेएसएससी कार्यलय का घेराव किया जायेगा.



## आंध्र प्रदेश और झारखंड समेत 11 राज्यों ने शुरू नहीं किया आरटीआई पोर्टल

### सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

नई दिल्ली : देश में आंध्र प्रदेश और झारखंड समेत 11 राज्यों ने अब तक सूचना का अधिकार (RTI) पोर्टल शुरू नहीं किया है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से जवाब तलब किया है। पिछले साल 20 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और उच्च न्यायालयों को तीन महीने के भीतर आरटीआई वेबसाइट शुरू करने के निर्देश दिए थे।



मामले में याचिकाकर्ता अनुज नाकाडे की याचिका पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ को वकील ने बताया कि 11 राज्यों ने अपनी आरटीआई वेबसाइट अब तक नहीं शुरू की है। कोर्ट ने कहा कि आंध्र प्रदेश, झारखंड, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार, दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप और अरुणाचल प्रदेश ने अदालत के फैसले का पालन नहीं किया है।

कोर्ट ने कहा कि जिन राज्यों में आरटीआई पोर्टल स्थापित किए गए हैं, वे पोर्टल भारत सरकार के दिशानिर्देशों के तहत पहुंच के मानकों को पूरा नहीं करते हैं। कोर्ट ने कहा कि पोर्टल शुरू न करने वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को नोटिस जारी करें। सभी सरकारें 21 अक्तूबर तक जवाब दाखिल करें। सीजेआई ने फैसले में कहा कि शीर्ष अदालत ने आरटीआई आवेदनों के लिए एक पोर्टल भी स्थापित किया है।

## त्रिपुरा में 500 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण, सीएम माणिक साहा बोले- उग्रवाद किसी समस्या का हल नहीं

अगरतला : त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में मंगलवार को प्रतिबंधित समूहों नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) से जुड़े करीब 500 उग्रवादियों ने मुख्यमंत्री माणिक साहा के सामने आत्मसमर्पण किया है। सिपाहिजाला जिले के जम्पुइजाला में एक समारोह में उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा कि उग्रवाद किसी भी समस्या का समाधान नहीं है।

#### पूरी तरह से उग्रवाद मुक्त हुआ पूर्वोत्तर राज्य

इस सामूहिक आत्मसमर्पण के बाद सीएम माणिक साहा ने पूर्वोत्तर राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद मुक्त घोषित किया। सीएम साहा ने कहा, केंद्र और राज्य कई योजनाएं शुरू करके स्वदेशी लोगों के समग्र विकास के लिए काम कर रहे हैं। मैं उन लोगों का स्वागत करता हूं जिन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं।

#### आने वाले दिनों और उग्रवादी करेंगे आत्मसमर्पण

मामले में एक एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज, करीब 500 एनएलएफटी और एटीटीएफ उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है और बाकी कैडर आने वाले दिनों में आत्मसमर्पण करेंगे। इस आत्मसमर्पण के दौरान उग्रवादियों ने अत्याधुनिक हथियार जमा किए। 4 सितंबर को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में केंद्र और राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया।

#### 1990 के दशक में दोनों समूहों ने बरपाया था कहर

बता दें कि एनएलएफटी और एटीटीएफ दोनों समूहों ने 1990 के दशक के उत्तरार्ध से दो दशकों तक राज्य में कहर बरपाया था। उग्रवाद के कारण हजारों लोग, खासकर गैर-आदिवासी, विस्थापित हुए। केंद्र ने आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों के पुनर्वास के लिए 250 करोड़ रुपये के वित्तीय पैकेज की घोषणा की है।



# संक्षिप्त खबरें

## शुभेंदु अधिकारी ने कहा असम और पश्चिम बंगाल की तरह झारखंड में बड़े पैमाने पर हो रहा है बांग्लादेशी घुसपैठ

बोकारो(ईएमएस)।झारखंड में परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा के बड़े नेता झारखंड का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी विशेष विमान से बोकारो एयरपोर्ट पहुंचे। जहां उनका स्वागत नेता प्रतिपक्ष झारखंड अमर कुमार बाउरी समेत भाजपा के नेताओं ने किया। इस दौरान हुए धनबाद में होने वाले परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए।रवाना से पूर्व उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड में भाजपा के पक्ष में माहौल है।झारखंड में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का दौरा इसका एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन की लहर के कारण ही जेएमएम के बड़े नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बांग्लादेशी और रोहिंग्या का घुसपैठ झारखंड में हो रहा है। हम कह सकते हैं कि सनातन धर्म और राष्ट्रवाद खतरे में पड़ जाएगा। असम और बंगाल की तरह झारखंड में भी घुसपैठ हो रहा है।जिसे रोकने की जरूरत है।रोकने के लिए भाजपा का सरकार आना जरूरी है।उन्होंने कहा कि झारखंड के बाद बंगाल में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 को, कई अहम प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर

रांची(ईएमएस)।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 सितंबर शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी।इस बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।विधानसभा चुनाव घोषणा के पूर्व संभवत दो-तीन कैबिनेट की ही बैठक होगी। ऐसे में विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार कई अहम निर्णय ले सकती है। मालूम हो कि गत सोमवार को राज्य के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं का विशाल प्रदर्शन रांची के मोरहाबादी मैदान में हुआ था। प्रदर्शकारियों को सरकार की ओर से वार्ता के लिए बुलाया गया था।इस वार्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं को आश्वासन दिया था कि 27 को कैबिनेट की बैठक के बाद आप लोगों को खुशखबरी मिलेगी। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि सरकार राज्य भर के आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के लिए मानदेय बढ़ाने समेत कई महत्वपूर्ण फैसले ले सकती है।

## रांची में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने आक्रोश मार्च निकाला

रांची(ईएमएस)।जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार और झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ रांची जिला महासचिव चंदन चौधरी के नेतृत्व में आक्रोश मार्च निकाला गया। राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों से मांग की गई कि इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए। मौक़े पर विशेष रूप से राष्ट्रीय सह संयोजक कौशल किशोर, प्रदेश अध्यक्ष, भावेश सिंह, प्रदेश महासचिव महेश भारती उपस्थित रहे। साथ में महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष गीता मिश्रा,प्रदेश कार्यालय प्रभारी प्रवीण ओझा,बोकारो ज़िला महामंत्री विक्रम महतो, गौरी शंकर सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## परमिट रिनुअल करने के नाम पर घूस मांगने वाले हजारीबाग डीटीओ ऑफिस के लिपिक को एसीबी ने गिरफ्तार किया

हजारीबाग(ईएमएस)।एसीबी हजारीबाग की टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए हजारीबाग डीटीओ ऑफिस में लिपिक विकास कच्छप को छह हजार रूपया घूस लेते गिरफ्तार किया है।परमिट रिनुअल करने के नाम पर लिपिक घुस ले रहा था। विकास कच्छप मूल रूप से रांची के हिनू का रहने वाला है।एसीबी ने बताया कि आवेदक राज कुमार, जो हजारीबाग का रहने वाला है।उसने आवेदन दिया कि देवघर रांची मार्ग पर चलने वाले विजय बस के परमिट को रिनुअल करने के लिए डीटीओ कार्यालय हजारीबाग में कार्यरत लिपिक विकास कच्छप ने छह हजार घूस मांगा। जबकि बस मालिक रिश्वत देना नहीं चाहते थे।जिसके बाद इसकी शिकायत एसीबी से की। एसीबी ने कार्रवाई करते हुए लिपिक को घूस लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

## लोहरदगा में ट्रेन से कटकर युवक की मौत दुर्घटना या आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

लोहरदगा(ईएमएस)।लोहरदगा जिले के सदर थाना क्षेत्र में भक्सो रेलवे गाटर के समीप ट्रेन की चपेट में आने से 19 वर्षीय आदित्य कुमार महली की मौत हो गई है। मृतक गुमला जिला के सिसई थाना क्षेत्र के छारदा गांव का निवासी था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह घटना है या आत्महत्या। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं रेलवे पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार अदित्य रांची में रह कर एक निजी कॉलेज में प्लस टू की पढ़ाई कर रहा था। वह अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए लोहरदगा आया हुआ था। इस दौरान वह अपने घर भी गया था। घरवालों ने बताया कि वह मानसिक तनाव में नजर आ रहा था। इसके बाद वह घर से निकल गया। कुछ देर बाद लोगों ने उसके कटे शव को भक्सो रेलवे गाटर के समीप देखा। इसके बाद रेलवे पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस को मामले की सूचना दी गयी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आदित्य वहां तक कैसे पहुंचा और घटना कैसे हुई।वहीं घटना को लेकर सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि रेल से कट कर युवक की मौत हुई है। मामले में जांच की जा रही है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह हत्या है या आत्महत्या।

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड में उच्च शिक्षा के स्थिति में सुधार की संभावनाओं पर दिया जोर

धनबाद(ईएमएस)।राज्यपाल संतोष गंगवार ने मंगलवार को दुमका से रांची जाने के क्रम में धनबाद में कहा कि झारखंड की उच्च शिक्षा में सुधार की बहुत सम्भावनाएं हैं। यहां इस दिशा में कभी ध्यान ही नहीं दिया गया है। राज्य के विश्वविद्यालय और कालेजों में प्राचार्य, शिक्षक समेत अन्य संसाधनों की कमी है। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में वह राज्य के दौरे पर निकले हुए हैं। यहां की स्थितियों को देख रहे हैं। राज्य की उच्च शिक्षा के मामले में कहा कि महज चार ही कुलपति कार्यरत हैं, जबकि अन्य प्रभार में हैं। स्थायी शिक्षकों की घोर कमी है। ऐसा ही हाल कालेजों का भी है। धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से ही पुस्तकालय और प्रयोगशाला नहीं होने पर राज्यपाल ने कहा कि वे इस मामले को स्वयं देखेंगे।इससे पहले धनबाद परिसदन में राज्यपाल को गार्ड आफ आनर दिया गया। उनसे मिलने बीबीएमकेयू के कुलपति डा. राम कुमार सिंह, सिटी एसपी अजीत कुमार सिंह, डीडीसी सादात अनवर समेत जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी पहुंचे थे।

## खूंटी में आदिवासी संगठनों ने निकाली जमीन बचाओ रैली

खूंटी(ईएमएस)।चुनाव की घोषणा से पूर्व आदिवासी संगठन एकजुट होकर जमीन बचाने की मुहिम छेड़ दिए हैं। आदिवासियों ने कहा अगर चुनाव से पहले हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो इस बार झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।खूंटी जिले के विभिन्न इलाकों के आदिवासी संगठन हाथों में तख्तियां लेकर रैली की शक्ल में खूंटी मुख्य मार्ग होते हुए समाहरणालय पहुंचे और मेन गेट के बाहर जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी में कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटना बंद करो, लैंडबैंक को रद्द करो, अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार करना बंद करो, झूठे मुकदमे में आदिवासियों को फंसाना बंद करो, भारतमाला कोरिडोर योजना रद्द करो, जमीन बचाने के मुद्दे पर देशद्रोह का केस वापस करो, सीएनटी एक्ट को सख्ती से लागू करो, बालू पत्थर का अवैध खनन बंद करो। जन आक्रोश महारैली में मुख्य रूप से पड़हा राजा सोमा मुंडा, फ्रैंकलिन धान, सनिका भेंगरा, भीमसेन कैथा, सनिचर्वा मुंडा, डेरे सांगा, दुर्गावती ओड़या, बबलू उरांव, अरुण ओड़या, महावीर लोहरा, जयमंगल मुंडा अमृता मुंडा, हरी सोय, इत्यादि लोग मौजूद थे।पड़हा महासभा के अध्यक्ष सोमा मुंडा ने कहा कि लगातार आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है।

# गढ़वा में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान यात्रा,कल्पना सोरेन ने किया सभा को संबोधित



गढ़वा(ईएमएस)।गढ़वा शहर के राम साहू उच्च विद्यालय के मैदान में मंगलवार को मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री मंत्री बेबी देवी, विशिष्ट अतिथि के रूप में पेयजल एवं स्वच्छता सह पर्यटन कला संस्कृति व खेल युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, कृषि एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह एवं गांडेय की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन उपस्थित थीं।उपस्थित अतिथियों ने लोगों को मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना समेत सरकार के विभिन्न महत्वपूर्ण व कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।भाषण के दौरान मंत्रियों ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला भी किया।इस अवसर पर गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा सेवा, सरोकार और सम्मान के तहत महिलाओं को उनका अधिकार मंईयाँ सम्मान योजना के रूप में देकर सम्मानित करने का कार्य किया है।सरकार द्वारा जनहित में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना आदि चलाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच गरीब-गुरबा, पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक एवं जरूरतमंद लोगों के लिए हमेशा कल्याणकारी रही है।लेकिन विपक्ष को यह बात पच नहीं रही है।विपक्ष के लोग हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर उनके प्रयासों को बाधित करने का काम कर रही है।
यदि भाजपा के लोग हेमंत सोरेन को जेल नहीं भेजते, तो आज महिलाओं को मंइया सम्मान योजना की सातवीं किश्त मिली होती। सभा में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार द्वारा गरीब-गुरबों एवं जरूरतमंदों की आवश्यकता अनुसार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। ग्रीन राशन कार्ड एवं अबुआ आवास जैसी योजनाओं का लाभ देकर योग्य लाभुकों को राज्य सरकार की योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने भी विपक्ष पर हमला करते हुये कहा कि भाजपा जिस प्रकार राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों को बाधित करने का कार्य कर रही है,जनता सब देख रही है. आगामी चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गढ़वा जिला के विकास के लिए योजनाओं का लाभ देकर गढ़वा की पिछड़ा जिला की पहचान मिटाने का काम किया है।उन्होंने कहा कि अब झारखंड में बाहरी नेताओं को बुलाकर माहौल को बिगाड़ने का काम किया जा रहा है।लेकिन इसका कोई असर नहीं होनेवाला है।मंत्री बेबी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के आ जाने से महिलाएं सशक्त हुई हैं। उन्हें प्रत्येक माह 1000 रुपये अर्थात हर वर्ष 12000 रुपए की राशि सीधे उनके खाते में दिए जा रहे हैं।इससे वे स्वालंबन की ओर अग्रसर हैं।गरीब परिवार की बेटियां अपने पढ़ाई-लिखाई के खर्च स्वयं वहन कर रहे हैं।उनके माता-पिता पर पढ़ाई लिखाई के दौरान पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ से मुक्ति मिली है. उन्होंने कहा कि महिलाओं के हितों को देखते हुए भविष्य में मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना की राशि मे वृद्धि की जाएगी। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा आम जनों के हितों के लिए बहुत सारी कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।उन्हें वर्तमान सरकार के कार्यकाल में मंत्री पद के रूप में कार्य करने का कम समय मिला है, फिर भी वे झारखंड की जनता विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास कर रहीं है।उन्होंने कृषि एवं पशुपालन मंत्रालय के मंत्री रहते हुए कृषकों के हितों में बड़ी संख्या में कृषकों के ऋण माफ़ी कराने का कार्य किया है।गढ़वा के बाद सभी मंत्री और नेताओं ने मझिआँव प्रखंड मुख्यालय में कार्यक्रम में भाग लिए और ग्रामीणों को संबोधित किया।विदित हो कि इसके पूर्व मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान यात्रा का शुभारंभ सोमवार को गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर से हुआ है। वह वहां से रमना एवं मेराल में सभा करते हुए दूसरे दिन गढ़वा में सभा का आयोजन किय गया था।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कुपोषण मुक्त झारखंड कार्यक्रम में पोषण पर्याप्तता का समर्थन किया

कोडरमा(ईएमएस)।महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी मंगलवार को कोडरमा पहुंचीं और पोषण माह की प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने झारखंड में महिलाओं और बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के लिए की जा रही पहलों का मूल्यांकन किया।
अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने कोडरमा में कुपोषण मुक्त झारखंड कार्यक्रम की अध्यक्षता भी की।कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कुपोषण उन्मूलन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता रेखांकित किया और कहा, कि महिला और बाल विकास मंत्रालय भविष्य की पीढ़ियों के संपूर्ण स्वास्थ्य और पोषण को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। हमारे कार्यक्रम, जैसे पोषण माह और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी, कुपोषण के खिलाफ हमारी लड़ाई में महत्वपूर्ण हैं। झारखंड के लोगों की सक्रिय भागीदारी से मैं उत्साहित हूं, और हम साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी बच्चा या महिला कुपोषण से पीड़ित न रहे।केंद्रीय मंत्री ने पोषण माह की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर जोर दिया, जो छह मुख्य विषयों पर केंद्रित है एनीमिया, वृद्धि निगरानी,पूरक आहार, बेहतर शासन के लिए प्रौद्योगिकी,एक पेड़ माँ के नाम एवं पोषण भी, पढ़ाई भी।
उन्होंने झारखंड में पोषण माह उत्सव की सराहना की, जिसमें सभी 24 जिलों में 12.53 लाख से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गईं, जो समुदाय की पोषण में सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।इन पहलों के अलावा अन्नपूर्णा देवी ने पोषण माह के पर्यावरणीय पहलू पर प्रकाश डाला, जिसमें पूरे देश के 13.95 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों में वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया गया, और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 50 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। मंत्री ने पोषण माह को बढ़ावा देने में विभिन्न मंत्रालयों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और आयुष के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की।अपनी यात्रा के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने आयुष मंत्रालय के साथ मिलकर पांच जिलों में, जिनमें पश्चिम सिंहभूम भी शामिल है, आयुर्वेदिक प्रयासों के माध्यम से एनीमिया को दूर करने के लिए एक पायलट परियोजना की समीक्षा की। इसके साथ ही, उन्होंने रांची में पोषण ट्रैकर पहल के तहत राशन की डिलीवरी को ट्रैक करने के लिए दो-फैक्टर प्रमाणीकरण प्रणाली का उद्घाटन किया, जिससे यह राशन वितरण की व्यवस्था और पारदर्शी एवं दक्ष बनेगी।अपनी यात्रा के समापन पर अन्नपूर्णा देवी ने विभिन्न मंत्रालयों एवं राज्यों के समन्वित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, कुपोषण मुक्त भारत एक सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी की सक्रिय भागीदारी से, हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश के हर बच्चे और माँ के लिए एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के प्रति दृढ़संकल्पित हैं।" पोषण माह प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की तरफ एक प्रमुख प्रयास है।

# जामताड़ा में तंबाकू मुक्त युवा अभियान का शुभारंभ

जामताड़ा(ईएमएस)।जामताड़ा समाहरणालय परिसर से मंगलवार को तंबाकू मुक्त युवा अभियान प्रारंभ हुआ। दो माह तक चलनेवाले जागरूकता अभियान के दौरान जिले भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवा वर्ग को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।अभियान को लेकर आज समाहरणालय सभा कक्ष में जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र -छात्राओं ने भी भाग लिया।अपर समाहर्ता पूनम कच्छप ने समाहरणालय परिसर से जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मौके पर उन्होंने कहा कि आने वाली पीढियां को तंबाकू से पूरी तरह से मुक्त रखने के लिए जिला प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों के साथ-साथ बुद्धिजीवियों के द्वारा हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।अभियान के दौरान तंबाकू के सेवन से होने वाले जानलेवा बीमारियों से युवाओं को अवगत कराने के साथ-साथ तंबाकू से तौबा करने की अपील की जाएगी।

## स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों के घोटाले को उपायुक्त ने किया उजागर, एक को भेजा जेल,विशेष टीम का किया गया गठन

रामगढ़(ईएमएस)।रामगढ़ जिले के राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) में एक बड़े घोटाले की जानकारी सामने आई है।
इस विभाग में पांच डॉक्टरों ( डॉ राहुल कुमार, डॉ संगीता बारीक, डॉ वीना कुमारी, डॉ टी चक्रवर्ती और डॉ सरिता कुमारी ) के नाम से करोड़ों रुपए का वेतन घोटाला हुआ है। जिन पांच डॉक्टरों का नाम वेतन रजिस्टर में दर्ज किया गया है वे पूरे जिले के किसी भी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत नहीं है। इन सभी चिकित्सकों के वेतन एवं एनआरएचएम में अन्य खर्चे के नाम पर करीब ढाई करोड़ फंड का ट्रांसफर एनआरएचएम विभाग में ही पीयून के पद पर कार्यरत अमजद हुसैन के बैंक खाते में हुआ है। फिलहाल इसे अभियुक्त बनाकर जेल भेज दिया गया है और उपायुक्त के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया है जो आगे की कार्रवाई कर रही है। ये खुलासा होने के बाद जांच शुरू हो गई है और परत दर परत जांच होने पर और भी कई राज सामने आने की बात कही जा रही है। इस मुद्दे पर डीसी ने बताया कि मेरे संज्ञान में यह आया था कि कई तरह के फर्जी भुगतान एनआरएचएम के फंड द्वारा हो रहे है पांच फर्जी डॉक्टर जो रामगढ़ में कहीं पदस्थापित नहीं है उनके नाम से भुगतान होते चला जा रहा था कई बार तो 8 से 10 लाख रुपए का एक महीने में भुगतान हुआ है जबकि यह पांचो रामगढ़ जिले में कहीं भी कार्यरत नहीं है इस घोटाले के मामले में जांच टीम गठित कर दिया गया है और एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है हम उम्मीद करते हैं कि ऐसी गड़बड़ी भविष्य में ना हो इसके लिए इसमें कठोर कार्रवाई की जाएगी।इस विषय पर सदर अस्पताल गए शहर के एक प्रबुद्ध सह भाजपा के प्रदेश कार्यकारी सदस्य प्रोफेसर डॉ संजय सिंह ने बताया कि अस्पताल जाने पर स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों के घोटाले का पता चला ऐसे घोटाले झारखंड सरकार के सभी विभाग में चल रहे हैं। इस विषय पर झारखंड मुक्ति मोर्चा में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि हम लोग इसकी मुख्यमंत्री एवम संबंधित विभाग के मंत्री सहित उच्च स्तरीय जांच करवाएंगे और नियम संगत कार्रवाई करवाने का प्रयास करेंगे जांच होगा और उसमें जो भी दोषी होंगे उन्हें नहीं बख्शा जाएगा।

# हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने पर ही वास्तविक स्वतंत्रता:डॉ. रागिनी

पूर्वी सिंहभूम (ईएमएस)।सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला में मंगलवार को हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। राजभाषा और राष्ट्रभाषा "हिंदी"विषय पर एक घंटे के वेबिनार को नॉन कॉलोजियट वीमेन एजुकेशन बोर्ड दिल्ली विश्वविद्यालय की डॉ. रागिनी प्रिया ने संबोधित किया।उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी के योगदान तथा विभिन्न भाषाओं के उद्भव एवं विकास की यात्रा को बड़े ही रोचक शब्दों में बताया।हिंदी को राजभाषा घोषित किए जाने के बाद देश के विभिन्न राज्यों में उभरे हुए परिपेक्ष्य पर भी डॉ. रागिनी प्रिया ने विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्वतंत्रता तभी प्राप्त हो सकेगी जब हम सब भारतीय राजभाषा हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करने की कोशिश करेंगे।धन्यवाद ज्ञापन सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. डॉ. गुलाब सिंह 'आजाद' ने दिया। डॉ.आजाद ने राष्ट्रभाषा तथा मातृभाषा के सार्थक विकास की दिशा में भारत की नई शिक्षा नीति के कदम की सराहना की तथा छात्र–छात्राओं को हिंदी के उत्थान के प्रयास करने का निवेदन किया।मुख्य वक्ता का स्वागत एवं परिचय डॉ. नित नैना ने कराया।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।
**क्रम सं.:** 1, **कार्य का नाम एवं स्थान :** अधिकारियों के क्वार्टर, स्टाफ क्वार्टर, ओआरएच और उप सीई/कॉन कार्यालय, हजारीबाग, कोडरमा, टोरी और धनबाद में उप सीई/सी कार्यालयों की विद्युत संपत्तियों की मम्मरत/प्रतिस्थापन और रखरखाव और 10 केवीए क्षमता का 01 नंबर साइलेंट टाइप डीजी सेट चलाना। ऑपरेटर के साथ डिप्टी सीई/सी कार्यालय और ओआरएच एचजेडएमई में 24 महीने के लिए और डिप्टी सीईई/कॉन/साउथ/एमएचएक्स के तहत किसी अन्य स्थान पर कार्य के सम्बन्ध में निविदा संख्या : EL/C/S/MHX/ETEN/12/24-25., **क्रम सं. :** 2, **अनुमानित कार्य की लागत:** रू. 1,89,64,465.68/–, **क्रम सं. :** 3, **जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रू. शून्य, **क्रम सं. :** 4, **कार्य पूर्ण करने का समय :** 24 माह, **क्रम सं. :** 5, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 15.10.2024 दोपहर 12.00 बजे तक, **क्रम सं. :** 6, **वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। :** आई.आर.ई.पी.एस वेबसाईट: **www.ireps.gov.in** पर, निविदा डाउनलोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन, महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना–800004 में निविदा पट्ट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ,
पूर्व मध्य रेल, महेंद्रूघाट, पटना

पीआर/01181/कॉन/वि./टी/24–25/44

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।
**क्रम सं.:** 1, **कार्य का नाम एवं स्थान :** बुकरू, फुलबसिया और शिवपुर में आरपीएफ बैरक, तोरी ओर बालूमाथ में स्वास्थ्य इकाई, शेष 81 क्वार्टर (टाइप II, III और IV), टीएक्सआर डिपो में यार्ड और सर्कुलेटिंग एरिया लाइटिंग, जल आपूर्ति व्यवस्था और विद्युत वायरिंग में सुधार सहित इलेक्ट्रिक सामान्य सेवा कार्य शामिल हैं। बालूमाथ और शिवपुर, सभी स्टेशनों पर टूल बॉक्स सह पी.वे स्टोर के साथ गैंग हट, बालूमाथ, बुकरू और शिवपुर में पंप हाउस और बुकरू, फुलबसिया और शिवपुर आदि में कर्मचारियों के आवास के लिए ट्रांजिट और टोरी के बीच विभिन्न स्टेशनों पर अन्य विद्युत (जी) कार्य– तोरी–शिवपुर तीसरी लाइन परियोजना और डिप्टी सीईई/सी/एस/एमएचएक्स के तहत किसी भी अन्य स्थान के निर्माण के संबंध में। निविदा संख्या : EL/C/S/MHX/ETEN/09/24-25., **क्रम सं. :** 2, **अनुमानित कार्य की लागत:** रू. 13,30,10,048.98/–, **क्रम सं. :** 3, **जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रू. शून्य, **क्रम सं. :** 4, **कार्य पूर्ण करने का समय :** 06 माह, **क्रम सं. :** 5, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 15.10.2024 दोपहर 12.00 बजे तक, **क्रम सं. :** 6, **वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। :** आई.आर.ई.पी.एस वेबसाईट: **www.ireps.gov.in** पर, निविदा डाउनलोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन, महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना– 800004 में निविदा पट्ट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ,
पूर्व मध्य रेल, महेंद्रूघाट, पटना

पीआर/01180/कॉन/वि./टी/24–25/48

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो**
**(जिला परिवहन शाखा :- डी०एम०एफ०टी० कोषांग)**

**–:: Very Short Request for Proposal ::–**

बोकारो जिला अन्तर्गत Design, Engineering, Supply, Installation, testing, Commissioning and acceptance of Multiple 2 HP & 5 HP Solar Powered Lift Irrigatin units & Comprehensive Maintenance for Three (3) Years at various blocks of Bokaro on a rate contrant basis से संबंधित Request for Proposal इच्छुक प्रतिष्ठित फार्म/संस्थान से दर आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक संस्थान दिनांक 04.10.2024 के अप0 1.00 बजे तक डी०एम०एफ०टी० कोशांग, बोकारो (समाहरणालय, बोकारो) में Request for Proposal जमा कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत विवरणी बोकारो जिला के वेबसाईट http:/bokaro.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला परिवहन पदाधिकारी
–सह– प्रभारी पदाधिकारी,
डी0एम0एफ0टी0, बोकारो

PR 336819 District (24-25)_D

**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, जामताड़ा।**
**(जिला सामान्य शाखा)**

**जामताड़ा जिलान्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी नियुक्ति–2024**
**दावा/आपत्ति हेतु आवश्यक सूचना**

जामताड़ा जिला अंतर्गत चौकीदार के पद पर सीधी एवं बैकलॉग भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित करते हुए आवेदन प्राप्त किये गये है।

चौकीदार पद पर नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों का स्क्रुटनी के पश्चात् दिनांक–23.09.2024 को अभ्यर्थियों की सूची जिले के वेबसाईट jamtara.nic.in पर प्रकाशित है।

स्क्रुटनी के क्रम में आवेदनों पर आपत्ति दर्ज की गई है जिसे सूची के कॉलम–28 में अंकित किया गया है। उक्त प्रकाशित सूची में यदि किसी आवेदक को दावा/आपत्ति दर्ज करनी हो तो वे दिनांक–24.09.2024 से 26.09.2024 तक (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक) अवकाश के दिनों में भी लिखित रूप से अपना दावा/आपत्ति (वांछित कागजात सहित) समाहरणालय भवन, जामताड़ा के ब्लॉक "ए" के प्रथम तल पर पहुँचकर जिला सामान्य शाखा, जामताड़ा में हाथो–हाथ जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के उपरांत किसी प्रकार का दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त,
जामताड़ा।

PR 336762 Jamtara(24-25)D

**झारखण्ड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो।**

**ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या :- 25/2024-25/RWD/EE/BOKARO दिनांक – 23.09.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/BOKARO/65/2024-25 | बाधाडीह तीरथ गोराई के घर के सामने से छाताटांड भाया रजवार टोला, मॉझी घुटू तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.510 कि0मी0)। | 1,60,69,500.00 | एक करोड़ साठ लाख उनहत्तर हजार पॉच सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/EE/BOKARO/66/2024-25 | बांसगढ़ा जमुनियाटांड, दसवाटांड होते हुए नहर किनारे तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 2.350 कि0मी0)। | 1,87,62,100.00 | एक करोड सत्तासी लाख बासठ हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/EE/BOKARO/67/2024-25 | जीतु महतो स्कूल से चिलकीटांड होते हुए ब्राह्मण द्वारिका नीचे टोला तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.100कि0मी0)। | 1,87,83,200.00 | एक करोड़ सत्तासी लाख तिरासी हजार दो सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/EE/BOKARO/68/2024-25 | जय जगन्नाथ मेन गेट से सिकंदर यादव के घर होते हुए बी0सी0 चटर्जी के घर तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.400 कि0मी0)। | 1,16,36,700.00 | एक करोड़ सोलह लाख छत्तीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/EE/BOKARO/69/2024-25 | एन0एच0–23 से बड़टांड भाया बांधगोड़ा तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.950 कि0मी0)। | 2,98,62,200.00 | दो करोड़ अट्ठानबे लाख बासठ हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/EE/BOKARO/70/2024-25 | पुपुनकी ग्राम पंचायत में मनोहर मिश्रा के घर से ईमली पेड़ भाया अशोक रजक के घर तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.020 कि0मी0)। | 87,62,300.00 | सत्तासी लाख बासठ हजार तीन सौ रू0 मात्र | 06 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 27.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 07.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09.10.2024 अपराह्न 03.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9431060119

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, बोकारो।

PR 336753 Rural Work Department(24-25)D

## संक्षिप्त खबरें

### लोगों को सामाजिक बुराई दूर करने के लिए जागरूक होना होगा:हैदर अंसारी

ओरमांझी(मोहसीनआलम):समाज में दिनों दिन बुराई और एक दूसरे के प्रति नफरत बढ़ती जा रही है,और लोग एक दूसरे की मदद करने से पीछे हटते जा रहे हैं,बुराई के रोकथाम व समाज में आपसी प्रेम भाव बढ़ाने व नफ़रत को मिटाने के लिए समाज के बुद्धिजीवी वर्ग और युवाओं को आगे आना होगा,समाज में लोग आज जाति धर्म उच्च नीच के नाम पर एक दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं,उक्त बातें ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के मायापुर गांव के रहने वाले वरिष्ठ समाजसेवी मो.हैदरअंसारी ने पत्रकारों को प्रेस रिलीज जारी कर बताया,वहीं उन्होंने बताया कि समाज में दहेज का लेन देन,गांजा दारु भांग का खुले आम सेवन करना फैशन बन गया है,समाज में बेटी के बनिस्बत बेटे को ज्यादा तरजीह दिया जाता हैं,आज के समाज में मां-बाप व बड़ो का इज्जत करना लोग भूलते जा रहे हैं,समाज में शादी विवाह को इतना महंगा कर दिया गया है कि मां बाप कर्ज के तले हमेशा दबे रहते हैं,दहेज देने के चलते लोग अपने बच्चियों को माँ के पेट में ही मार कर शर्मनाक घटनाओं को चोरी छुपी अंजाम दे रहे हैं, लोगों का माल हड़पना,और बेईमानी में उतर जाना आम बात बन गई है, लोग जब तक शिक्षा से भाग रहे हैं, जब तक शिक्षा के क्षेत्र में लोग आगे नहीं आएंगे समाज उन्नति व विकास की ओर नहीं बढ़ेगा,समाज में बुराई के सबसे बड़ा कारण मोबाइल बन गया है,सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए विशेष कदम उठाने होंगे, जिसमें युवा वर्ग को आगे आना होगा।इस के अलावा समाज को जागरूक करना बहुत जरूरी है। भले ही चारों ओर बड़े-बड़े बिल्डिंग,लंबे चौड़े सड़क,नाली,अस्पताल,बन रहें हैं उसी रफ्तार से बुराई भी बढ़ रही हैं,बुराईयों को खत्म करने के लिए सिर्फ सरकार को पुलिस प्रशासन के भरोसे नहीं रहना चाहिए बल्कि बुराईयों को दूर करने के लिए युवा वर्ग के साथ-साथ स्वयं सेवी संस्थाओं की भागीदारी भी जरूरी है। समाज में जागरूकता की लहर की शुरूआत ही युवा वर्ग से होनी चाहिए। हाई स्कूलों और कॉलेजों में सामाजिक बुराईयों को दूर करने संबंधी वाद-विवाद एवम् भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्हे शिक्षा प्राप्त करने, दहेज न लेने, दहेज न देने, अपने आस-पास बाल विवाह को रोकने का संकल्प दिलवाना चाहिए। इसी प्रकार के कारगर एवम् सकारात्मक कदम से समाज में फैल रही बुराई खत्म हो सकती है।समाज में नफरत की बादल को हटाना है,और आपसी प्रेम मोहब्बत के साथ रहने की जरूरत है।

### भाजपा नेता अनूप भाई ने कोनहरा एवं झुरझुरी में चलाया जनसंपर्क अभियान

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।भाजपा नेता सह समाजसेवी अनूप भाई ने ग्राम कोनहरा एवं झुरझुरी में जनसंपर्क अभियान चलाया। कोनहरा गांव में सिकंदर मंडल एवं झुरझुरी में तुलसी प्रसाद, राजेश प्रसाद के नेतृत्व में सभा किया गया। इस दौरान अनूप भाई ने कहा कि बरकट्ठा के विकास में अब तक उपेक्षित है और विकास के नाम पर लोगों को ठगा गया है। कहा कि बरकट्ठा का सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है. जिसके कारण यहां के लोग अन्य राज्यों में मजदूरी करने को मजबूर हैं। उन्होंने दुख व्यक्त किया कि कई बार मजदूरों की मृत्यु दूसरे राज्यों या देशों में हो जाती है और उनके परिवार को हफ्तों या महीनों तक उनके शव वापस नहीं मिल पाते हैं। उन्होंने वादा किया कि पार्टी अगर चुनाव में टिकट देती है तो मैं जीतने के बाद पहला लक्ष्य बरकट्ठा से पलायन रोकना होगा। इसके लिए बरकट्ठा में उद्योग स्थापित करवाकर यहां के लोगों को अपने ही क्षेत्र में रोजगार दिलाने का काम करुंगा. उन्होंने कहा की तब "किसी बेटे का शव पैक होकर बरकट्ठा नहीं लौटेगा। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों के बीच फलदार और औषधीय पौधे का वितरित किया। इस अवसर पर शंकर प्रसाद, रामेश्वर पासवान, मणिलाल प्रसाद, रोहित यादव समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### उत्कृष्ठ सेवा कार्य के लिए शिक्षक हुए सम्मानित

रांचीः शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ठ सेवा कार्य के लिए डीएवी शिक्षा दीप विद्यालय के शिक्षक हुए सम्मानित। रांची,डीएवी शिक्षादीप विद्यालय जयप्रकाश नगर के आलोक कुमार प्राचार्य एवं सुनिता मिश्रा,कुमारी मेघा दास,चेतना उपाध्याय,रविता कुमारी,सीमा सिंह,दिव्या साव,पूनम वर्मा,सीमा मिश्रा,शीतल शर्मा,रीता सिंह आदि आदि शिक्षिकाएं पासवा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह मे सम्मानित किए गए।सभी शिक्षकों को यह सम्मान मुख्यअतिथि झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम,वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव,पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे,डीएवी ग्रुप के पूर्व निदेशक एल.आर.सैनी जी के कर कमलों द्वारा रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप मोरहाबादी सभागार मे प्रदान किया गया। विदित हो राज स्तरीय इस शिक्षक सम्मान समारोह में काफी शिक्षकों को सम्मानित किया गया था।छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा एवं विद्यालय के निदेशक शिवनंदन पाठक ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं साथ ही शिक्षक सम्मान समारोह आयोजन कमेटी के प्रति आभार जताई।

### लोकहित अधिकार पार्टी का संगठन विस्तार सूची जारी : साहू

रांचीः प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू जी के निर्देशानुसार प्रधान महासचिव मो अजहर आलम के द्वारा संगठन विस्तार की पांचवीं सूची जारी की गई ! प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि हटिया विधानसभा राँची के निवासी हजारी प्रसाद साहू उर्फ मोदी जी पूर्व दिनों अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए ! इनको प्रदेश सचिव सह हटिया विधानसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी मनोनीत किया गया है ! गढ़वा जिला भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से जयराम पासवान जी पूर्व दिनों आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव पद से त्यागपत्र देकर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए ! इनको पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया ! पलामु जिला पांकी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेसी नेता विश्वनाथ साहू जी पूर्व दिनों अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए ! इनको को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पांकी विधानसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी तथा बरहेट विधानसभा क्षेत्र के निवासी गंगा राम मालतो जी को भी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया गया ! मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी का संगठन विस्तार बहुत तेजी से हो रहा है ! झारखंड के सभी जिला में पार्टी से जुड़ने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है ! इधर सहारा इंडिया समेत अन्य नन बैंकिंग कम्पनियों में डुबा हुआ धनराशि आम जनता को वापस दिलाने के लिए महामहिम राज्यपाल महोदय के समक्ष 30 सितम्बर को महाधरना भी दिया जाएगा !

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को विभिन्न मांगों को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को भाजपा ओबीसी मोर्चा बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर ने विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। मंत्री को सौंपें गये ज्ञापन में प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कपका चौक में बैंक खुलवाने एवं तत्काल एक एटीएम खोलने, कपका बाजार टांड में मास्क लाइट लगाने, ग्राम तुइयो आरईयो रोड़ से तुइयो तलाब होते हुए नईटांड तक पक्की सड़क का निर्माण, ग्राम बुचई के जमीनिया टांड के बरसोती नदी में पुलिया निर्माण, ग्राम खैरा एवं बुचई के बिच डुलकी नदी में पुल का निर्माण, ग्राम खैरा के नवनिर्मित विद्यालय में शिक्षक की व्यस्था कराने, ग्राम बुचई में उत्कार्मित मध्य विद्यालय के प्रगान में चारदीवारी का निर्माण, ग्राम माधोपुर, मधुबन एवं केंदुवा वन में श्मशान सेड का निर्माण करने की मांग शामिल है।

### हाथियों के झुंड ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुचई में हाथियों कि झुंड ने काफी उत्पाद मचाई है। हाथियों की झुंड ने सोमवार 23 सितंबर की रात गांव में प्रवेश कर फसलों को क्षतिग्रस्त करते हुए चारदीवारी को गिरा दिया है। हाथियों की झुंड ने ग्राम बुचई निवासी विकास यादव पिता मुंशी गोप की चारदीवारी गिराकर खेतों में लगी मकई की फसल को नुकसान पहुंचाई है। जबकि वासुदेव यादव, प्रयाग गोप दोनों पिता रूपी महतो, रामेश्वर यादव पिता बुधन महतो तथा सुरेंद्र पासवान पिता मुंशी पासवान के खेत एवं बाड़ी में लगी मकई और रहड़ की फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है।

# महिला टीम के बाद झारखण्ड पुरुष टीम भी बनी पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय चैंपियन

रांचीः महिला टीम के बाद झारखण्ड पुरुष टीम ने पारा थ्रो बाल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में पारा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ़ झारखण्ड के द्वारा हरिवंश टानाभगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव में बीसीसीएल कप पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान को 3-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया जबकि हरियाणा को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा । कांटे के तककर में झारखण्ड ने राजस्थान को 15-13, 15-12, 11-15 एवं 15-10 से मात दिया। विदित हो कि महिला वर्ग में




झारखण्ड महिला टीम ने राजस्थान को 2 -0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया था। विजेताओं को कप के साथ व्यक्तिगत पदक एवं नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्री रमेश सिंह समाजसेवी, निर्मला रावत, निदेशक पारा थ्रो बाल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, फेडरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर अल्बर्ट प्रेम कुमार, सुधा लील्हा, निशा मेहता, मंजीत सिंह, कमल कुमार अग्रवाल ने खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कास्य पदक प्रदान किया। झारखण्ड टीम के कोच मुकेश कंचन ने कहा कि यह झारखण्ड के लिए गर्व का विषय है। राज्य की टीम ने विपरीत परिस्थियों में तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि अगर सहयोग और अवसर मिले तो राज्य के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने मे सक्षम हैं। इस अवसर पर राज्य के कप्तान सनोज महतो ने कहा, कि यह जीत निशक्ततता पर जीत है। संस्था के अध्यक्ष श्री राहुल मेहता ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग के लिए बीसीसीएल, सीसीएल, सीएमपीडीआई, एनटीपीसी, झारखंड सरकार, मुक्ति संस्थान, भूषण डेंटल क्लिनिक, विमेन हेल्पलाइन सोसायटी, डिसेबल स्पोर्ट्स एवं जन उत्थान समिति, दराद, दीपशिखा, यंग इंडिया, एनबीजेके, लीड्स, आशा, खेलगांव स्पोर्ट्स अथॉरिटी आदि को धन्यवाद दिया।

प्रतिगोगिता के आयोजन में सरिता सिन्हा, आम्रपाली, नेहा, पतरस तिर्की, मुन्ना प्रसाद, तथा दीपशिखा के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

# यूनियन बैंककर्मी सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया

रांची : मंगलवार को अंचल/क्षेत्रीय कार्यालय, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रांची और धनबाद पर उच्च बैंक प्रबंधन के मनमानी के खिलाफ पूरे देश में यूनियन बैंक में 70,000 यूनियन बैंककर्मी सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किए। विरोध प्रदर्शन पूरे 134 क्षेत्रीय कार्यालयों पर किया गया साथ ही केन्द्रीय कार्यालय, मुम्बई पर भी आज विरोध प्रदर्शन किया गया। रांची अंचल कार्यालय पर दोनों संगठनों के लगभग 150 और 50 साथियों ने धरना प्रदर्शन में भाग लिए। क्षेत्रीय प्रमुख रांची और धनबाद को 20 मांगों की सूची भी सौंपी गयी। आज के धरना प्रदर्शन करने का विशेष कारण यह रहा कि 17-18 सितम्बर को केन्द्रीय कार्यालय मुम्बई में वार्ता करके प्रबंधन मांग मानने से इन्कार कर दिया। साथ ही 19 सितम्बर को केन्द्रीय श्रमायुक्त (ब्स्ब्) नई दिल्ली द्वारा प्रबंधन को निर्देश देने के बावजूद 23 सितम्बर को प्रबंधन द्वारा किसी भी सही मांग को मानने से इन्कार कर देना है। जिसमें से कुछ मुख्य मांगें इस प्रकार हैंः-




1.बैंक में सभी पदों पर भर्ती शीघ्र करना। 2.बैंक के पूंजी को अनावश्यक रूप में खर्च करने पर रोक लगे। 3.अनुकम्पा के आधार पर नौकरी शीघ्र प्रदान करना।
4.बैंक में आउटसोर्सिंग से कार्य करवाना बंद हो। 5. बैंक में अप्रेन्टिस की भर्ती बंद हो।
6. उप श्रमायुक्त मुम्बई में 12 मार्च 2020 को हुए समझौते के अनुसार सबस्टाफ की भर्ती शीघ्र करना।
7. यूनियन के पदाधिकारियों पर अनावश्यक रूप से कारवाई पर रोक लगाना और अल्पसंख्यक यूनियन को बढ़ावा देना बंद करना।
8. बैंक में समझौते के अनुसार नियमानुसार समय से कार्य करना।
9. केन्द्रीय श्रमायुक्त के निर्देश का पालन हो। 10. बैंक के अधिकारियों का मानसिक प्रताड़ना बंद हो।
प्रदर्शन में झारखण्ड प्रदेश बैंक इम्पलाईज एसोसिएशन (श्रच्ठम्।) के पदाधिकारी और रांची जिले के महामंत्री कॉ0 अमन सिबरीवाल जी भाग लिए और प्रदर्शन को संबोधित किए। महिला कन्वेनर अधिकारी संगठन की कॉ0 अनु कुमारी ने भी सम्बोधित किया। प्रदर्शन में भारी संख्या में महिला साथियों ने भाग लिया। प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी संगठन के पदाधिकारियों एवं साथियों का महामंत्रियों द्वारा आभार प्रकट किया गया और उन्हें धन्यवाद दिया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व अधिकारी वर्ग के महामंत्री कॉ0 ज्योत्स्नेश्वर पांडेय और कर्मचारी वर्ग के महामंत्री कॉ. दिनेश कुमार शर्मा ने किया।

## 27 सितंबर को झारखंड आंगनवाड़ी का फैसला : जे पी पांडेय



रांचीः झारखंड आंगनवाड़ी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश महामंत्री श्री अशोक कुमार नयन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास रांची में 23 सितंबर को आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन संपन्न हुआ,इस प्रदर्शन की सभा मोरहाबादी मैदान रांची में होने के बाद लगभग 15 हजार आंगनवाड़ी सेविका /सहायिका महिलाओं का रेला मुख्यमंत्री आवास की और कूच किया,सभा का संबोधन प्रदेश अध्यक्ष देवांती देवी,माला देवी,सुंदरी तिर्की,रेखा कुमारी,रीना देवी,मीरा देवी,अनिता विरुआ,रखी देवी,वहलोंन कच्छप ,लीना सिन्हा,पुष्पा देवी,सावित्री देवी,सीता तिग्गा,अशोक कुमार नयन,जय प्रकाश पाण्डेय,संजय पासवान,रामचंद्र गोप,लखन लाल मंडल,के डी सिंह,सुशील कुमार पांडेय,महेश सोरेन और गिरिडीह विधायक श्री सुदीव्य कुमार सोनू ने संबोधित किया,उन्हों ने अपने संबोधन में कहा को आंगनवाड़ी सेविकावो को 27 सितंबर तक धैर्य रखना है आप सभी के लिए खुशखबरी 27 सितंबर के कैबिनेट में हल होकर सामने आ जाएगा,सरकार झारखंड के आंगनवाड़ी सेविकवों/सहायिका के साथ है,आप लोगों का जो भी मांग है उन सभी का समाधान कर दिया जाएगा,सरकार ने जो वादा किया है उसे पूरा करेगी। झारखंड सरकार के लालफिता शाही और ढुलमुल नीति के करण अभी तक आंगनवाड़ी कर्मियों को राज्यकर्मी का दर्जा नहीं मिल सका है जब की समझे अधिक जमीनी स्तर से ग्रामीण सरकारी कार्यों को इन महिला आंगनवाड़ी सेविका/ सहायिका पर लाद दिया जाता है जिसे शोषित और पीड़ित इन महिला कर्मियों द्वारा मर मर कर किया जाता है और वेतन के नाम पर उन्हें अनुदान भुगतान भी लगभग 06 माह के बाद ही होता है और उधार राशन लेकर उन्हें बच्चो को खिलाना पड़ता है और उन्हें जलावन के पैसे भी नही मिलते गैस सिलेंडर तो मिले जो एक बार भराने के बाद वह भी उधारी ही गैस भरकर काम चल रहा है।

संयुक्त मोर्चा ने निर्णय लिया है की 27 सितंबर को सेविकाओं के पक्ष में फैसला नहीं हुआ तो बाध्य होकर राज्य के सभी आंगनवाड़ी सेविकाएं अनिश्चितकालीन आंदोलन और केंद्रों को बंद रखने की घोषणा कर देगी,अब गेंद सरकार के पाले में है ।

# झारखंड राज्य अमीन संघ ने सौंपा मांग पत्र

रांची : झारखंड राज्य अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में झारखंड राज्य अमीन प्रदेश आमीन संघ ने राज्य भवन स्थिति जाकिर हुसैन पार्क में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी रांची उचित माध्यम के द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा।

सौंपे गए मांग पत्र में झारखंड राज्य अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर ने दिए गए मांग पत्र में उल्लेख किया है कि प्रदेश के अमीन को आउटसोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से मुक्त करते हुए सरकार द्वारा उचित मानदेय देने, समान काम



के बदले समान वेतन देने, प्रदेश के सभी अमिन को ननटेक्निकल से टेक्निकल श्रेणी में शामिल किया जाए, प्रदेश के सभी अमीन को स्वास्थ्य बीमा, सुरक्षा बीमा का लाभ दिलाने, झारखंड राज्य अमीन नियुक्ति प्रक्रिया में 50 प्रतिशत का आरक्षण दिलाने सहित सरकारी कर्मचारी की तरह सभी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग शामिल है। मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि झारखंड राज्य अमीन संघ की ओर से मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम प्रमंडलीय आयुक्त मेदिनीनगर को आवेदन समर्पित किया गया था। मांग पत्र के आलोक में आयुक्त कार्यालय द्वारा संयुक्त सचिव राजस्व, निबंध एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड रांची को भेज कर उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के संबंध में नियमानुकूल समुचित कार्रवाई करने की अनुसंशा की गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से गढ़वा एवं पलामू दौरान के क्रम में भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने ध्यान आकृष्ट कराते हुए निवेदन किया गया की उक्त मांग पत्र को पूर्व में श्रीमान की सेवा में समर्पित किया जा चुका है । माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए नियमानुकूल कार्रवाई के लिए सचिव भू - राजस्व निबंधन विभाग झारखंड सरकार को भेजी गई है। परंतु अभी तक हम लोगों को मांगों को लंबित रखा गया है। हम सभी झारखंड राज्य अमीन संघ के सभी जिला के अमीन आज हजारों की संख्या में उपस्थित होकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से आज अपने मांगों को लेकर मांग पत्र समर्पित कर रहे हैं।

### कार्यशाला का आयोजन

रांची : मंत्री, सत्यानंद भोक्ता के द्वारा मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सभागार, चतुर्थ तल, उद्योग भवन, रातु रोड, राँची में 01 (एक) दिवसीय सेमिनार / कार्यशाला एवं तीन स्थानों यथा झारखण्ड गर्वनमेंट टूल रूम, गोला, झारखण्ड गर्वनमेंट टूल रूम जरदाहा, दुमका एवं आधार महिला शिल्प स्वावलम्बी सहयोग समिति लिमिटेड, बुण्डू, रॉची में 30 (तीस) दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्धघाटन किया गया। मंत्री द्वारा माटी के उत्पादों का उपयोग करने के लिये प्रेरित किया गया। माटी के घड़े एवं अन्य घरेलू उत्पाद के फायदे बत्ताये। उपस्थित शिल्पकारों को माटी के तरह तरह के चीजों का निर्माण करने एवं उन्हें बाजार में विपणन करने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

## 6 सूत्री मांगो को लेकर झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर

रांची : झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 6 सूत्री मांगो को लेकर राजभवन( जाकिर हुसैन पार्क के पास ) , रांची के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन आज दूसरे दिन भी जारी है, जिसकी अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष श्री कृष्ण दयाल सिंह ने की और इसका संचालन हजारीबाग जिलाध्यक्ष श्री रामदेव प्रसाद यादव और गुमला ज़िला उपाध्यक्ष श्री नारायन भोगता ने संयुक्त रूप से किया । आमरण अनशन में राज्य अध्य्क्ष कृष्ण दयाल सिंह , श्री बालेश्वर महतो, कल से ही आमरण अनशन पर हैं और श्री परमेश्वर पासवान, गिरिडीह ज़िला और प्रीतम कुमार पसवान ,गोड्डा ज़िला से आमरण अनशन पर हैं और साथ में सैकड़ों चौकीदार उपस्थित हैं। श्री सिंह ने कहा कि सेवा विमुक्त चौकीदार, एवजी चौकीदार और अनुकंपा के आधार पर रिक्त बीटों पर झारखंड के सभी जिलों में विज्ञापन प्रकाशित कर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है । श्री सिंह ने झारखंड के माननीय मुख्य मंत्री से मांग की है की इस नियुक्ति प्रक्रिया को तत्काल रोक लगावे। क्योंकि चौकीदारों के रिक्त बीटों पर निकाला गया विज्ञापन के अनुसार नियुक्ति प्रक्रिया पर माननीय झारखंड हाई कोर्ट ने सरायकेला खरसावां और गिरिडीह जिला में रोक लगा दी है । इसलिए सेवा विमुक्त चौकीदार, एवजी चौकीदार और और अनुकंपा के आधार पर रिक्त पदों पर जिन जिन जिलों में विज्ञापन निकाला गया है, उसको तत्काल रद्द किया जाय । श्री सिंह ने कहा कि झारखंड चौकीदार संवर्ग नियमावली_ 2015 की कंडिका 2( 9) के आलोक में 100 से 120 आवासीय



घरों पर बिना नया बीट सृजित किए विज्ञापन निकालना इस नियमली का उलंघन है । श्री सिंह ने झारखंड के मुख्य मंत्री श्री हेमंत सोरेन जी से मांग की है कि सेवा विमुक्त चौकीदारों को सेवा में पुनः योगदान करने और एवजी चौकीदारों को पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार नियुक्ति करने हेतु भारतीय संविधान के अनुच्छेद16( 4) की भावना के आलोक में तत्काल अध्यादेश जारी करे । आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन की मुख्य मांगो में सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान करने हेतु सभी उपायुक्तों कोआदेश देना, सेवा विमुक्त, एवजी और अनुकंपा के आधार पर रिक्त पदों पर निकाला गया विज्ञापन रद्द करना, 01 जनवरी,1990 के पूर्व और बाद में सेवा निवृत चौकीदार दफादारो के के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने का आदेश सभी उपायुक्तो को देना , रामगढ़ जिला में चौकीदारों के रिक्त पदों पर की गई अवैध नियुक्ति तत्काल रद्द करने, सेवा विमुक्त और एवजी चौकीदारों की नियुक्ति करने हेतु अध्यादेश जारी करना, 31 दिसंबर , 1989 को सेवा निवृत चौकीदार दफादरो के आश्रितों की नियुक्ति झारखंड कैबिनेट द्वारा पारित संकल्प के आलोक में करना, अनुकंपा के आधार पर आश्रित में पोता और नाती को जोड़ना और पुलिस की तरह ही चौकीदार दफादारों को भी 13 माह का वेतन देना प्रमुख है ।

अनिश्चितकालीन आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से सर्वश्री ,धीरेन माल , शिबू पहाड़िया, रामदेव यादव , नारायण भोगत , भयाराम तुरी, फूलिया देवी , सोनू महतो , तेजू पासवान, कृष्णा यादव, पप्पू पासवान, गुड्डू पासवान, सबिता देवी, सोहागनी मुर्मू ,कमलेश पासवान, हरिद्वार माझी,सोनू महतो, रघुनाथ राम, देवेंदर पासवान,आदि प्रमुख थे ।

## बरही, पदमा और कटकमसांडी पंहुचा बीजेपी का परिवर्तन यात्रा रथ



हज़ारीबाग।बीजेपी झारखंड द्वारा पूरे झारखंड प्रदेश मे हेमंत सरकार के खिलाफ आयोजित परिवर्तन यात्रा के माध्यम से झारखंड के लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस यात्रा में हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और सुबह से लेकर देर शाम तक इस यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच पहुंचकर हुंकार भर रहे हैं। मंगलवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक मैदान में आयोजित विशाल परिवर्तन यात्रा की जनसभा को संबोधित करने के बाद सांसद मनीष जायसवाल बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के ही पदमा, सरैया और गरवा में परिवर्तन यात्रा रथ से लोगों को संबोधित किया और फिर यहां से हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र स्थित कटकमसांडी प्रखंड कुरहागढ़ा, डाटो, एदला, बाझा, बंझिया मोड़ होते हुए कटकमसांडी बाज़ार में परिवर्तन यात्रा रथ के माध्यम से सांसद मनीष जायसवाल ने लोगों को वर्तमान भ्रष्ट झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार के खिलाफ जनजागरण किया और हुंकार भरते हुए कहा की वर्तमान सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है और इस सरकार के शासन में राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में परिवर्तन होगा और राज्य की परिस्थितियों निश्चित रूप से बदलेंगी ।मौके पर विशेषरूप से यात्रा के संयोजक राकेश प्रसाद, बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा नेता योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, श्रद्धानंद सिंह, किशोरी राणा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पहले बढ़ती उम्र का तंज, फिर फटकार के बाद नीतिश को बताया मानस पिता

#### जदयू नेता और मंत्री अशोक चौधरी का यूटर्न

पटना (ईएमएस)। बिहार की सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड में सब ठीक नहीं है। यह सवाल इसकारण उठ रहा हैं, क्योंकि जदयू नेता और नीतीश सरकार में मंत्री अशोक चौधरी के ट्वीट ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। चौधरी ने पहले बढ़ती उम्र का जिक्र कर इशारों में तंज कसा। फिर सीएम हाउस में तलब होने के बाद उनके तेवर नरम देखने को मिले। चौधरी ने अब नीतीश को मानस पिता बताकर विवाद को खत्म करने की कोशिश की है।दरअसल, अशोक चौधरी के विवादित बयान चर्चा में रहे हैं। 31 अगस्त को उन्होंने भूमिहारों को लेकर विवादास्पद टिप्पणी की थी। चौधरी का कहना था कि मैं भूमिहार जाति को अच्छे से जानता हूं। जब लोकसभा चुनाव हुआ तब इस जाति के लोग नीतीश का साथ छोड़कर भाग गए।वहीं जदयू के एमएलसी नीरज कुमार ने चौधरी के ट्वीट पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार पर कोई सवाल खड़े नहीं कर सकता है। आज जनता दल यूनाइटेड की पहचान नीतीश की वजह से है। मुझे चौधरी के नाराजगी के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### फर्जी आईपीएस के बाद मिथिलेश अब बनना चाहता है डॉक्टर

पटना (ईएमएस)। बिहार में 2 लाख रुपये दे फर्जी आईपीएस अफसर बनने वाले मिथिलेश ने कहा कि अब उसे डॉक्टर बनना है। जब पूछा कि डॉक्टर बनकर क्या करोगे तो मिथिलेश ने कहा कि सबको बचाएंगे। एक इंटरव्यू में मिथिलेश से पूछा गया कि आप 10वीं पास हैं। आईपीएस अधिकारी बन चुके हैं। अब आगे क्या बनने की इच्छा है। इस पर मिथिलेश ने कहा कि अब वो पुलिस वाला नहीं अब डॉक्टर बनेंगे। उसे डॉक्टर बनना है।इंटरव्यू लेने वाले ने कहा कि आप आईपीएस से अब डॉक्टर पर आ गए हैं। डॉक्टर बनकर क्या करेंगे। उसने कहा कि सबको बचाएंगे। बता दें कि 19 साल का मिथलेश बिहार के हलसी थाना क्षेत्र के गोवर्धन बीघा गांव का रहना वाला है। आईपीएस की ड्रेस में घूमने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया था। उसने कहा कि खैरा इलाके के मनोज नाम के एक व्यक्ति ने उसे पुलिस में नौकरी लगाने का ऑफर दिया था। इसके लिए उससे 2 लाख तीस हजार रुपये मांगे थे। इसके लिए मिथलेश ने अपने मामा से 2 लाख रुपये लेकर मनोज को दिए ताकि उसकी नौकरी पुलिस में लग सके। जमुई के डीएसपी ने कहा कि 7 या 7 साल से कम सजा वाले मामले में गिरफ्तारी जरूरी नहीं है। फर्जी आईपीएस वाले मामले में आरोपी मिथलेश को इसी के तहत बॉन्ड भरवा कर जेल न भेजते हुए छोड़ा जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में मां की मौत, बेटा घायल

पटना (ईएमएस)। यहां एक सड़क हादसे में मां की मौत हो गई व बेटा घायल हो गया। यह घटना बिहटा के श्रीरामपुर नया बाजार के पास औरंगाबाद की है। जहां एक हाईवा ट्रक ने स्कूटी सवार मां-बेटे को कुचल दिया। जिसके चलते मौके पर ही मां की मौत हो गई। बेटा गंभीर घायल है। इस घटना के बाद गुस्साये परिजनों ने सड़क जाम कर मुआवजे की मांग की। मृतका की पहचान दानापुर उसरी सिकारपुर गांव निवासी स्व शिव की पत्नी के रूप में हुई है। वहीं घायल बेटे की पहचान भीम के रूप में हुई है। महिला का एक ही बेटा था।दरअसल वह अपने बेटे के साथ स्कूटी से अपने भतीजे के श्राद्ध कर्म से घर लौट रही थीं। बिहटा-औरंगाबाद के बिहटा थानाक्षेत्र के श्रीरामपुर नया बाजार के पास एक तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी सवार मां-बेटे को कुचल दिया। जहां मां की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बेटा बुरी तरह से घायल हो गया। जिसका इलाज बिहटा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। इस मामले पर बिहटा थानाध्यक्ष ने कहा कि नया बाजार के पास सड़क हादसे में एक महिला की मौत हुई है। बेटा घायल है। हाईवा को पुलिस ने अपने कब्जे में लेने के सा ही ड्राइवर को हिरासत में लिया है।

### मेडिकल कॉलेजों में पहले राउंड के एडमिशन रद्द, जारी हुई अधिसूचना

पटना,(ईएमएस)। बिहार राज्य के मेडिकल कॉलेजों में 85 प्रतिशत सीटों के लिए किए गए पहले राउंड के एडमिशन को रद्द कर दिया गया है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद (बीसीईसीईबी) ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। बीसीईसीईबी के मुताबिक, एडमिशन रद्द करने का कारण मेरिट लिस्ट में बदलाव है।जानकारी के अनुसार, उम्मीदवारों के लिए विकल्प बदलने की प्रक्रिया 24 और 25 सितंबर को खुली रहेगी। पहले राउंड के सीट आवंटन का रिजल्ट 27 सितंबर को जारी किया जाएगा और एडमिशन के लिए प्रमाण पत्रों की जांच 28 से 30 सितंबर तक होगी।ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि बिहार सरकार ने तांती जाति को पान स्वासी से हटा कर उन्हें आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईबीसी) कोटे में पुनर्स्थापित करने का आदेश दिया है। ऑनलाइन आवेदन के समय तांती जाति को एससी कोटे में शामिल किया गया था, लेकिन अब उन्हें एससी से ईबीसी कोटे में बदलने का निर्देश दिया गया है।इस बदलाव का प्रभाव यह पड़ा कि यूजीएमएसी-2024 के 21 अगस्त को जारी मेरिट लिस्ट में संशोधन करना पड़ा। बीसीईसीईबी ने कहा कि पूर्व में प्रकाशित मेधासूची में परिवर्तन के कारण पहले चरण की काउंसिलिंग रद्द की गई है, जिसके चलते सभी अभ्यर्थियों का नामांकन भी रद्द हो गया है। इस पूरे मामले ने छात्रों और अभिभावकों के बीच चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि उन्हें अब फिर से आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से गुजरना होगा।

### प्रेमिका के सामने प्रेमी ने की आत्महत्या

पटना (ईएमएस)। यहां प्रेमिका के सामने प्रेमी ने आत्महत्या कर ली है। प्रेमी को नशा करने से प्रेमिका रोकती थी। इस पर विवाद होता था। किसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ। फिरद पंखे से लटकर प्रेमी ने जान दे दी।प्रेमिका ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फिर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एक मेडिकल कॉलेज भेज दिया। यह घटना गांधीनगर की है। मकान मालिक ने कहा कि दोनों भागलपुर के रहने वाले थे। उनने रेंट पर कमरा लिया था। दोनों ने खुद को भाई-बहन बताकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की बात कही थी। प्रेमिका ने कहा कि प्रदुमन के साथ वह 6 महीने से लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। हम लोग एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते थे। कुछ दिनों बाद शादी होने वाली थी। प्रदुमन काफी नशा करता था। इसी बात पर कई बार झगड़ा भी हुआ था। प्रेमिका ने कहा कि फिर भी विवाद हुआ। फिर प्रदुमन कमरे में गया और अंदर से बंद कर लिया। कुछ देर बाद दरवाजा नहीं खोला तो खिड़की से देखा। वो पंखा से लटक रहा था। इस घटना की सूचना पुलिस की दी। थाने के दरोगा ने कहा कि मामला प्रेम-प्रसंग का है। दोनों अलग-अलग जाति के हैं। दोनों के बीच किसी बात पर विवाद हुआ था। इसके बाद युवक ने जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी।

### बाढ़ को रोक पाने या बाढ़ प्रभावितों को उचित सहायता पहुंचा पाने में विफल साबित हो रही बिहार सरकार

भागलपुर, (ईएमएस)। यूँ तो बिहार के लोगों को हर साल बाढ़ का दंश झेलना पड़ता हैं। लेकिन बिहार सरकार बाढ़ को रोक पाने या बाढ़ प्रभावितों को उचित सहायता पहुंचा पाने में हर साल विफल साबित होती रही है। भले ही सरकार राहत तथा सहायत के लिए बड़े बड़े दावे करे मगर हकीकत कुछ अलग ही बयां करती रही है। इस साल भी बिहार के 12 जिलों में बाढ़ का कहर है। खासकर बिहार के भागलपुर जिले के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। ट्रेनों का परिचालन भी बाधित हुआ है। बाढ़ पीड़ितों ने ऊंचे स्थानों पर शरण लिया हैं। शहर के नाथनगर सिटीएस मैदान, हवाई अड्डा, टीएनबी कॉलेजिएट मैदान समेत कई स्थानों पर बाढ़ पीड़ित ठहरे हुए हैं। लेकिन उनके खान-पान, सुरक्षा तथा शौचालय पर सरकारी महकमा कोई ध्यान नहीं दे रहा है। हालांकि जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी और सांसद अजय मंडल ने पीड़ितों को भोजन के साथ मूलभूत सुविधाएँ मुहैया कराने को लेकर राहत शिविरों का जायजा लिया और इस दौरान जिलाधिकारी ने राहत शिविरों में शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिया है। साथ ही उन्होंने शिविर में साफ सफाई की पूर्ण व्यवस्था रखने और मवेशियों के लिए पशु चारा की व्यवस्था करने के लिए जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया है। इसके अलावा उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक नगर को शिविरों की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की व्यवस्था करने और शिविरों की गश्ती करते रहने के लिए भी निर्देश दिया है।

# दिवाली और छठ पर चलेंगी 23 स्पेशल ट्रेनें

#### हवाई जहाज के किराए में 25 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी

#### परिवहन निगम भी चला रहा है स्पेशल बसें





पटना, (ईएमएस)। हर साल दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के त्योहारों के दौरान बिहार आने वाले लोगों के लिए रेलवे और परिवहन निगम खास इंतजाम करती हैं। लेकिन ये इंतजाम अधूरे ही रह जाते हैं क्योंकि लोगों को टिकट नहीं मिल पाता है। आलम यह है कि 25 अक्टूबर से 6 नवंबर तक चलने वाली कई ट्रेनों में सीटें पहले ही फुल हो चुकी हैं और केवल वेटिंग टिकट ही मिल रहा है। बहरहाल इस साल भी रेलवे ने बिहार के लिए 23 स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं, जिनमें से 15 ट्रेनें हैदराबाद/सिकंदराबाद से पटना/दानापुर तक और 8 ट्रेनें दिल्ली से बिहार के बीच चलेंगी। इन ट्रेनों का परिचालन जनवरी 2025 तक होगा। इसके अलावा दिल्ली से पटना के लिए स्पेशल बस सेवा भी शुरू की जा रही है, जिसकी बुकिंग 1 अक्टूबर से शुरू होगी। उधर दिल्ली से पटना आने वाली ट्रेनों में सीटें पहले से ही फुल हो चुकी हैं, खासकर 25 से 28 अक्टूबर के बीच। इस दौरान डिब्रूगढ़ राजधानी, संपूर्ण क्रांति, विक्रमशिला, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस और सीमांचल एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में सीटें नहीं मिल रही हैं। इस समस्या को देखते हुए रेलवे ने दिल्ली-पटना रूट पर अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है। रेलवे ने बिहार के अंदर भी कुछ स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी है। राजेंद्रनगर-गया और राजगीर-तिलैया के बीच स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके अलावा, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा के लिए रांची से पटना और भागलपुर के बीच स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

#### परिवहन निगम भी चला रहा है स्पेशल बसें

दिवाली और छठ पूजा के दौरान बिहार आने वाले यात्रियों के लिए परिवहन निगम भी स्पेशल बसें चला रहा है। ये बसें दिल्ली, लखनऊ, कोलकाता और रांची से पटना के लिए चलेंगी। दिल्ली से पटना की स्लीपर बस का किराया 1995 रुपये है और एडवांस बुकिंग 1 अक्टूबर से शुरू होगी। इन बसों की यात्रा का समय लगभग 19 घंटे होगा। पटना से दिल्ली जाने वाली बसों पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

#### हवाई जहाज के किराए में 25 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी

दिवाली और छठ पूजा के दौरान बिहार आने वाले यात्रियों को जब ट्रेनों तथा बसों में टिकट नहीं मिल पाता है तो उनके पास एक विकल्प हवाई यात्रा का भी रहता है। इसलिए हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए किराए में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के कारण हवाई किराया 25 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक बढ़ गया है और आने वाले दिनों में इसके और बढ़ने की संभावना है।

### पानी की किल्लत से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर के नगर निगम क्षेत्र में पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों ने सोमवार को माड़ीपुर वार्ड-8 स्थित मलहा टोली में जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी ने हिस्सा लिया, जिनके हाथों में खाली बाल्टियां और डिब्बे थे। वे पानी की आपूर्ति न होने के खिलाफ नारे लगाते हुए नगर निगम की नाकामियों पर सवाल उठा रहे थे। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि नगर निगम शहरी इलाकों में पानी की सप्लाई करने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। लोगों को पीने के पानी के लिए टैंकरों का इंतजार करना पड़ता है। लेकिन निगम की सप्लाई कब और कहां हो रही है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। इससे नाराज लोगों ने 'खाली डिब्बा करे पुकार, पानी दो पानी दो' जैसे नारे लगाते हुए नगर निगम के खिलाफ अपना विरोध जताया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि उनकी समस्या का कोई हल नहीं निकल रहा है। हम दूसरी जगहों से आने वाला गंदा पानी पीने के लिए मजबूर हैं।

## मुजफ्फरपुर से आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

#### पटना-नई दिल्ली एवं मुजफ्फरपुर-आनंद विहार क्लोन स्पेशल का परिचालन विस्तार

हाजीपुर, (ईएमएस)। आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये आनंद विहार और मुजफ्फरपुर के मध्य और एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी सं. 04058 आनन्द विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल- यह स्पेशल 24 अक्टूबर से 14 नवंबर तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार एवं सोमवार एवं को आनन्द विहार टर्मिनल से 23.15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 02.35 बजे मुरादाबाद, 03.20 बजे चन्दौसी, 09.25 बजे लखनऊ, 14.35 बजे गोरखपुर, 18.25 बजे छपरा तथा 19.55 बजे हाजीपुर रूकते हुए 21.15 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 04057 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार स्पेशल- यह स्पेशल 25 अक्टूबर से 15 नवंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को मुजफ्फरपुर से 23.00 बजे प्रस्थान कर 23.50 बजे हाजीपुर, दूसरे दिन 01.35 बजे छपरा, 05.05 बजे गोरखपुर, 11.50 बजे लखनऊ, 18.50 बजे चन्दौसी तथा 20.20 बजे मुरादाबाद रूकते हुए 23.30 बजे आनन्द विहार पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 16 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।इसके साथ ही पटना-नई दिल्ली एवं मुजफ्फरपुर-आनंद विहार क्लोन स्पेशल का परिचालन विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 02393 पटना-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसे पटना से 30.10.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को छोड़कर चलाया जायेगा। गाड़ी सं. 02394 नई दिल्ली-पटना क्लोन स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसे नई दिल्ली से 31.10.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को छोड़कर किया जायेगा। गाड़ी सं. 05283 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार क्लोन स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसे अब मुजफ्फरपुर से 21.10.2024 तक प्रतिदिन चलाया जायेगा। गाड़ी सं. 05284 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर क्लोन स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसे आनंद विहार से अब 22.10.2024 तक प्रतिदिन चलाया जायेगा।

## शंकराचार्य सरस्वती ने दिया विवादित बयान कहा, भाजपा करती है बीफ का निर्यात



पटनाः जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पटना पहुंचे और गौ हत्या को रोकने के लिए एक कठोर कानून बनाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर भी जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि गौ रक्षा को लेकर कानून बने, इसको लेकर हम लोगों ने कई राजनीतिक दलों को जिताया लेकिन अब तक किसी ने भी कानून नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि गोहत्या विरोधी कानून अब तक बन जाना चाहिए था, लेकिन नहीं बन पाया। जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गौ रक्षा आंदोलन को लेकर देश भर में भ्रमण कर रहे हैं।

#### भाजपा पर साधा निशाना

जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भाजपा पर जमकर बोले। उन्होंने कहा कि जो सबसे ज्यादा गौ रक्षा की बात करते थे, आज वही बीफ का निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं इस आंदोलन को लेकर देश भ्रमण के लिए निकला तो मुझे लगा कि मेरा सबसे पहले विरोध मुसलमान करेंगे लेकिन हमारा विरोध भारतीय जनता पार्टी ने किया। उन्होंने मुझे नागालैंड नहीं जाने दिया। कहा कि आप नागालैंड नहीं जा सकते। जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में एक केंद्रीय मंत्री थे मुख्तार अब्बास नकवी। उन्होंने कहा कि जिसे गौ मांस खाना है उसे पाकिस्तान चल जाना चाहिए लेकिन वहीं एक दूसरे भाजपा के ही नेता केंद्रीय मंत्री ने मुख्तार अब्बास नकवी के बयानों का विरोध किया। मुख्तार आवास नकवी को केंद्रीय मंत्री से हटा दिया गया लेकिन जिन्होंने मुख्तार अब्बास नकवी के बयानों का विरोध किया था, उसे अभी भी केंद्रीय मंत्री बना कर रखा गया है।

#### असदुद्दीन ओवैसी को देंगे वोट

जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने आमजन से अपील की कि आप किसी भी दल को वोट दें तो उसके शपथ पत्र को जरूर देखें कि वह गौ रक्षा को लेकर कानून बनवाएगा कि नहीं। उन्होंने साफ़ तौर पर कहा कि यदि असदुद्दीन ओवैसी भी हमें शपथ दे कि हम गौ रक्षा को लेकर कानून बनवाएंगे तो हम उसे भी वोट देंगे।

## बेतिया में दो बाइकों की भिड़ंत में किशोर की मौत



बेतिया : बेतिया जिले के मैनाटांड़ प्रखंड में मंगलवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा पिड़ारी और बारवा परसौनी गांव के बीच मुख्य सड़क पर हुआ। इस घटना ने पूरे इलाके को सदमे में डाल दिया है। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा उस समय हुआ जब पिड़ारी गांव निवासी फजिल अंसारी (15) अपने मित्र आशीष कुमार (15) के साथ बारवा परसौनी गांव से वापस लौट रहा था। जैसे ही वे पिड़ारी खेल मैदान के पास पहुंचे, उस दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक जिस पर चार किशोर सवार थे, उनकी बाइक से सीधे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि फजिल अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाकी पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। विपरीत दिशा से आ रही बाइक पर सवार किशोरों की पहचान ध्रुप यादव के बेटे सोनू यादव (16), भोला गद्दी के बेटे नसरुद्दीन गद्दी (16), हीरालाल गद्दी के बेटे नजालम गद्दी (17) और खुर्शेद गद्दी (14) के रूप में की गई है। दोनों बाइकों की तेज गति के कारण टक्कर के बाद सभी युवक सड़क पर गिरकर खून से लथपथ हो गए और दर्द से छटपटाने लगे।बताया जा रहा है कि दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर राहगीरों ने घायलों को देखा और पुलिस को सूचना दी। इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार के नेतृत्व में डायल 112 की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटांड़ पहुंचाया। डॉक्टरों ने वहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए बेतिया के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) रेफर कर दिया। फजिल अंसारी को अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत घोषित कर दिया गया। इस हादसे के बाद फजिल अंसारी के परिवार में कोहराम मच गया है। फजिल अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और उसकी तीन बहनें हैं। फजिल की मां हसीना खातून और बहनें गुलनार, शाइस्ता, और गुड़िया इस दुखद घटना के बाद से गहरे सदमे में हैं। परिवार के लोग लगातार रो रहे हैं। मृतक के पिता, जो विदेश में रहकर मजदूरी करते हैं, घटना की सूचना पाकर घर लौटने की तैयारी कर रहे हैं।थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया गया है। घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब दोनों बाइकों के चालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। इलाके के लोग इस तरह की दुर्घटनाओं के लिए प्रशासन और सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ने वाली बाइकों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि किशोर बिना हेलमेट के बाइकों पर सवार होते हैं और तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे इस तरह के हादसे लगातार हो रहे हैं।

### सांसद के बेटे की सड़क हादसे में मौत केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने जताया शोक

मुजफ्फरपुर, (ईएमएस)। बिहार से वैशाली की सांसद वीणा देवी और एमएलसी दिनेश सिंह के बड़े बेटे छोटू सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना के बाद से सांसद आवास पर शोक छाया हुआ है। ये हादसा तब हुआ जब छोटू सिंह मुजफ्फरपुर में बाइक से कर्जा स्थित दिनेश्वर पेट्रोल पंप के पास से जा रहे थे। तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद सांसद वीणा देवी के आवास पर सैकड़ों की संख्या में उनके शुभचिंतक का तांता लगा है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने जताया शोक केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने परिवार को इस मुश्किल घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। अपने एक्स अकाउंट पर चिराग ने लिखा, वैशाली लोकसभा क्षेत्र से सांसद वीणा देवी जी के सुपुत्र के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। शोकाकुल परिजनों के प्रति मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। साथ ही, ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में उच्च स्थान दें और दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करें।

### नहाय-खाय से शुरू हुआ जितिया व्रत

दरभंगा, (ईएमएस)। मंगलवार 24 सितंबर से जितिया व्रत की शुरुआत हुई। यह व्रत मुख्य रूप से माताएं अपने बच्चों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए करती हैं। माना जाता है कि इस व्रत को करने से कभी संतान का वियोग नहीं होता है। इस व्रत के साथ जुड़ी परंपराओं में नहाय-खाय की विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं पवित्र नदी में स्नान करती हैं और घर में तेल और खीर का भोग लगाती हैं। इसके अलावा, पितरों को भोजन अर्पण करने और ओठगन की परंपरा भी सदियों से चली आ रही है। मिथिला क्षेत्रीय पंचांग के अनुसार जितिया व्रत का शुभ मुहूर्त और तिथि अष्टमी तिथि 24 सितंबर को दोपहर 12।38 बजे से शुरू होगी और 25 सितंबर को दोपहर 12।10 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार जितिया व्रत इस साल 25 सितंबर, बुधवार को मनाया जाएगा। इस दिन व्रत का पारण यानी व्रत खोलने का सही समय शुभ मुहूर्त के आधार पर होता है। साथ ही सप्तमी तिथि 23 सितंबर सोमवार को रात 7।31 बजे के बाद शुरू हुई है। यह नहाय-खाय की परंपरा जगह और व्यवहार पर निर्भर करती है। जितिया व्रत का आध्यात्मिक महत्व अष्टमी तिथि को किया जाने वाला यह व्रत धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है।

### बनारस से कोलकाता जा रहे विमान में यात्री को दो बार हार्ट अटैक

पटना : अगर आप प्लेन का सफर करते हैं तो यह खबर आपके लिए है। आप अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखें, वरना दिल संबंधित परेशानी कभी भी और कहीं भी हो सकती है। जी हां, आज कुछ ऐसा ही हुआ। एक स्वस्थ्य व्यक्ति को अचानक हर्ट अटैक हुआ। यह अटैक एक बार नहीं, बल्कि कुछ ही देर के बाद फिर दूसरी बार भी हुआ। उन्हें बचाने की बहुत कोशिश की गई, लेकिन अंततः उन्हें बचाया नहीं जा सका और उनकी मौत हो गई। संदीप खेमका (60) कोलकाता के रहने वाले थे। उन्हें वाराणसी से कोलकाता स्थित मणिपाल अस्पताल जाना था। पूर्व से निर्धारित 10 बजे दिन में उनका प्लेन वाराणसी से टेक ऑफ हुआ। लगभग 20 मिनट के बाद अचानक उन्हें हर्ट अटैक हुआ। प्लेन के अंदर मौजूद डॉक्टर ने उनका त्वरित इलाज करना शुरू किया। इसा दौरान उन्हें इंजेक्शन भी दिया गया लेकिन उनकी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा था।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत मंगलवार को चलाया गया स्वच्छता जागरूकता अभियान



हाजीपुर, (ईएमएस)। पूर्व मध्य रेल द्वारा दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा-2024 का आयोजन किया किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार दिनांक 24 सितंबर को पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में स्काउट एवं गाईड, एनजीओ, विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं रेल अधिकारी एवं कर्मचारी के द्वारा घर-घर जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं स्वच्छता से होने वाले लाभ से अवगत कराया गया जिनका विवरण निम्नवत् है-दानापुर मंडल- दानापुर मंडल के दानापुर, बक्सर, झाझा, मोकामा, बख्तियारपुर, आरा, पटना साहिब, जहानाबाद, नवादा, बिहार शरीफ, किऊल एवं पटना कॉलोनी में रेलवे कर्मचारियों एवं एनजीओ के सहयोग से रेलवे कॉलोनियों में डोर टू डोर जाकर कचरा इकट्ठा किया गया और उनके बीच से गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग जमा कर कचरे का उचित निष्पादन करने के साथ-साथ स्वच्छता हेतु जागरूक किया गया।धनबाद मंडल- धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रेलवे परिसरों के कर्मचारियों द्वारा आसपास के आवासीय क्षेत्रों में घर-घर जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य रूप से आवासीय क्षेत्रों के निवासियों को कचरों का समुचित निष्पादन करने और अपने घर के आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाये रखने के लिए निवेदन किया गया, साथ ही साथ उन्हें कचरा निष्पादन के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया गया। इस अभियान के अंतर्गत रेल परिसरों, स्थानीय लोगों को 3आर (रिड्यूस, रियूज एंड रिसायकल) पहल की भी जानकारी दी गयी।पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल- डीडीयू मंडल में पंप्लेट आदि की मदद से घर-घर जागरूकता अभियान चलाया गया। रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों, कॉलोनियों आदि में सफाई अभियान स्थानीय लोगों एवं यात्रियों की मदद से पूरे उत्साह के साथ किया गया।समस्तीपुर मंडल- समस्तीपुर मंडल के विभिन्न कॉलोनियों में स्वच्छता जागरूकता रैली और डोर टू डोर कैंपेन आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता बनाए रखने के तौर-तरीकों और 3R के विषय पर जोर देते हुए वेस्ट को कम करने के प्रति जागरूकता फैलाई गई।सोनपुर मंडल- बरौनी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छता संदेश देने के उद्देश्य से बॉयो टॉयलेट से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी गई है। साथ ही सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया, मानसी एवं नवगछिया रेलवे स्टेशनों पर सफाई मित्रों की सहायता से सभी प्लेटफार्मों की साफ-सफाई के साथ-साथ शौचालय की सफाई करायी गयी। बरौनी स्टेशन, बरौनी एवं गढ़हरा कॉलोनी में कार्यरत सफाईकर्मी के स्वास्थ्य जाँच हेतु शिविर का आयोजन किया गया। सोनपुर स्थित केन्द्रीय विद्यालय में बच्चों के बीच क्वीज, पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता का भी मंगलवार को आयोजन किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## सुप्रीम कोर्ट ने मान सरकार को फटकार, ये धोखाधड़ी बंद करे

नई दिल्ली (ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब की मान सरकार की उस अपील को खारिज किया है। जिसमें राज्य में स्नातक मेडिकल और डेंटल कोर्स में दाखिले के लिए एनआरआई कोटा की परिभाषा का विस्तार करने के उसके फैसले को रद्द करने के हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील की गई थी। एनआरआई कोटे के दायरे में वृद्धि के मामले में सुनवाई कर सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ पंजाब सरकार की अपील खारिज कर कहा कि यह धोखाधड़ी बंद होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एनआरआई के दूर के रिश्तेदारों को चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए कोटा का लाभ नहीं दिया जा सकता। 10 सितंबर को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने मान सरकार के 20 अगस्त के कदम को खारिज कर दिया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश में इस समूह के लिए 15 प्रतिशत कोटा के तहत प्रवेश के लिए एनआरआई कोटे के दायरे को बढ़ाकर एनआरआई के दूर के रिश्तेदारों जैसे चाचा, चाची, दादा-दादी और चचेरे भाई को शामिल किया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह कुछ और नहीं बल्कि पैसा कमाने की मशीन है।

## स्टालिन का इशारा, जल्द होगा कैबिनेट में फेरबदल

चेन्नई (ईएमएस)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति और संभावित कैबिनेट फेरबदल की अटकलों को लेकर बड़ा संकेत दिया है। सीएम स्टालिन ने कहा कि कोई निराशा नहीं होगी, बदलाव होगा। स्टालिन की यह टिप्पणी उनके कोलाथुर विधानसभा क्षेत्र में कई विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन और निरीक्षण करते समय आई। सीएम स्टालिन ने अमेरिका की अपनी हालिया यात्रा के दौरान सुरक्षित निवेश पर उद्योग मंत्री टीआरबी राजा द्वारा प्रदान की गई रिपोर्ट पर टिप्पणी की। सीएम स्टालिन ने उनके गृह निर्वाचन क्षेत्र कोलाथुर की यात्रा ने स्थानीय विकास पर उनके ध्यान को रेखांकित किया, स्टालिन ने टिप्पणी की, मैं सही समय पर यहां आऊंगा। उन्होंने जोर दिया कि उनकी सरकार मानसून की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। इससे पहले, युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने उपमुख्यमंत्री के रूप में उनके संभावित उत्थान की अफवाहों को खारिज कर उन्हें निराधार बताया। उन्होंने मीडिया से कहा था कि वे सीएम से पूछें क्योंकि फैसला उनके हाथ में है।

## कांग्रेस ने एसआईआईएल मामले में एसबीआई की भूमिका पर सवाल उठाया

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस ने सुप्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया लिमिटेड (एसआईआईएल) नामक कंपनी में बकाया ऋण को इक्विटी में बदलने के भारतीय स्टेट बैंक के कथित फैसले पर कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक को मामले में कदम उठाकर निर्णय की प्रक्रिया की जांच करना चाहिए है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने खबर का हवाला देकर टिप्पणी की। उन्होंने पोस्ट किया, एक असाधारण कदम उठाते हुए, एसबीआई ने दिवालिया घोषित होने वाली कंपनी सुप्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया लिमिटेड (एसआईआईएल) में अपने बकाया ऋण को इक्विटी में बदलने का फैसला किया है। स्टेट बैंक सहित अन्य ऋणदाताओं ने ऋण पर 93.45 प्रतिशत का हेयरकट लिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह व्यवस्था भारत के कॉर्पोरेट ऋण परिदृश्य में एक खतरनाक मिसाल कायम करने वाली है। कांग्रेस नेता ने दावा किया, यह कदम चूक (डिफॉल्ट) करने वाली अन्य कंपनियों को इसतरह के सौदे की तलाश के लिए प्रोत्साहित करेगा, जहां कंपनियां चूक के बाद भी नियंत्रण और वैल्यू बनाए रख सकते हैं। रमेश ने कहा कि यह भारत के दिवालियापन समाधान ढांचे की प्रभावशीलता और संकटग्रस्त संपत्तियों के प्रबंधन में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की भूमिका पर सवाल उठाता है।

## वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारतीय जीडीपी विकास दर अनुमान को 6.8 प्रतिशत रखा

### आरबीआई कर सकता ब्याज दरों में कटौती

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय जीडीपी विकास दर अनुमान को 6.8 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। साथ ही कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अक्टूबर में ब्याज दरों में कटौती हो सकती है। रेटिंग एजेंसी की ओर से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी है। भारत की मजबूत विकास दर महंगाई में प्रबंधन में आरबीआई की मदद करेगी। रिपोर्ट में बताया गया कि जुलाई के बजट में भारत सरकार की ओर से स्पष्ट हुआ हैं कि वह वित्तीय समेकन के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी खर्च जारी रखा जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पूंजीगत खर्च के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये का फंड आवंटित हुआ। वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य घटाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि महंगाई आरबीआई के टारगेट 4 प्रतिशत के नीचे आ गई है। इसके बाद आरबीआई द्वारा अक्टूबर में होने वाली एमपीसी की बैठक में ब्याज दरों को कम किया जा सकता है। हमें उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में दो बार ब्याज दरों में कटौती हो सकती है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी की ओर से 2024 के लिए चीन की विकास दर को 4.8 प्रतिशत से घटाकर 4.6 प्रतिशत कर दिया गया है।

## वोट के लिए आरक्षण की मांग राहुल गांधी विदेश जाकर खत्म करने की बात करते : मायावती

लखनऊ (ईएमएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो और पूर्व सीएम मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला है। मायावती ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी की एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण नीति स्पष्ट नहीं है, बल्कि यह छल-कपट से भरी है। मायावती ने पोस्ट में कहा, कांग्रेस और राहुल गांधी की एससी/एसटी/ओबीसी आरक्षण नीति स्पष्ट नहीं है, बल्कि छल-कपट की है। अपने देश में वोट के लिए ये आरक्षण का समर्थन करते हैं, वहीं विदेश में जाकर आरक्षण को खत्म करने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस सरकार ने ओबीसी आरक्षण संबंधी मंडल कमीशन रिपोर्ट लागू नहीं की थी। इसके अलावा, बीएसपी के संघर्ष से एससी/एसटी के पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए संसद में लाए गए संविधान संशोधन बिल को कांग्रेस ने पास नहीं होने दिया, जो अब तक लंबित है। मायावती ने कहा कि कांग्रेस ने इस मामले में सही तरीके से कोर्ट में पैरवी भी नहीं की। मायावती ने जातीय जनगणना पर सवाल उठाकर कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तब उन्होंने जनगणना नहीं होने दी और अब सत्ता से बाहर होने पर आवाज उठा रहे हैं, यह सब ढोंग नहीं और क्या है?

## पिता की प्रेयर मीट भावुक दिखीं मलाइका

मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल मेहता के निधन से उनके परिवार और करीबी लोग सदमे में हैं। 11 सितंबर की सुबह अनिल मेहता ने अपने घर की सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। निधन के 11 दिन बाद, परिवार ने मेहता की आत्मा की शांति के लिए एक गुरुद्वारे में प्रेयर मीट आयोजित की, जिसमें इंडस्ट्री से कई मशहूर हस्तियां शामिल हुईं।

प्रेयर मीट में मलाइका अरोड़ा बेहद भावुक दिखाई दी। उनके चेहरे पर अपने पिता को खोने का गम साफ दिख रहा था। हालांकि, वह हिम्मत के साथ सभी से मिलती-जुलती दिखीं। उनके बेटे अरहान भी इस मुश्किल वक्त में अपनी मां के साथ मौजूद थे और हर पल उनका साथ दे रहे थे।

इस प्रार्थना सभा में मलाइका के करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। अभिनेत्री करीना कपूर और अर्जुन कपूर भी मौके पर पहुंचे और मलाइका को सांत्वना दी। करीना और अर्जुन द्वारा इस कठिन घड़ी में मलाइका के साथ खड़े रहने की जमकर तारीफ हो रही है। इसके अलावा, ऋतिक रोशन की पूर्व पत्नी सुजैन खान भी प्रेयर मीट में शामिल हुईं।

# सभी ढाबों और रेस्टोरेंट में संचालक, प्रोपराइटर मैनेजर का नाम और पता डिस्प्ले हो

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फरमान



लखनऊ (ईएमएस)। देश के सबसे बड़े सूबे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट/गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी होटलों/ढाबों/रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए।

हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट/अखाद्य/गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं।

इसके लिए प्रदेश के सभी ढाबों/रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन कराए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही शीघ्रता से सम्पन्न करें। इसके साथ ही खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले होना चाहिए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए। ढाबे/होटलों/रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित करें कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पर पुलिस/स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। वहीं खान पान के केंद्रों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क/ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

# मुजफ्फरपुर से आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

### पटना-नई दिल्ली एवं मुजफ्फरपुर-आनंद विहार क्लोन स्पेशल का परिचालन विस्तार

हाजीपुर, (ईएमएस)। आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये आनंद विहार और मुजफ्फरपुर के मध्य और एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार विवरण निम्नानुसार है-

गाड़ी सं. 04058 आनन्द विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल- यह स्पेशल 24 अक्टूबर से 14 नवंबर तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार एवं सोमवार एवं को आनन्द विहार टर्मिनल से 23.15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 02.35 बजे मुरादाबाद, 03.20 बजे चन्दौसी, 09.25 बजे लखनऊ, 14.35 बजे गोरखपुर, 18.25 बजे छपरा तथा 19.55 बजे हाजीपुर रूकते हुए 21.15 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 04057 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार स्पेशल-यह स्पेशल 25 अक्टूबर से 15 नवंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को मुजफ्फरपुर से 23.00 बजे प्रस्थान कर 23.50 बजे हाजीपुर, दूसरे दिन 01.35 बजे छपरा, 05.05 बजे गोरखपुर, 11.50 बजे लखनऊ, 18.50 बजे चन्दौसी तथा 20.20 बजे मुरादाबाद रूकते हुए 23.30 बजे आनन्द विहार पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 16 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। इसके साथ ही पटना-नई दिल्ली एवं मुजफ्फरपुर-आनंद विहार क्लोन स्पेशल का परिचालन विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1) गाड़ी सं. 02393 पटना-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसे पटना से 30.10.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को छोड़कर चलाया जायेगा।

2) गाड़ी सं. 02394 नई दिल्ली-पटना क्लोन स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसे नई दिल्ली से 31.10.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को छोड़कर किया जायेगा।

3) गाड़ी सं. 05283 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार क्लोन स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसे अब मुजफ्फरपुर से 21.10.2024 तक प्रतिदिन चलाया जायेगा।

4) गाड़ी सं. 05284 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर क्लोन स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसे आनंद विहार से अब 22.10.2024 तक प्रतिदिन चलाया जायेगा।

## उत्तराखंड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में लगेगा सेंसर

देहरादून (ईएमएस)। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में उपचार के बाद अब उनकी निरंतर निगरानी होगी। इसके लिए उपचारित क्षेत्र में सेंसर लगाए जाएंगे, जिससे वहां भूमि में होने वाली हलचल की जानकारी पहले से मिलेगी। नैनीताल की नैना पीक से यह शुरुआत हो रही है। इसके लिए उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र ने तैयारी शुरु कर दी है। हर वर्षाकाल में अतिवृष्टि के चलते भूस्खलन से बड़े पैमाने पर जान-माल की क्षति होती है। यद्यपि, संवेदनशील भूस्खलन क्षेत्रों का उपचार भी हो रहा है, लेकिन कुछ समय ठीक रहने के बाद ये फिर सक्रिय होते हैं। यह देखकर सरकार अब भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के उपचार के बाद उनकी निरंतरता में निगरानी पर विशेष जोर दे रही है। इसमें आधुनिक तकनीकी का समावेश होगा। उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार ने बताया कि जहां भी भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में दीर्घकालिक उपचारात्मक कार्य होगा, उन पर बराबर नजर रखी जाएगी। जो भी एजेंसी चाहे वह लोनिवि हो, सिंचाई विभाग या फिर अन्य विभाग, उनके लिए भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में उपचार के बाद सेंसर लगाना अनिवार्य किया जा रहा है। डॉ.सरकार ने बताया कि नैना पीक के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में उपचारात्मक कार्य पूर्ण होने पर वहां से सेंसर लगाने की शुरुआत की जाएगी। इसके बाद अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह के सेंसर लगाए जाएंगे। राज्य में इसी वर्ष 500 से अधिक स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुई। इसमें कुछेक पुराने क्षेत्र भी हैं, जहां पहले भूस्खलन हो चुका है। फिर चाहे वह सोनप्रयाग से लेकर गौरीकुंड तक का क्षेत्र हो या फिर पातालगंगा अथवा अन्य क्षेत्र, इन सबने भी चुनौती बढ़ा दी है।

# भारत में विमानन सुरक्षा में सुधार की आवश्यकता : नायडू

नई दिल्ली । विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू ने नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा किए गए ऑडिट के परिणामों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान सुरक्षा जोखिमों में मानवीय कारक भी महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित विमानन दुर्घटनाओं में मानवीय कारकों पर पहली राष्ट्रीय सुरक्षा संगोष्ठी में सोमवार को बोलते हुए नायडू ने कहा कि हवाई दुर्घटनाओं में मानवीय भूलों से संबंधित घटनाओं में 10 फीसदी की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर 80% विमानन दुर्घटनाएं मानवीय भूलों के कारण होती हैं, हालाँकि, दुर्घटनाओं की कुल संख्या में कमी आई है। मंत्री ने उल्लेख किया कि विमान दुर्घटना ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा जांच की गई 91 दुर्घटनाओं में से कई का कारण मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन न करना रहा है। नायडू ने सभी हितधारकों से अपील की है कि वे अपने कार्यबल के कौशल, पुनः कौशल और अपस्किलिंग पर ध्यान दें। उन्होंने कहा, सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर बनी रहनी चाहिए, और एक अच्छी तरह से तैयार कार्यबल उस प्रतिबद्धता की रीढ़ है जिसे हम सुनिश्चित करना चाहते हैं। मंत्री ने विमानन पेशेवरों, विशेषकर पायलटों और हवाई यातायात नियंत्रकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उन्नत मनोवैज्ञानिक अनुसंधान को शामिल करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने सुझाव दिया कि पायलटों के व्यवहार और प्रदर्शन को अनुकूलित करने के लिए मनोवैज्ञानिक अनुसंधान के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जाए। नायडू ने उद्योग जगत को मजबूत तनाव प्रबंधन कार्यक्रम विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ ऑपरेटरों की जिम्मेदारी नहीं है।

# शाह के बयान से बांग्लादेश को लगी मिर्ची, देने लगा ज्ञान

नई दिल्ली (ईएमएस)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले लगातार जारी हैं। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी नई अंतरिम सरकार इन हमलों को रोकने में नाकाम दिख रही है। मगर, यूनुस सरकार भारत को घुड़की देने से पीछे नहीं हट रही। दरअसल बोकारो में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि यहां (झारखंड) घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। हमारी सरकार बनने दीजिए, सभी घुसपैठियों को वापस खद्रेडा जाएगा। इस बयान पर बांग्लादेश भड़क उठा है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उप उच्चायुक्त को एक विरोध पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया कि भारतीय नेताओं को बांग्लादेशियों के बारे में आपत्तिजनक और अस्वीकार्य टिप्पणी करने से बचना चाहिए। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उप उच्चायुक्त को पत्र सौंपा था। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय ने कहा कि पड़ोसी देश के नागरिकों के खिलाफ जिम्मेदार पदों से आने वाली ऐसी टिप्पणियां दो मित्र देशों के बीच आपसी सम्मान और समझ की भावना को कमजोर करती हैं। वहीं, भारत की ओर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। केंद्रीय मंत्री शाह चुनाव प्रचार के लिए झारखंड दौरे पर थे। उन्होंने वोट बैंक की राजनीति के लिए झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा था, राज्य में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। वे हमारी बेटियों से शादी कर रहे हैं, जमीन हड़प रहे हैं और समृद्ध आदिवासी संस्कृति और विरासत को नष्ट कर रहे हैं... हम उनमें से हर एक को बाहर निकाल देने वाले हैं यहां कमल खिलने दें।

केंद्रीय मंत्री शाह ने दावा किया कि घुसपैठ के कारण संथाल परगना संभाग में आदिवासी जनसंख्या 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत हो गई है।

# शाह के बयान से बांग्लादेश को लगी मिर्ची, देने लगा ज्ञान

नई दिल्ली (ईएमएस)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले लगातार जारी हैं। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी नई अंतरिम सरकार इन हमलों को रोकने में नाकाम दिख रही है। मगर, यूनुस सरकार भारत को घुड़की देने से पीछे नहीं हट रही।

दरअसल बोकारो में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि यहां (झारखंड) घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। हमारी सरकार बनने दीजिए, सभी घुसपैठियों को वापस खद्रेडा जाएगा। इस बयान पर बांग्लादेश भड़क उठा है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उप उच्चायुक्त को एक विरोध पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया कि भारतीय नेताओं को बांग्लादेशियों के बारे में आपत्तिजनक और अस्वीकार्य टिप्पणी करने से बचना चाहिए।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उप उच्चायुक्त को पत्र सौंपा था। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय ने कहा कि पड़ोसी देश के नागरिकों के



खिलाफ जिम्मेदार पदों से आने वाली ऐसी टिप्पणियां दो मित्र देशों के बीच आपसी सम्मान और समझ की भावना को कमजोर करती हैं। वहीं, भारत की ओर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। केंद्रीय मंत्री शाह चुनाव प्रचार के लिए झारखंड दौरे पर थे। उन्होंने वोट बैंक की राजनीति के लिए झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा था, राज्य में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। वे हमारी बेटियों से शादी कर रहे हैं, जमीन हड़प रहे हैं और समृद्ध आदिवासी संस्कृति और विरासत को नष्ट कर रहे हैं... हम उनमें से हर एक को बाहर निकाल देने वाले हैं ... यहां कमल खिलने दें। केंद्रीय मंत्री शाह ने दावा किया कि घुसपैठ के कारण संथाल परगना संभाग में आदिवासी जनसंख्या 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत हो गई है।

## 8 साल में अवैध शराब पीने से 150 से अधिक लोगों की मौत

पटना (ईएमएस)। बिहार में अप्रैल 2016 में शराब बंद होने के बाद से राज्य में अवैध शराब पीने से 150 से अधिक लोगों की मौत हो हुई है। बिहार के मद्य निषेध एवं उत्पाद शुल्क विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि हालांकि, पिछले आठ वर्षों में राज्य के विभिन्न हिस्सों से संदिग्ध जहरीली शराब से होने वाली मौतों की संख्या 266 है। दरअसल अप्रैल 2016 में नीतीश सरकार ने बिहार में शराब की बिक्री और खपत पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था।

### 156 मौतों की पुष्टि

विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि राज्य में 2016 के बाद से विभिन्न जिलों में जहरीली शराब पीने से कुल 156 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। पिछले आठ वर्षों में राज्य में जहरीली शराब पीने से रिपोर्ट की गईं संदिग्ध मौतों की संख्या 266 है, जिसमें से 156 की पुष्टि की गई है।

### अगस्त 2024 तक कुल 12.7 लाख लोग गिरफ्तार



उन्होंने कहा कि जिन जिलों में जहरीली शराब से सबसे अधिक मौतें हुई हैं, उसमें सारण, गया, भोजपुर, बक्सर और गोपालगंज शामिल हैं। अगस्त 2024 तक विभाग द्वारा निषेध कानूनों के उल्लंघन से संबंधित कुल 8.43 लाख मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें राज्य के बाहर के 234 सहित कुल 12.7 लाख लोगों को अब तक गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा, संबंधित अधिकारियों ने अब तक 3.46 करोड़ बल्क लीटर शराब जब्त की है, जिसमें देशी शराब भी शामिल है। अगस्त 2024 तक, विभाग ने जब्त शराब का 98 प्रतिशत, लगभग 3.38 करोड़ बल्क लीटर, नष्ट कर दिया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### वाहन चेकिंग के दौरान टक्कर से मोटरसाइकिल सवार व सिपाही घायल

दुमका : दुमका रामपुरहाट मुख्य पथ शिकारीपाड़ा के कॉलेज मोड़ के समीप मंगलवार की सुबह शिकारीपाड़ा थाना के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया था जिसमें मुख्य रूप से हेलमेट, सीट बेल्ट, वाहन के कागजात की जांच की जा रही थी वाहन जांच के दौरान नकुल राय, राजेंद्र राय मोटरसाइकिल पर मछली लाद कर जा रहे थे हवलदार बबलू मुर्मू ने उन्हें रुकने के लिए कहा अनियंत्रित होकर राजेंद्र राय, नकुल राय की मोटरसाइकिल हवलदार बबलू मुर्मू को टक्कर मारते हुए गिर गए मौके पर नकुल राय गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें शिकारी पड़ा थाना के द्वारा शिकारीपाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उनकी प्राथमिक उपचार की गई गंभीर अवस्था को देखते हुए फूलों जानो मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया वही टक्कर से हवलदार बबलू मुर्मू भी घायल हो गए हैं मामले पर शिकारी पड़ा पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### रामगढ़ और शिकारीपाड़ा में कल परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे बाबूलाल मरांडी

दुमका : झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार के विरुद्ध भाजपा की परिवर्तन यात्रा पूरे जोश और समर्थन के साथ आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में कल, 25 सितंबर को, जामा और शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्रों में परिवर्तन यात्रा के अंतर्गत जनसभाओं और रोड शो का आयोजन किया जाएगा।भाजपा मिडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने बताया कि 25 सितंबर को हेलीकॉप्टर से प्रातः 10:45 बजे रामगढ़ प्रखंड ईटबंधा मैदान (जामा विधानसभा) और दोपहर 1:00 बजे शिकारीपाड़ा प्रखंड कॉलेज मैदान(शिकारीपाड़ा विधानसभा) में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी परिवर्तन सभाओं को संबोधित करेंगे। परिवर्तन सभाओं के माध्यम से हेमंत सोरेन सरकार की भ्रष्ट नीतियों, प्रशासनिक विफलताओं और जनता से किए गए वादों को लेकर भाजपा जनता को जागरूक करेगी। रामगढ़ जनसभा के पश्चात परिवर्तन यात्रा भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा काठीकुंड और रानेश्वर प्रखंड में रोड शो का आयोजन किया जाएगा। इस रोड शो में भी अमित मंडल और अन्य प्रमुख स्थानीय नेता उपस्थित रहेंगे। यह रोड शो जनता और भाजपा के बीच सीधा संवाद स्थापित करने और पार्टी के संकल्प को हर नागरिक तक पहुंचाने का एक अहम अवसर होगा।भाजपा की परिवर्तन यात्रा को मिल रहा अपार जनसमर्थन यह सिद्ध करता है कि झारखंड की जनता अब बदलाव के लिए तैयार है। राज्य में फैले भ्रष्टाचार, अपराध और विकास की रुकावटों के खिलाफ भाजपा का यह आंदोलन प्रदेश को एक नई दिशा देने के लिए संकल्पित है।

### कार्मिक सचिव से वार्ता के बाद मुफस्सिल लिपिकों का हड़ताल समाप्त

दुमका : झारखण्ड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा के बैनर तले पुरे झारखण्ड राज्य के शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों की 12 अगस्त से चली आ रही अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त हो गई. मंत्री, डॉ इरफ़ान अंसारी एवं सचिव- कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग के साथ संघ के प्रदेश के अधिकारियो से प्रोजेक्ट भवन रांची में 23 सितंबर को हुए वार्ता के बाद मुफस्सिल लिपिक मोर्चा ने समझौता पत्र में हस्ताक्षर कर हड़ताल को समाप्त किया. हड़ताल की समाप्ति की घोषणा के साथ दुमका जिला इकाई के लिपिकों ने भी आज से वापिस अपने अपने कार्यालय में काम पर लौटे. हड़ताल समाप्ति के लिए वार्ता में निम्न सहमति बनी :1.झारखण्ड राज्य लिपिक / लिपिक -सह - टंकक/ टंकक/ अन्य लिपिकिय संवर्ग (भर्ती, प्रोनत्ति एवं अन्य सेवा शर्ते) नियमावली, 2010 के प्रावधानो को अपने क्षेत्रीय लिपिक संवर्ग के लिए लागू करने का निदेश सभी विभागो को दिया जाएगा. झारखण्ड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समहरणालाया संवर्ग ) के मांगो पर विचार करने हेतु गठित किये जानेवाली समिति के समक्ष झारखण्ड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा के अन्य मांगो को विचारार्थ रखा जाएगा.क्षेत्रीय लिपिकों के हड़ताल अवधि के वेतन का भुगतान भी विभिन्न अवकाश की स्वीकृति के पश्चात देय होगा. 23 सितंबर को हजारों की संख्या में लिपिकों द्वारा मंत्री, डॉ इरफ़ान अंसारी को उनके निजी आवास, धुर्वा रांची में पुष्पगुछ, माला, लड्डू और जय जयकार के साथ सुक्रिया अदा किया गया.वार्ता में लिपिक मोर्चा की तरफ से प्रदेश महासचिव विकास कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष रजनीश झा मौजूद थे. साथ ही प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संदीप कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, दुमका जिला अध्यक्ष जय कुमार गौतम ने भी समझौता पत्र पर अपना हस्ताक्षर किया.लिपिक मोर्चा के प्रदेश महासचिव ने हड़ताल अवधि के दौरान मांगो को लेकर सपोर्ट में आये सभी विधायक, सांसद, मंत्री एवं मुख्यमंत्री का तहे दिल से सुक्रिया अदा किया. साथ ही साथ खबर को प्रमुखता से जगह देने के लिए पुरे झारखण्ड प्रदेश के डिजिटल मीडिया, प्रिंट मीडिया, समाचार पत्रों एवं यूट्यूबरों का भी आभार जताया.

### आरसेटी जामा में सखी मंडल की महिलाओं के बीच जनरल ईडीपी प्रमाण पत्र का वितरण

दुमका : इंडियन बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा, में मंगलवार को 6 दिवसीय सामान्य ईडीपी के तहत बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि इंडियन बैंक लक्ष्मीपुर (जामा )के शाखा प्रबंधक सुमित कुमार एवं आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर किया गया। मुख्य अतिथि शाखा प्रबंधक सुमित कुमार ने कहा कि हर व्यक्ति के अंदर कोई न कोई प्रतिभा जरूर छिपी होती है। बस उसको बाहर निकालने की आवश्यकता है और इसके लिए इस आरसेटी से बढ़िया मंच नहीं मिल सकता। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि आप लोगों के लिए एक बड़ा अवसर है अपने क्षेत्र में काम करके अपने आप को आगे बढ़ाना साथ ही साथ दूसरों के लिए भी रोजगार सृजन करना। आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने सभी प्रशिक्षणर्थी को कहा कि रोजगार शुरू करने के लिए जरुरतमंदों को मदद की जायेगी। बैंकों के माध्यम से उन्हें ऋण दिलवाने का प्रयास किया जायेगा ताकि वे अपना खुद का स्वरोजगार कर सके। वरिष्ठ संकाय सह कार्यक्रम समन्वयक उत्पल कुमार लाहा ने इस प्रशिक्षण में सम्मिलित सभी 30 प्रशिक्षुओं को बिहेवियर गेम, जोखिम लेने की क्षमता, उधमशीलता की दक्षताएं, स्वप्रेरणा, वित्तीय साक्षरता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बकरी पालन के मास्टर ट्रैनर दिलीप चौधरी ने सभी प्रशिक्षुओं को बकरी में होने वाले रोग, उसका उपचार, बकरी रखने का शेड बनाने आदि की जानकारी दी।इस मौके पर आरसेटी के संकाय सदस्य अमरदीप कुमार,कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार एवं मनोज कुमार सिंह तथा संजय सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

### अमीषा नर्सिंग होम को सील करने के साथ संचालक पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्णय

दुमकाः शहर के बागानपाडा में संचालित अमीषा नर्सिंग होम एक बर्ष के अंदर तीसरी बार सुर्खियों में आया. दरअसल जामा थाना क्षेत्र के रहने वाली लीलमुनि मरांडी प्रसव वेदना से तड़पती अपनी बेटी को लेकर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुचीं थी. दलाल के चंगुल में पड़कर पीजेएमसीएच से अमीषा नर्सिंग होम पहुचीं, जहां इलाज के दौरान तबीयत बिगड़ने पर नर्सिंग होम संचालक द्वारा पीजेएमसीएच पहुंचा दिया गया. इस दौरान महिला और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गयी. परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना में लिखित शिकायत की. पूरे मामले की जांच के लिए सिविल सर्जन को आवेदन देकर अनुरोध किया. इसके पूर्व भी 2 बार अमीषा नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया था.बार बार एक ही नर्सिंग होम में इस तरह की घटना घटित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गयी. सिविल सर्जन डॉ बीपी सिंह और जिला मलेरिया पदाधिकारी अमीषा नर्सिंग होम पहुच कर जांच की. जांच में कई खामियां उजागर हुई. जांच के आधार पर सिविल सर्जन ने नर्सिंग होम को सील करने के साथ साथ संचालक पर अर्थ दंड के साथ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्णय लिया है. मीडिया से बात करते हुए उन्होंने इसकी जानकारी दी.इधर होटल के बाद जिला प्रशासन की नजर अब गली मोहल्ले में संचालित नर्सिंग होम पर है. लगातार दो रात होटल में छापेमारी के दौरान कई राज बेनकाब हुए. अब स्वास्थ्य सेवा में सुधार की बारी है. इस बाबत एसडीओ कौशल कुमार द्वारा स्वास्थ्य विभाग से जिले में संचालित निबंधित नर्सिंग होम की सूची एवं निबंधन हेतु लिए गए आवश्यक दस्तावेज की सूची के साथ साथ जिला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक की गयी निजी नर्सिंग होम की जांच से संबंधित प्रतिवेदन की मांग की गई थी.

# दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और समर्पण का प्रतीक है : संतोष कुमार गंगवार







### राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति ने सिदो कान्हु मुर्मू विवि दुमका के 8वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया एवं विद्यार्थियों/शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की

दुमकाः राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कन्वेंशन सेंटर, एग्रो पार्क, एस.पी. कॉलेज रोड, दुमका में आयोजित सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के 8वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की और उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों पर बधाई दी। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और समर्पण का प्रतीक है, साथ ही इसमें उनके अभिभावकों, शिक्षकों और समाज का भी योगदान है। यह गर्व का अवसर न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि उनके परिवार और समाज के लिए भी है।राज्यपाल ने महान स्वतंत्रता सेनानी सिदो- कान्हु के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत माता के इन वीर सपूतों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ 'संथाल विद्रोह' का नेतृत्व किया, जिसे 'हूल क्रांति' भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि सिदो-कान्हु ने न केवल संथाल जनजाति के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, बल्कि उनके इस संघर्ष ने पूरे देश को स्वतंत्रता के लिए प्रेरित किया। उनके बलिदान और नेतृत्व से यह सिखने को मिलता है कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना और समाज के अधिकारों की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।राज्यपाल ने कहा कि सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं है, बल्कि यह जनजातीय समाज की संस्कृति, इतिहास और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे सिदो-कान्हु के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें।उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह नैतिकता, सहानुभूति और नेतृत्व कौशल का विकास करना भी है। विद्यार्थियों से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग न केवल अपनी व्यक्तिगत प्रगति के लिए, बल्कि समाज और राष्ट्र की उन्नति में भी करें। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत@2047' के दृष्टिकोण का जिक्र करते हुए कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा अर्जित शिक्षा और कौशल राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारे युवा अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज की बेहतरी और देश के विकास के लिए करेंगे, तभी एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे। राज्यपाल ने यह भी कहा कि सिदो कान्हू मुर्मु विश्वविद्यालय से जनजातीय और ग्रामीण समुदायों के उत्थान में विशेष योगदान की अपेक्षा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपने अध्ययन और शोध का उपयोग करें और समाज की समस्याओं का समाधान निकालें।राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह दीक्षांत समारोह उनके जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थी अपने ज्ञान और कौशल के माध्यम से समाज और राष्ट्र की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने इस अवसर पर सभी से देश की प्रगति में अपने प्रयासों को समर्पित करने का आह्वान किया।

## चौकीदार बहाली में जामा प्रखंड के कई गांव का नाम किसी भी बीट में नहीं होने से वंचित अभ्यर्थियों ने डीसी को आवेदन देकर किया सुधार की मांग



दुमका। जामा प्रखंड क्षेत्र के कई गांव के अभ्यर्थियों ने दुमका जिला अंतर्गत चौकीदार के पद पर सीधी एवं बैकलॉग भर्ती कई गांओं का नाम किसी भी बीट में नहीं होने के कारण उसके आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया है। सोमवार को दर्जन अभ्यर्थियों ने उपायुक्त के जनता दरबार में पहुंचकर अपना आवेदन सौंप कर शिकायत दर्ज कराई है। उपायुक्त की अनुपस्थिति में उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर छूटे हुए गांव का नाम जोड़ने का आग्रह किया है। व्यक्तियों का कहना है कि जामा प्रखंड के दुबरी कदेली, बसबुटिया, धनाडीह, भोड़ाबादर, चाचने, पंचरुखी आदि गांव का नाम किसी भी बीट में नहीं है जबकि सिमरा पंचायत के कुरुमटाँड़, हल्दीपट्टी, सिमरा, बाबूकदेली आदि गांव का दो से तीन बीट में अंकित किया गया है। अभ्यर्थियों ने बताया कि पूर्व में इस बारे में कार्यालय से संपर्क करने पर बताया गया था कि अपने पंचायत के किसी भी बीट से आवेदन कर दीजिए जब उन्होंने अपने पंचायत के दूसरे गांव से आवेदन किया तो उसे आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया है। लोगों का कहना था कि बरसों बाद चौकीदार की नियुक्ति हो रही है अगर इसमें हम लोग भाग नहीं ले पाए तो फिर हम लोगों की आगे की पीढ़ी ही इसमें भाग ले पाएंगे। मसलिया प्रखंड के अभ्यर्थियों ने कहा कि उनके प्रखंड के भी कई गांव का नाम में त्रुटि के कारण लोगों का नाम रिजेक्ट कर दिया गया है। अब ध्यान ने बताया कि पाकुड़, रामगढ़ जिला सहित कई जिलों में पंचायत स्तर पर आवेदन लिया गया है। सिर्फ दुमका जिले में ही बीट बनाकर आवेदन लिया गया है जिसमें काफी त्रुटियां आ रही है। व्यक्तियों ने कहा कि सभी अभ्यार्थियों ने उपायुक्त दुमका से उपरोक्त त्रुटियों को दूर कर उन लोगों को भी इस प्रतियोगिता में शामिल करने का गुहार लगाया है। उन्होंने कहा कि उनकी मांगे पूरी नहीं होने पर अंततः न्यायालय के शरण में जाना पड़ेगा।चौकीदार भर्ती के अभ्यर्थियों के मांगों का पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संताल परगना के केंद्रीय प्रधान महासचिव डॉ अमरेंद्र कुमार यादव एवं बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष शिवनारायण दर्बे ने समर्थन करते हुए कहा कि चौकीदार भर्ती प्रतियोगिता से वंचित इन सभी गांव के बेरोजगार युवकों को निश्चित रूप से मौका दिया जाना चाहिए। जिससे यह वंचित अभ्यार्थी भी अपने उज्जवल भविष्य के लिए प्रतियोगिता में शामिल हो सके।

## किसी भी दशा में महिला उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : ममता देवी

दुमका : इंडोर स्टेडियम दुमका में मंगलवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता देवी की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग में आवेदित पाकुड़, साहेबगंज, दुमका एवं गोड्डा जिले से सम्बंधित कुल 30 मामलों पर सुनवाई की गई। इस दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता देवी ने कहा कि 1992 में राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन किया गया था। इस आयोग का गठन महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकार का कोई हनन न हो, उनके ऊपर कोई अत्याचार ना हो, चाहे वह किसी तरह का अत्याचार हो दहेज प्रताड़ना, सेक्सुअल हैरेसमेंट, राजनीतिक अधिकार की बात हो, सामाजिक अधिकार की बात हो, शैक्षणिक अधिकार की बात हो सभी जगह में राष्ट्रीय महिला आयोग महिलाओं के हित के लिए तत्पर रहती है। जो भी शिकायतें आयोग तक पहुंचती है, उन शिकायतों के बारे में बताना चाहूंगी कि वहां किसी का हस्तक्षेप नहीं होता है। तेज गति से सभी शिकायतों का निष्पादन किया जाता है। जिस जिला से हमारे पास शिकायतें आती है, इस शिकायत के आधार पर संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक तथा राज्य के डीजीपी को निष्पादन करने हेतु आयोग द्वारा चिट्ठी भेजी जाती है ताकि किसी भी कार्रवाई में देरी ना हो।कार्यक्रम के दौरान एक-एक कर सभी मामलों की सुनवाई की गई। पूर्व में महिला उत्पीड़न संबंधित पत्रावलियों के बारे में हुई कार्रवाई की अद्यतन जानकारी लेते हुए कहा कि किसी भी दशा में महिला उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में प्रत्येक मामले में संबंधित केस के इंचार्ज ऑफिसर तथा आवेदन कर्ता से जानकारी ली गई। सभी मामलों में आयोग द्वारा पुलिस पदाधिकारियों को समय अंतराल में कार्यवाई पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## एन एस एस ने मनाया 55 वां स्थापना दिवस

दुमका : सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के एन एस एस प्रकोष्ठ के द्वारा 55वां राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह 24 सितम्बर को विश्वविद्यालय के मिनी कान्फ्रेंस हाल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के एन एस एस स्वयं सेवकों के साथ सम्बन्धित कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बिमल प्रसाद सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ओ एस डी लीगल डॉ राजीव रंजन सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्र ने की। इस अवसर पर 2023 - 24 के सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम पदाधिकारी व स्वयं सेवकों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम पदाधिकारी के रूप में जामताड़ा महाविद्यालय जामताड़ा की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ काकोली गोराई, साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज के कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार प्रशांत भारती, एस पी कालेज दुमका के कार्यक्रम पदाधिकारी एलिजाबेथ टुडू व डॉ अनिता चक्रवर्ती और जे जे एस डिग्री कॉलेज मिहिजाम के कार्यक्रम पदाधिकारी देवकी पंजियारा को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम पदाधिकारी के रूप में देवघर महाविद्यालय देवघर के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राखी रानी, गोड्डा महाविद्यालय गोड्डा के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बासुकीनाथ झा, मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रशान्त पातर, मधुपुर महाविद्यालय मधुपुर की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अनिता गुआ हेम्ब्रम, एस पी कालेज दुमका की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी तथा आर डी बाजला महिला महाविद्यालय देवघर की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ करुणा पंजियारा को सम्मानित किया गया। बेस्ट वोलिएन्टर के रूप में देवघर महाविद्यालय देवघर के पुरुषोत्तम कुमार, आर डी बाजला महिला महाविद्यालय देवघर की सोनी कुमारी, एस पी कालेज दुमका के शुभम् कुमार चौधरी व विजय कुमार , ए एस महाविद्यालय देवघर के युवराज सिंह व नन्दनी भारती, मधुपुर महाविद्यालय मधुपुर के आकाश सोरेन व रेखा कुमारी एवं जे जे एस डिग्री कॉलेज मिहिजाम की अंशु कुमारी सहित 10 स्वयं सेवक स्वयंसेविकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के आरम्भ में समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्र ने एन एस एस का ध्वज फहराया तथा सामूहिक लक्ष्य गीत गाया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवक स्वयंसेविकाओं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपने सम्बोधन में एन एस एस की गतिविधियों पर संतोष व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि व विश्वविद्यालय के ओ एस डी लीगल ने एन एस एस के द्वारा की जा रही सेवा भावना की सराहना की।मंच संचालन डॉ रूपम कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनिता चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों के अतिरिक्त शिक्षकेतर कर्मचारी गौतम झा, राजेश सिंह, लाल बिहारी साह, अजय झा, अजित सिंह का सहयोग रहा।राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### संत जेवियर्स कॉलेज महारो की एन.एस.एस इकाई, एक की ओर से मनाया गया एनएसएस दिवस

दुमका : संत जेवियर्स कॉलेज महारो की एन.एस.एस इकाई, एक की ओर से मंगलवार को एनएसएस दिवस मनाया गया I जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ-साथ अन्य विभाग के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया I इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार कोठरीवाल ने एनएसएस की स्थापना और उसके उद्देश्य से विद्यार्थियों को अवगत कराया I उन्होंने कहा कि 24 सितंबर 1969 को इसकी स्थापना भारत सरकार के राष्ट्रीय युवा एवं खेल मंत्रालय के अधीन की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा प्रदान कर उन्हें सामुदायिक सेवा के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन की प्रेरणा देना है I इसके द्वारा वर्ष भर यथा - पर्यावरण, स्वास्थ्य, सफाई ,साक्षरता, मतदाता जागरूकता इत्यादि से संबंधित कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं, जो स्वयंसेवकों में व्यक्तित्व का विकास कर उनको वास्तविक जीवन का अनुभव प्रदान करता है I

## युवाओं में बढ़ती आपराधिक प्रवृत्तियांः एक मनो सामाजिक दृष्टिकोण'' विषय पर एक सेमीनार आयोजित

दुमका : संताल परगना कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग द्वारा संचालित मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के द्वारा केन्द्र के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मनोविज्ञान एवम समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में " युवाओं में बढ़ती आपराधिक प्रवृत्तियांः एक मनो सामाजिक दृष्टिकोण" विषय पर एक सेमीनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के निदेशक सह मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के नोडल ऑफिसर डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि अपराध का प्रमुख कारण युवाओ का अवसरों से दूर होना है। सरकार की गलत नीतियां है। जायज अधिकारों से वंचित होना है। कुव्यवस्थाओं से मिलने वाला निराशा है। जहां वो उद्वेलित है। आक्रोशित है। विसंगतियों और किंकर्तव्यबिमुढ के चौराहे पर खड़ा है। ऐसी विचलित मनोदशा में युवा कुछ भी गलत कदम उठाने को विवश है। ऐसे विषम हालत में मिलने वाला फीडबैक और समर्थन अपराधिक व्यवहार को एक ओर जहां प्रबलित करता है वहीं दूसरी ओर भ्रष्ट व्यवस्था आग में घी का काम करती है। उन्हें सही मार्गदर्शन चाहिए जो शायद नहीं मिल रहा है। फलतः पाशविक प्रवृत्तियों के जिद्द में आकर आपराधिक व्यवहारों को अंजाम दे रहे है। आवेगों में आकर मर्यादाओं की सीमा लांघ रहे है। आत्महत्या कर रहे है तो कहीं वो नशे में चूर हो जघन्य अपराधों को अंजाम दे रहे है। युवाओं में आपराधिक प्रवृत्तियों के बढ़ने में जहां उनके व्यवहारों पर नियंत्रण और मॉनिटरिंग का न होना, हीनता की भावना का होना, मानकविहीन जीवन शैली , असंतोष, क्षुब्ध सामाजिक वातावरण, आर्थिक विषमता आदि जहां खास वजहें दिखती है तो वही समाज विरोधी शक्तियां मौका पा उसे अपने चंगुल में ले अपराध के दलदल में धकेल देती है। शायद यहीं कारण है आज अपराध का ग्राफ घटने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है जो सामाजिक सुरक्षा के लिए खतरा भी पैदा करता है। महिला यौन हिंसा, हत्या, प्रेम में हिंसा, दंगा, आगजनी, आदि ऐसी ही विकृत मनोदशा का परिणाम है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। दुर्भाग्य है कि यहां का अधिकांश युवा गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी की चक्की में पिस विचलित जिंदगी जीने को मजबूर हो रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्थशास्त्र की शिक्षिका डॉ पूनम बिंझा ने कहा कि आज युवा संस्कार और नैतिकता के रास्ते से भटक चले है। मौके पर डॉ अजीत आर्या ने कहा कि आज युवा सोशल मिडिया से प्रभावित हो गलत आचरणों का नकल कर अपराधिक व्यवहार कर रहे है। जिला मानसिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ जुल्फिकार अली भुट्टो ने कहा आज युवा पीयर प्रेशर में आकर न केवल नशा कर रहे है और ड्रग्स का सेवन कर रहे है बल्कि उसकी पूर्ति के लिए भी अपराध कर रहे है। यौन हिंसा कर रहे है।

# भूतपूर्व सैनिकों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल(ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्र रक्षा के लिए शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों को शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता निश्चित समय में प्रदान की जाएगी। सेना द्वारा गठित बोर्ड से सैनिकों के युद्ध या युद्ध के लिए जाते हुए और अन्य कारणों से हादसों में शहादत पर स्वीकृत प्रकरणों में प्रत्येक शहीद सैनिक के परिवार को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एक करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों का कल्याण, उनके परिवार के हितों का संरक्षण एवं संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश की स्थापना दिवस एक नवम्बर पर सेना द्वारा विशेष शो नो अवर आर्मी आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही राजधानी भोपाल में वायुसेना द्वारा एयर-शो के लिए भी तिथि निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री एवं राज्य सैनिक बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में राज्य सैनिक बोर्ड की 20वीं बैठक ली। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह एस.एन. मिश्रा, मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ल सहित सामान्य प्रशासन और वित्त विभाग के अधिकारी, मध्य भारत क्षेत्र के जी.ओ.सी. लेफ्टिनेंट जनरल जबलपुर पी.एस. शेखावत, ब्रिगेडियर एस.एन तिवारी प्रतिनिधि कमांडिंग इन चीफ मध्य कमान लखनऊ, पदेन सचिव राज्य सैनिक बोर्ड ब्रिगेडियर (से.नि.) अरूण नायर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में सैनिकों और सैनिक परिवारों के हित में महत्वपूर्ण स्वीकृतियां प्रदान कीं। इनमें युद्ध या सैनिक कार्यवाही में दिव्यांग होने पर दी जाने वाली राशि 10 लाख से बढ़ाकर दिव्यांगता प्रतिशत के आधार पर एक करोड़ रूपए तक करने, शहीद के माता-पिता को मिलने वाले मासिक अनुदान को दोगुना करने, शहीद और दिव्यांग सैनिकों की बहन और बेटी के विवाह के लिए 10 हजार के स्थान पर 51 हजार की राशि देने, सैनिक परिवार के मध्यप्रदेश निवासी माता-पिता जिनकी पुत्री सशस्त्र सेना में उसे भी प्रतिवर्ष 10 हजार के स्थान पर दोगुनी सम्मान निधि देने के निर्णय शामिल हैं।बैठक की शुरूआत में सचिव अरूण नायर ने राज्य सैनिक बोर्ड की वर्ष 2018 में हुई 19वीं बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मध्यप्रदेश निवासी शौर्य अलंकरण एवं विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को दी जाने वाली राशि में शासन द्वारा 30 मार्च 2023 को आदेश जारी कर वृध्दि की गई है। सैनिक विश्राम गृह बैतूल का निर्माण कार्य भी पूरा किया जा चुका है। मध्यप्रदेश में करीब 70 हजार भूतपूर्व सैनिक, 30 हजार वर्तमान सैनिकों के साथ ही सैनिक परिवारों के सदस्यों की संख्या मिलाकर लगभग 4 लाख लोग निवास कर रहे हैं। प्रदेश में 24 जिला सैनिक कार्यालय कार्यरत हैं। सैनिकों की रहवास सुविधा के लिए 17 आराम गृह भी संचालित हैं।अब इस प्रकार

मिलेगी वित्तीय सहायता

म.प्र. निवासी माता पिता जिनकी पुत्री सशस्त्र सेना में हैं को 10 हजार रूपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 20 हजार रूपए प्रतिवर्ष सम्मान निधि दी जाएगी।युद्ध अथवा सैनिक कार्यवाही, आतंकवादी तथा आंतरिक सुरक्षा के दौरान दिव्यांग होने पर 10 लाख रूपए (दिव्यांगता प्रतिशत के आधार पर) बढ़ाकर एक करोड़ रूपए तक किया जाएगा। युद्ध अथवा सैनिक कार्यवाही, आतंकवाद तथा आंतरिक सुरक्षा के दौरान शहीद/दिव्यांरग की बहन/बेटी के विवाह के लिए 10 हजार रूपए से बढ़ाकर 51 हजार रूपए किया जाएगा। शहीदों के माता-पिता को पाँच रूपए प्रतिमाह अनुदान को बढ़ाकर दस हजार रूपए प्रतिमाह किया जाएगा।

# बाजार रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद फिसला , सपाट बंद

मुम्बई (ईएमएस)। घरेल शेयर बाजार मंगलवार को सपाट कारोबार हुआ। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद बाजार में ये गिरावट मुनाफावसूली हावी होने से आयी। आज इंट्रा डे कारोबार के दौरान बाजार में जो तेजी थी वो शाम होते हुए निकल गयी। आज कारोबार के दौरान एक समय पर सेंसेक्स 85,163.23 के शीर्ष स्तर जबकि निफ्टी 26 हजार के उपर चला गया पर इसके बाद निवेशकों ने जमकर मुनाफावसूली शुरु कर दी जिससे बाजार नीचे आ गया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 14.57 अंक करीब 0.02 फीसदी नीचे आकर 84,914.04 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 501.35 अंक तकरीबन 0.01 फीसदी की बढ़त के साथ ही 25,940.40 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर बाजार आज भले ही काफी ऊपर आया पर ये तेजी अधिक समय टिक नहीं पायी। इसका एक कारण बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में गिरावट भी रही। निफ्टी बैंक आज 0.25 फीसदी गिर गया। इसमें भी निफ्टी पीएसयू Bank के शेयर ओवरऑल 0.86फीसदी और निफ्टी प्राइवेट बैंक के शेयर 0.28 फीसदी नीचे आये। व्यापक बाजार में, स्मॉलकैप इंडेक्स 0.04 फीसदी गिरकर 57,475 पर बंद हुआ, जबकि बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.21 फीसदी बढ़कर 49,621 पर बंद हुआ।वहीं सेक्टोरल इंडेक्स की बात की जाए तो मेटल स्टॉक्स का प्रदर्शन आज सबसे अच्छा रहा। निफ्टी मेटल 2.97फीसदी की बढ़त बनाकर बंद हुआ। इसके अलावा, निफ्टी आईटी (0.61फीसदी), निफ्टी ऑटो (0.43फीसदी), निफ्टी ऑयल एंड गैस (0.38फीसदी), निफ्टी फार्मा (0.23फीसदी) और निफ्टी मीडिया (0.01फीसदी) की बढ़त बनाते हुए बंद हुए। निफ्टी पर बैंकिंग शेयरों के अलावा, एफएमसीजी (0.77फीसदी), रियल्टी (0.30फीसदी), हेल्थकेयर (0.04फीसदी) और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (0.20फीसदी) नीचे आये। निफ्टी के कुल 25 शेयर जबकि, सेंसेक्स के 15 शेयर आज लाभ के साथ बंद हुए। सबसे ज्यादा बढ़त दर्ज करने वाला शेयर टाटा स्टील (4.32फीसदी) रहे। इसके अलावा, हिंडाल्को, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, अदाणी एंटरप्राइजेज, एचसीएल टेक, ओएनजीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज ऑटो, विप्रो और सनफार्मा जैसे स्टॉक्स ने बढ़त बनाई। वहीं, सेंसेक्स पर टाटा स्टील (4.29 फीसदी) टॉप गेनर स्टॉक रहा। इसके अलावा, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक , महिंद्रा एंड महिंद्रा और जेएसडब्यू टॉप परफॉर्मर रहे। निफ्टी पर आज सबसे बड़ी गिरावट एसबीआई लाइफ के शेयरों में देखने को मिली। इसके शेयर 2.78 फीसदी नीचे आकर बंद हुए। वहीं, हिंदुस्तान यूनिलिवर, ग्रासिम, अल्ट्राटेक सीमेंट, श्रीराम फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, सिप्ला, हीरो मोटोकॉर्प, एचडीएफसी लाइफ, कोटक महिंद्रा बैंक, नेश्ले इंडिया जैसे स्टॉक्स के शेयर एक फीसदी से ज्यादा गिरे। वहीं एशियाई बाजारों में, सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग पॉजिटिव सेक्टर में बंद हुए। शंघाई और हांगकांग के बाजार काफी ऊंचे स्तर पर पर बंद हुए। वहीं यूरोपीय बाजार भी ऊपर आये। अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। इससे पहले आज सुबह जब बाजार खुला तो शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया था। आज सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही गिरावट पर खुले। प्री ओपनिंग सेशन में सेंसेक्स 67.88 अंक 0.080 फीसदी की गिरावट के साथ 84,860.73 के लेवल पर खुला। वहीं, निफ्टी 17.60 अंक 0.068 फीसदी नीचे आकर 25,921.45 के स्तर पर खुला।

## ग्रीष्मकालीन मूंग, उड़द के उत्पादन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए मंत्री-परिषद समिति का गठन -

भोपाल/इन्दौर (ईएमएस)। मंत्री-परिषद समिति का गठन क्षेत्र में अत्यधिक रासायनिक कीटनाशकों, उर्वरकों के उपयोग को हतोत्साहित करने और जैविक (प्राकृतिक) खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, परिवहन एवं विद्यालय दण्ड मंत्री उदय प्रताप सिंह, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा दण्ड राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल परिषद के सदस्य होंगे। मंत्रियों की समिति. साथ ही, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग को इस समिति का सचिव नियुक्त किया गया है।

## वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारतीय जीडीपी विकास दर अनुमान को 6.8 प्रतिशत रखा

### आरबीआई कर सकता ब्याज दरों में कटौती

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय जीडीपी विकास दर अनुमान को 6.8 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। साथ ही कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अक्टूबर में ब्याज दरों में कटौती हो सकती है। रेटिंग एजेंसी की ओर से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी है। भारत की मजबूत विकास दर महंगाई में प्रबंधन में आरबीआई की मदद करेगी। रिपोर्ट में बताया गया कि जुलाई के बजट में भारत सरकार की ओर से स्पष्ट हुआ हैं कि वह वित्तीय समेकन के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी खर्च जारी रखा जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पूंजीगत खर्च के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये का फंड आवंटित हुआ। वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य घटाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि महंगाई आरबीआई के टारगेट 4 प्रतिशत के नीचे आ गई है। इसके बाद आरबीआई द्वारा अक्टूबर में होने वाली एमपीसी की बैठक में ब्याज दरों को कम किया जा सकता है। हमें उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में दो बार ब्याज दरों में कटौती हो सकती है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी की ओर से 2024 के लिए चीन की विकास दर को 4.8 प्रतिशत से घटाकर 4.6 प्रतिशत कर दिया गया है।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया 12 पैसे की गिरावट के साथ ही 83.67 पर बंद हुआ। रुपये ने आज सुबह शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार किया और यह तीन पैसे कमजोर होकर 83.57 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सक्रिय हस्तक्षेप से रुपया एक निश्चित सीमा के भीतर स्थिर बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये ने शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार किया। वह 83.54 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 83.57 प्रति डॉलर पर लुढ़क गया जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.54 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी बढ़त के साथ 100.92 पर रहा।

## देश से रत्न और आभूषण के निर्यात में 18 फीसदी गिरावट

नई दिल्ली (ईएमएस)। दुनिया भर में कमजोर मांग की वजह से देश से रत्न और आभूषण के निर्यात में गिरावट देखी गई है। आंकड़ों के अनुसार अगस्त 2024 में सालाना आधार पर रत्न-आभूषण निर्यात 18 फीसदी घटकर 2.01 अरब डॉलर रह गया। जबकि अगस्त 2023 में यह 2.47 अरब डॉलर था। रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद के मुताबिक मासिक आधार पर निर्यात में तेजी देखने को मिली है। जुलाई में देश से 1.66 अरब डॉलर मूल्य के रत्न आभूषणों का निर्यात किया गया था। परिषद ने कहा है कि अमेरिका और चीन जैसे बाजारों में निर्यात बढ़ाने के प्रयास करने होंगे।

## एचडीएफसी बैंक ने एचडीबी फाइनेंशियल के आईपीओ को दी मंजूरी

मुंबई (ईएमएस)। एचडीएफसी बैंक ने एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के आईपीओ को मंजूरी दे दी है, जिसमें कंपनी 2,500 करोड़ रुपए के नए इक्विटी शेयर जारी करेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस इश्यू का वैल्यूएशन 7-8 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है और यह दिसंबर तक सूचीबद्ध हो सकता है। एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जो रिटेल और कॉरपोरेट सेक्टर में सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड लोन की विभिन्न श्रेणियों में सेवाएं प्रदान करती है। आईपीओ के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी जरूरी है, खासकर अक्टूबर 2022 के सर्कुलर के बाद, जब इसे अपर लेयर एनबीएफसी कैटेगरी में रखा गया था। एचडीएफसी बैंक की एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज में 94.64 फीसदी हिस्सेदारी है। फिलहाल, आईपीओ के लिए बैंकरों का चयन किया जा रहा है। इसमें मॉर्गन स्टेनली, बैंक ऑफ अमेरिका, नोमुरा, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एक्सिस कैपिटल और आईआईएफएल जैसी प्रमुख फर्मों को शामिल किया जा रहा है।

## चीन की ब्याज दरों में कमी की घोषणा से भारत में चमके मेटल शेयर

मुंबई (ईएमएस)। चीन के पीपल्स बैंक ऑफ चाइना द्वारा अगले सप्ताह में ब्याज दरों में कटौती की घोषणा का सीधा असर मंगलवार को भारतीय बाजारों के मेटल शेयरों पर नजर आया। भारत में सेंसेक्स और निफ्टी के फ्लैट कारोबार करने के बावजूद मेटल इंडेक्स 2 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं और मेटल इंडेक्स में शामिल सारे शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है। बीएसई पर मेटल शेयरों का कारोबार 32,420 पर शुरु हुआ, जबकि कल 32,178 पर बंद हुआ था। इस समय यह 2 फीसदी बढ़त के साथ 32,788 पर कारोबार कर रहा है। अमेरिका में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की घोषणा के कुछ ही हफ्तों बाद, चीन ने भी आर्थिक कदम उठाते हुए रिजर्व रिक्वायरमेंट रेशो में आधा प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती के बाद बैंकों को अब अपने पास नकदी का कम हिस्सा रखना होगा, जिससे बाजार में नकदी का प्रवाह बढ़ेगा।

## प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में बड़ा बदलाव करने की तैयारी में हीरो मोटोकॉर्प

नई दिल्ली। दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प अब केवल कम सीसी वाली हल्की बाइक्स ही नहीं, भारी और पॉवरफुल बाइक्स बनाने के लिए भी जाना जाएगा। हीरो पिछले कुछ समय से एक बड़े एक्सप्लस पर काम कर रही है। कंपनी एक्सप्लसके 210सीसी और 421सीसी वैरिएंट की तैयारी कर रही है, लेकिन कंपनी ने अभी तक किसी तरह की पुष्टि नहीं की है। हाल ही में एक्सप्लस की तरह हीरो की एक नई बाइक को खारदुंग ला, लद्दाख के पास स्पॉट किया गया है, जिसे एक्सप्लस का बिग साइज मॉडल कहा जा रहा है।

इसकी कुछ स्पाई इमेज भी सामने आई हैं। इन मोटरसाइकिलों को हीरो एक्सप्लस 210 बताया जा रहा है, जो आने वाले महीनों में बाजार में लॉन्च हो सकती है और इसका सीधा मुकाबला रॉयल एनफील्ड की हिमालयन से होने की उम्मीद है। आइए इस बाइक के बारे में डिटेल्स जानते हैं। स्पॉट की गई बाइक्स पूरी तरह कवर थीं लेकिन नया मॉडल मौजूदा एक्सप्लस से बड़ा और भारी-भरकम दिखाई देता है।

## सोना हल्की बढ़त के साथ 74,450 रुपए, चांदी 89,905 रुपए

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखी जा रही है। मंगलवार को पीली धातु की कीमत मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 0.21 फीसदी तेजी के साथ 74,450 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी की कीमत 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ 89,905 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही थी। नई दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने का भाव सोमवार को 600 रुपए चढ़कर 76,950 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 76,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 600 रुपए बढ़कर 76,600 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 76,000 रुपए था। सूत्रों ने स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की कमजोर मांग के कारण स्थानीय बाजार में सात दिन की तेजी का सिलसिला टूट गया और चांदी 1,000 रुपए गिरकर 90,000 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 91,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वहीं दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 69,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 76,300 रुपए, मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 69,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 76,150 रुपए, कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 69,800 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 76,150 रुपए, चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 69,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 76,150 रुपए है। भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 69,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 76,150 रुपए है। बाजार के जानकारों के अनुसार आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है। इस साल सोना 78 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी भी 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

## निसान मैग्नाइट की मामूली अपडेट के साथ लॉन्च होने की उम्मीद

नई दिल्ली। अगले महीने यानि की अक्टूबर में निसान मैग्नाइट फेसलिफ्ट के मामूली अपडेट के साथ लॉन्च होने की उम्मीद है। इस अपडेट का उद्देश्य एसयूवी को और अधिक आकर्षक बनाना है। लॉन्च के बाद से निसान मैग्नाइट में ज्यादा बदलाव नहीं हुए हैं, इसलिए अब यह एक सही समय है जब इस एसयूवी को एक मेकओवर मिल सकता है। हालांकि निसान एक प्रमुख वैश्विक कार ब्रांड है, लेकिन भारतीय पैसेंजर व्हीकल बाजार में इसे ज्यादा सफलता नहीं मिली है। कम बिक्री के कारण निसान को अपनी भारतीय लाइनअप को सीमित करना पड़ा है और अब कंपनी केवल दो मॉडल्स बेचती है – एक कॉम्पैक्ट और किफायती एसयूवी मैग्नाइट और दूसरी प्रीमियम ऑफरिंग एक्स-ट्रैल। इस स्थिति में निसान मैग्नाइट कंपनी के लिए महत्वपूर्ण कार बन गई है, जिसने कंपनी को बाजार में बनाए रखा है। इसी वजह से निसान अब इसका फेसलिफ्ट मॉडल पेश करने की तैयारी कर रहा है, जिसमें कई नई चीजें देखने को मिलेंगी।रिपोर्ट्स के अनुसार, 2024 निसान मैग्नाइट में नए रेडिएटर ग्रिल, फिर से डिजाइन किए गए हेडलैंप, अपडेटेड एलईडी डे-लाइट रनिंग लाइट्स, और नए डिजाइन के फ्रंट और रियर बंपर के रूप में कॉस्मेटिक बदलाव होंगे।

## एसएंडपी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 फीसदी बरकरार रखा

नयी दिल्ली, 24 सितंबर (भाषा) एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 प्रतिशत पर मंगलवार को बरकरार रखा और कहा कि उसे उम्मीद है कि आरबीआई अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इसमें कहा गया कि भारत में ठोस वृद्धि से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रास्फीति को अपने लक्ष्य के अनुरूप लाने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत में अप्रैल-जून तिमाही में उच्च ब्याज दरों ने शहरी मांग को प्रभावित किया और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर धीमी रही। हालांकि, यह समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हमारे सकल घरेलू उत्पाद के 6.8 प्रतिशत की दर के अनुमान के अनुरूप है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। एसएंडपी ने कहा कि हमारा परिदृश्य यथावत बना हुआ है।

## इंटर्नशिप के आवेदन की छंटाई एआई के जरिए होगी

### अक्टूबर के मध्य से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

नई दिल्ली (ईएमएस)। कंपनी मामलों के मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया अक्टूबर के मध्य से शुरू हो सकती है। जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये योजना के पात्र उम्मीदवारों को छांटा जाएगा। इसके बाद तटस्थ समिति आवेदकों का चयन करेगी और फिर कंपनियां उस सूची में से अपने यहां इंटर्नशिप कराने के लिए आवेदक चुन सकती हैं। समिति में सरकार और उद्योग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि योजना के तहत आवेदनों की संख्या देखकर फैसला किया जाएगा कि इस तरह की एक ही समिति बनाई जाए या कई समितियां गठित की जाएं। कंपनी मामलों का मंत्रालय पिछले तीन साल के दौरान कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) मद में कंपनियों द्वारा किए गए खर्च के आधार पर शीर्ष 500 कंपनियों की सूची को अंतिम रूप देने में जुटा है। कंपनियां अपनी मर्जी से इस योजना में शामिल हो सकती हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को पेश आम बजट में इंटर्नशिप योजना की घोषणा की थी।

## विडा इलेक्ट्रिक ब्रांड के तहत ई-स्कूटर लॉन्च करेगी हीरो मोटोकॉर्प

नई दिल्ली (ईएमएस)। हीरो मोटोकॉर्प कंपनी मिड 2025 तक यूके, फ्रांस, और स्पेन में अपने विडा इलेक्ट्रिक ब्रांड के तहत ई-स्कूटर लॉन्च करेगी। हाल ही में कंपनी ने ने अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेश करने की योजना बनाई है। यह हीरो के लिए यूके और यूरोपीय बाजारों में पहला कदम है, जहाँ कंपनी का लक्ष्य इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। इस रणनीति का संबंध भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर चल रही चर्चाओं से है, जो ऑटोमोटिव क्षेत्र में टैरिफ को कम कर सकता है और विकास के नए अवसर पैदा कर सकता है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, हीरो के CEO निरंजन गुप्ता ने इस क्षेत्र में सकारात्मक उपभोक्ता रुझानों पर जोर दिया है।

## सेबी ने अनिल अंबानी के बेटे अनमोल पर 1 करोड़ का जुर्माना लगाया

### रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस के चीफ कृष्णन गोपालकृष्णन पर भी 15 लाख का जुर्माना



मुंबई (ईएमएस)। शेयर बाजार नियामक सेबी ने रिलायंस होम फाइनेंस मामले में सामान्य कॉरपोरेट लोन (जीपीसीएल) को मंजूरी देते समय उचित सतर्कता न बरतने पर उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे अनमोल अंबानी पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा सेबी ने रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस के चीफ रिस्क ऑफिसर कृष्णन गोपालकृष्णन पर 15 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि दोनों को 45 दिनों के भीतर यह राशि चुकानी होगी। यह आदेश अगस्त में सेबी द्वारा अनिल अंबानी और 24 अन्य लोगों को रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के फंड डायवर्जन (धन की हेराफेरी) के मामले में पांच साल के लिए शेयर बाजार से प्रतिबंधित करने के बाद आया है। साथ ही अनिल अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। सेबी ने कहा कि अनमोल अंबानी ने सामान्य कॉरपोरेट लोन को मंजूरी दी थी, जबकि 11 फरवरी 2019 को कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने ऐसे किसी भी लोन को मंजूरी न देने का स्पष्ट निर्देश दिया था। इसके बावजूद अनमोल अंबानी ने 14 फरवरी 2019 को 20 करोड़ रुपये के लोन को मंजूरी दी थी। सेबी ने कहा कि अनमोल अंबानी, जो कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक थे, ने अपने अधिकारों से बाहर जाकर कंपनी के हितों के खिलाफ काम किया। उन्होंने शेयरधारकों के हित में काम नहीं किया और न ही सावधानी और सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया। सेबी ने यह भी बताया कि अनमोल अंबानी ने रिलायंस कैपिटल और रिलायंस होम फाइनेंस के बोर्ड में रहते हुए उचित सतर्कता का पालन नहीं किया। जीपीसीएल लोन के मामले में उन्होंने अन्य रिलायंस एडीएजी समूह की कंपनियों को फंड भेजने के मामले में भी उचित जांच नहीं की। कृष्णन गोपालकृष्णन ने भी कई जीपीसीएल लोन को मंजूरी दी और उन लोन के क्रेडिट अप्रूवल मेमो में दर्ज महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में जानते थे। रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस के चीफ रिस्क ऑफिसर के रूप में उन्हें अपनी जिम्मेदारियों के तहत सही प्रक्रिया का पालन करना चाहिए था और कंपनी के सभी हितधारकों के हित में काम करना चाहिए था। दोनों अनमोल अंबानी और गोपालकृष्णन ने सेबी के लिस्टिंग ओब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट नियमों का उल्लंघन किया है।

## यूपी और बिहार में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

नई दिल्ली (ईएमएस)। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का असर अब पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर भी दिखने लगा है। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से मंगलवार सुबह जारी खुदरा भाव में काफी बदलाव दिख रहा है। मंगलवार को ज्यादातर शहरों में तेल के दाम गिरे हैं और कुछ जगह तो पेट्रोल 1 रुपये तक सस्ता हो गया है। वैश्विक बाजार में अभी ब्रेंट क्रूड का भाव 74 डॉलर प्रति बैरल चल रहा है। हालांकि दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं दिख रहा। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी भाव के अनुसार यूपी के गाजीपुर जिले में पेट्रोल 1.01 रुपये सस्ता होकर 94.84 रुपये लीटर, डीजल भी 1.04 रुपये गिरा और 87.99 रुपये लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 88 पैसे सस्ता होकर 105.18 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 83 पैसे गिरकर 92.04 रुपये लीटर बिक रहा है। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में आज पेट्रोल 10 पैसे सस्ता हुआ और 94.84 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 11 पैसे टूटकर 87.69 रुपये लीटर है। बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी मामूली गिरावट दिखी है। वहीं ब्रेंट क्रूड का भाव टूटकर 74 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई का भाव भी गिरावट के साथ 70.49 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। गाजीपुर में पेट्रोल 94.84 रुपये और डीजल 87.99 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 94.84 रुपये और डीजल 87.69 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

## शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान

मुंबई (ईएमएस)। बाजार नियामक आयोग सेबी की ओर से सोमवार को जो रिपोर्ट जारी की गई है। उसके अनुसार वित्त वर्ष 2022 से लेकर वित्त वर्ष 2024 तक

एफएंडओ ट्रेडिंग में 100 में से 98 रिटेल निवेशकों को घाटा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार केवल 7.2 फ़ीसदी निजी निवेशकों को ही इसका फायदा हुआ है। छोटे निवेशकों का औसत घाटा 2 लाख रूपये हुआ है। 2 वर्षों के कार्यकाल में 1.13 करोड़ निवेशकों के 1.81 लाख करोड रुपए शेयर बाजार में डूब गए हैं।

सेबी के अनुसार वर्ष 2023-24 में खुदरा निवेशकों को फ्यूचर्स और ऑप्शन ट्रेडिंग में 73 लाख खुदरा निवेशकों को 75000 करोड रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि फ्यूचर्स एंड ऑप्शन में लगभग 89 फ़ीसदी निवेशक अपना पैसा गँवाते हैं। यह संख्या बढ़कर अब 93 फ़ीसदी पर पहुंच गई है।

## सैमसंग में हड़ताल विनिर्माण के लिए खतरा

### एक दशक पहले के नोकिया के श्रीपेरंबुदूर संयंत्र के बंद होने जैसी हो सकती है स्थिति




नई दिल्ली (ईएमएस)। सैमसंग के श्रीपेरंबुदूर संयंत्र में यदि श्रमिकों की हड़ताल जल्द समाप्त नहीं होती है तो भारत के लिए वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनने की अपनी चाहत में महत्त्वपूर्ण जमीन खोने का खतरा हो सकता है। दिल्ली स्थित ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह अनुमान जताया। अगर तमिलनाडु सरकार शीघ्र हस्तक्षेप नहीं करती है तो स्थिति एक दशक पहले के नोकिया के श्रीपेरंबुदूर संयंत्र के बंद होने जैसी हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि नौकरियां समाप्त होंगी और विनिर्माण क्षेत्र में चीन का दबदबा बढ़ेगा। उद्योग मंत्रालय के एक पूर्व अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार भारत को औद्योगिक खुफिया इकाई स्थापित करनी चाहिए ताकि यह पता लग सकें कि इस तरह की बाधाएं किसी विदेशी प्रभाव के कारण तो नहीं खड़ी हो रही हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की चेन्नई के करीब स्थित श्रीपेरंबुदूर में विनिर्माण इकाई में उत्पादन सितंबर की शुरुआत से ही प्रभावित है। इसका कारण यह है कि इस इकाई के सैकड़ों श्रमिक वेतन बढ़ाने, कार्य के घंटे कम करने सहित अन्य मुद्दों की मांग को लेकर सितंबर की शुरुआत से ही हड़ताल पर हैं।

रिपोर्ट के अनुसार यह हड़ताल सैमसंग तक सीमित नहीं रह गई है। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) इस क्षेत्र में अन्य प्रमुख विनिर्माण इकाइयों में अपनी पहचान बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। सीटू क्षेत्र की फॉक्सकॉन, फ्लेक्स और सैनमिना इकाइयों में अपनी पकड़ बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। यदि इस वामपंथी संगठन पर नजर नहीं रखी गई तो तमिलनाडु का इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। इससे संभवतः व्यापक तौर पर भारत का विनिर्माण उद्योग प्रभावित होगा। इसके अलावा विदेशी निवेशक सैमसंग की स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं। विदेशी निवेशक श्रमिक समस्या लंबे समय तक जारी रहने की स्थिति में भारत में अपनी योजनाओं पर पुनर्विचार कर सकते हैं। भारत अभी दक्षिण कोरिया और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) से कारोबारी समझौतों की समीक्षा कर रहा है। हड़ताल के कारण जारी स्थिति बिगड़ने की स्थिति में इन बातचीत पर भी असर पड़ सकता है।

## गोवा में मंत्रियों की बैठक में होगी जीएसटी दरों की समीक्षा




नई दिल्ली (ईएमएस)। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय मंत्रियों का समूह गोवा में मंगलवार और बुधवार को जीएसटी दरों की समीक्षा करेगा। उर्वरक, हैंडलूम और टेक्सटाइल सहित 100 से अधिक उत्पादों पर कर दरों को लेकर चर्चा की जाएगी। इस पैनल की सिफारिशें नवंबर में होने वाली 55वीं वस्तु एवं सेवा कर काउंसिल की बैठक में पेश की जाएंगी। बैठक में रियल एस्टेट से जुड़े मामलों पर भी चर्चा होगी, जिसमें एक मुआवजा योजना भी शामिल हो सकती है, जो इस सेक्टर पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। इस मामले से सीधे तौर पर जुड़े एक सूत्र के मुताबिक इस बैठक में 90-100 उत्पादों की दर को तार्किक बनाने के असर की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। समिति में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खीमसर और केरल के वित्त मंत्री के.एन. बालगोपाल शामिल हैं। वर्तमान में जीएसटी का चार-स्तरीय कर ढांचा है जिसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दरें हैं। आवश्यक वस्तुओं पर या तो छूट दी गई है या उन्हें सबसे निचली दर पर टैक्स किया गया है, जबकि विलासिता और हानिकारक वस्तुओं पर उच्चतम 28 फीसदी की दर लागू होती है और उन पर अतिरिक्त उपकर भी लगाया जाता है। कुछ उत्पादों की दरों में बदलाव संभव हो सकता है लेकिन 12 और 18 फीसदी की दरों को मिलाना या 12 और 5 फीसदी की दरों को मिलाने जैसे बड़े सुधारों में समय लग सकता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अफगान अप्रवासियों से डरा ईरान, बॉर्डर पर दीवार, कांटेदार तार और खाई बना रहा

तेहरान (ईएमएस)। ईरान की सेना अफगानिस्तान बॉर्डर पर दीवार बना रही है। ईरानी सेना ने अफगानिस्तान के साथ अपनी पूर्वी सीमा के 10 किलोमीटर से ज्यादा के क्षेत्र में दीवार बनाई है। ईरान ने दीवार को बनाने की वजह बड़ी संख्या में अप्रवासियों का आना बताया है, जो उसके लिए एक बड़ा मुद्दा बन रहा है। ईरान ने जिस क्षेत्र में दीवार बनाई है, वहां अप्रवासियों की एंट्री का सबसे अहम प्वाइंट है। ईरान ने अभी और भी कई क्षेत्रों में दीवार बनाने और दूसरे इंतजाम करने की बात कही है।सेना के जमीनी बलों के डिप्टी कमांडर जनरल नोजर नेमाती के हवाले से बताया है कि सीमा पर 10 किलोमीटर से अधिक लंबी दीवार बना दी गई है और 50 किलोमीटर क्षेत्र में दीवार बनाने का काम हो रहा है। जनरल नेमाती ने कहा कि सीमा पर दीवार करके हम देश के प्रवेश और निकास को नियंत्रित करना चाहते हैं, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा को बेहतर ढंग से बढ़ाया जा सके।ईरान अफगानिस्तान के साथ 900 किलोमीटर से ज्यादा की सीमा साझा करता है। ईरान में शरणार्थियों की एक बड़ी आबादी है। इनमें से ज्यादातर अफगानी लोग हैं, जो पिछले 40 वर्षों में अपने गृह देश में चल रहे संघर्ष की वजह से भागकर आए हैं। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना के लौटने और तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से अफगान अप्रवासियों का ईरान की ओर प्रवाह फिर से बढ़ गया है।ईरान की ओर से अफगान आप्रवासियों की संख्या के आधिकारिक आंकड़े नहीं दिए हैं। ईरानी संसद के सदस्य अबोलफजल तोराबी का मानना है कि उनके देश में 60 से 70 लाख के बीच अफगानी शरणार्थी हैं। ईरान के मंत्री एस्कंदर मोमेनी ने कहा है कि ईरान सीमा को अवरुद्ध करने के लिए दीवार के अलावा कांटेदार तार और खाई बनाने जैसे तरीकों का भी इस्तेमाल करेगा। हाल ही में ईरान की संसदीय राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा था कि जल्दी ही 20 लाख इसतरह के लोगों को वापस भेजा जाएगा, जो अवैध तरीके से देश में आए हैं। राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि उनकी सरकार अवैध नागरिकों को सम्मानजनक तरीके से उनके देश वापस भेजने की योजना बना रही है।

### एशिया का तीसरे नंबर का ताकतवार देश भारत,रुस और जापान पीछे

#### पाकिस्तान का दूर तक नंबर नहीं

मेलबर्न (ईएमएस)। ताइवान से लेकर लद्दाख तक चल रहे तनाव के बीच एशिया में सबसे शक्तिशाली देशों की सूची आई है। भारत रूस और जापान को पीछे छोड़कर एशिया में तीसरा सबसे शक्तिशाली देश बन गया है। भारत से आगे चीन और सबसे ऊपर अमेरिका का नाम है। ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट थिंक टैंक की ओर से जारी किए गए एशिया पावर इंडेक्स में भारत ने अच्छी छलांग लगाई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि जापान के आर्थिक ताकत में गिरावट की वजह से उसकी ताकत में कमी आई है। जापान अब चौथा सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली देश बन गया है। इस लिस्ट को हर साल इन देशों के संसाधान और प्रभाव को ध्यान में रखकर जारी किया जाता है। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया को पांचवां और यूक्रेन युद्ध में फंसे रूस को छठवां स्थान मिला है।अमेरिका को 81.7, चीन को 72.7 और जापान को 38.9 प्वाइंट मिले हैं। वहीं पाकिस्तान को मात्र 14.6 प्वाइंट मिले हैं और वह 16वें नंबर पर है। एशिया पावर इंडेक्स में कुल 27 देशों और क्षेत्रों का आकलन किया गया। इसमें 6 साल के आंकड़े का इस्तेमाल किया गया है। यह एशिया में तेजी से बदल रहे शक्ति के वितरण का अब तक का सबसे व्यापक आकलन है। इसमें कहा गया है कि अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे प्रभावशाली ताकत है लेकिन अब अमेरिका को चीन की ओर से तेजी से बढ़ती सेना का दबाव झेलना पड़ रहा है।इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने सैन्य बढ़त जरूर हासिल की है, लेकिन उसका प्रभाव स्थिर ही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की ताकत न बढ़ रही है और न ही कम हो रही है। वहीं अमेरिका ने एशिया में अपनी सैन्य ताकत में इजाफा किया है। हालांकि अमेरिका के लिए चिंता की बात यह है कि वह सैन्य ताकत के मामले में चीन के हाथों पिछड़ रहा है। इस सर्वे रिपोर्ट में भारत की तारीफ की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का उभार हो रहा है लेकिन यह थोड़ा धीमा है। भारत अब जापान को पीछे करके एशिया में तीसरा सबसे शक्तिशाली देश बन गया है लेकिन उसका प्रभाव उसके संसाधनों के मुकाबले में कम बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की एशिया में ताकत बढ़ रही है। ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने ताकत के मामले में तीसरा स्थान हासिल किया है।

### क्या अमेरिका की खातिर रुस को धोखा देगा तुर्की

अंकारा (ईएमएस)। अमेरिका और तुर्की के बीच कथित रूप से एफ-35 फाइटर जेट को लेकर बातचीत जारी है। बताया जा रहा है कि अमेरिका ने तुर्की को ऑफर दिया है कि वहां रूस का एयर डिफेंस सिस्टम एस 400 अमेरिका को दे और बदले में एफ-35 फाइटर जेट ले ले। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका इन तुर्की के खरीदे एस-400 सिस्टम का कंट्रोल चाहता है। तुर्की के रूस से एस-400 सिस्टम खरीदने के बाद अमेरिका ने एफ-35 जेट देने से इंकार किया था। यह एफ-35 फाइटर जेट पांचवीं पीढ़ी का है और रूसी ब्रहास्त्र एस-400 का विरोधी माना जाता है। एस-400 सिस्टम को तुर्की के अलावा भारत और चीन भी इस्तेमाल करते हैं।नाटो का सदस्य तुर्की एफ-35 फाइटर प्रोग्राम में साल 2007 में शामिल हुआ था और साल 2019 में रूस से एस-400 खरीदने के बाद तुर्की को प्रोग्राम से हटाया गया था। अमेरिका का कहना है कि एस 400 सिस्टम उसके एफ-35 फाइटर जेट और नाटो के बॉर्डर डिफेंस के लिए खतरा है। यूक्रेन युद्ध में रूस एस-400 का जमकर इस्तेमाल कर रहा है। यूक्रेन की सेना रूस के कई एस 400 सिस्टम को तबाह भी कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने तुर्की को एक व्यापक प्रस्ताव दिया है। इसके तहत एस 400 सिस्टम रहेगा, तुर्की की जमीन पर ही लेकिन इसका कंट्रोल अमेरिका के हाथों में रहेगा।बताया जा रहा है कि एस-400 सिस्टम को तुर्की के इनसिरलिक एयर बेस तैनात किया जाएगा है जिसका नियंत्रण अमेरिका के हाथों में है। माना जा रहा है कि इसके जरिए अमेरिका रूस के एस 400 एयर डिफेंस सिस्टम की जांच कर सकेगा और उसके रहस्यों का पता लगा सकेगा। वहीं अगर तुर्की एफ-35 फाइटर जेट हासिल करता है, तब इससे उसकी हवाई ताकत काफी बढ़ जाएगी। एफ 35 फाइटर जेट दुनिया के उन दो पांचवीं पीढ़ी के विमानों में शामिल है जिसका बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है।एफ-35 के अलावा दूसरा विमान चीन का जे-20 है जो पश्चिमी देशों को टक्कर दे रहा है। तुर्की के पास इस समय एफ-16 और एफ-4 का पुराना संस्करण है। इसमें कोई भी नया रेडॉर नहीं है और न ही 21वीं सदी की एयर टु एयर मिसाइल है। इससे पहले तुर्की ने संकेत दिया था कि वह रूस से सुखोई-35 और सुखोई-57 फाइटर जेट खरीद सकता है। हालांकि अब दोनों के बीच डील होती दिख रही है।

### जापान में भूकंप के झटके, सुनामी का अलर्ट जारी

टोक्यो,(ईएमएस)। जापान की धरती एक बार फिर भूकंप के झटकों से थर्रा गई है। इसके बाद सुनामी का अलर्ट भी जारी किया गया है। यह घटना सोमवार की सुबह हुई, जब मौसम वैज्ञानिकों ने इजू द्वीप के पास 5.6 तीव्रता के भूकंप आना दर्ज किया। भूकंप का केंद्र लगभग सुबह 5 बजे था और इसके बाद ओगासावारा द्वीप पर 3.3 इंच की सुनामी आने की आशंका जताई गई है।जापान, जो चार प्रमुख टेक्टोनिक प्लेटों के शीर्ष पर स्थित है, हर साल लगभग 1,500 भूकंप महसूस करता है, जिनमें से अधिकांश छोटे होते हैं। हाल ही में, पिछले महीने क्यूशु और शिकोकू द्वीपों पर भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे, जिनकी तीव्रता 7.1 मापी गई थी। उस समय तटीय इलाकों में, जैसे मियाजाकी, कोची, इहिमे, कागोशिमा, और आइता, सुनामी का अलर्ट जारी किया गया था, और समुद्र में 20 सेंटीमीटर ऊँची लहरें देखी गई थीं।जापान के मौसम विज्ञानियों ने नागरिकों को सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी है। लोगों को भूकंप की तैयारी के लिए पहले से ही प्रशिक्षित किया गया है, जिससे वे आपात स्थिति में बेहतर तरीके से प्रतिक्रिया कर सकें। स्थानीय सरकारें भी लोगों को चेतावनी देने और सुरक्षित स्थानों की ओर मार्गदर्शन करने के लिए तैयार हैं। हालांकि भूकंप का केंद्र दूरस्थ द्वीपों पर था, लेकिन इसके प्रभाव से निपटने के लिए जापान सरकार ने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। जापान के नागरिकों की सुरक्षा और राहत कार्यों के लिए पूरा तंत्र सक्रिय है। अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और स्थिति में सुधार की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# पीएम मोदी का तीन दिवसीय दौरा खत्म अमेरिका से भारत के लिए हुए रवाना



न्यूयॉर्क(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीन दिवसीय अमेरिका दौरा खत्म हो गया है। इन तीन दिनों में पीएम मोदी के अमेरिका में कई कार्यक्रम थे। क्वाड शिखर सम्मेलन, द्विपक्षीय वार्ता और अप्रवासी भारतीयों को संबोधित करने जैसे महत्वपूर्ण और प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होकर वे भारत के लिए रवाना हो गए हैं।तीन दिवसीय यूएस यात्रा के अंतिम चरण में सोमवार को पीएम मोदी ने न्यूयॉर्क में यूएन समिट ऑफ द फ्यूचर के मौके पर अपने अर्मेनियाई समकक्ष निकोल पशिन्यान और वेटिकन सिटी के कार्डिनल सचिव पिएत्रो पारोलिन के साथ बातचीत की।प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज संयुक्त राष्ट्र में समिट ऑफ द फ्यूचर के मौके पर आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान से मिलना अद्भुत रहा। एक दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा, न्यूयॉर्क में होली सी के राज्य सचिव कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की।प्रधानमंत्री ने जेलेंस्की के साथ अपनी बैठक के दौरान यूक्रेन में संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को दोहराया, जो कूटनीति, संवाद और सभी हितधारकों के बीच सहभागिता पर आधारित है। बैठक के बाद पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि न्यूयॉर्क में राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात हुई। हम पिछले महीने यूक्रेन की अपनी यात्रा के परिणामों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया जा सके। उन्होंने यूक्रेन में संघर्ष के शीघ्र समाधान और शांति और स्थिरता की बहाली के लिए भारत का समर्थन दोहराया।प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच यह बीते तीन महीने में तीसरी बैठक थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने आपस में संपर्क बरकरार रखने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को वियतनाम के राष्ट्रपति टू लैम से भी मुलाकात की और कहा कि इस मुलाकात से दोनों देशों के संबंध बेहतर होंगे। अपनी मुलाकात के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, हमने भारत-वियतनाम मित्रता की पूरी श्रृंखला का जायजा लिया।

### सीरिया में नई सरकार का गठन, राष्ट्रपति असद ने दी मंजूरी

दमिश्क (ईएमएस)। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद ने हाल ही में एक आदेश में नई सरकार के गठन की घोषणा की। आदेश के तहत पूर्व उप विदेश मंत्री बासम अल-सब्बाग को फैसल मेकदाद के स्थान पर विदेश मंत्री बनाया गया। मेकडैड को उपराष्ट्रपर्ता नियुक्त किया गया। जिसे राष्ट्रपति के निर्देशों के तहत विदेश और मीडिया नीति को लागू करने का काम सौंपा गया। सीरिया के सबसे बड़े प्रिंट मीडिया प्रकाशकों में से एक, अल-वहदा प्रिंटिंग एंड पब्लिशिंग ऑर्गनाइजेशन के पूर्व महानिदेशक ज़ियाद घोसौं को नया सूचना मंत्री नामित किया गया। नई सरकार का गठन शनिवार को अल-असद द्वारा जारी एक आदेश के बाद हुआ है। इसमें उन्होंने पूर्व संचार मंत्री मोहम्मद गाजी जलाली को नए प्रधान मंत्री के रूप में नामित किया। उन्हें जुलाई के संसदीय चुनावों के बाद सरकार बनाने का काम सौंपा था। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार 55 वर्षीय जलाली अक्टूबर 2014 से यूरोपीय संघ ने प्रतिबंध लगा रखा है।

## जब, अमेरिकी सड़कों पर लगे यूनुस वापस जाओ, यूनुस सत्ता छोड़ो के नारे



वॉशिंगटन (ईएमएस)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को अमेरिका में बांग्लादेशी मूल के लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका गए यूनुस न्यूयॉर्क के होटल में ठहरे हुए हैं। बस फिर क्या प्रदर्शनकारी होटल के बाहर जमा हो गए और उनके खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले और शेख हसीना को हटाए जाने के तरीके को लेकर नाराजगी जाहिर की है।न्यूयॉर्क यूनुस के होटल के बाहर जमा लोगों ने यूनुस वापस जाओ, यूनुस सत्ता छोड़ो, यूनुस शर्म करो और हिन्दुओं पर हमले बंद करो जैसे नारे लगाए। नारेबाजी कर रहे एक प्रदर्शनकारी शेख जमाल हुसैन ने कहा कि डॉक्टर यूनुस ने असंवैधानिक और अवैध तरीके से सत्ता हासिल हथिया ली है। उन्होंने गंदी राजनीति से सत्ता हासिल की। इसका नतीजा ये हुआ कि हिंसा में बहुत से लोग मारे गए और देश की छवि को धक्का लगा।यूनुस का विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि यूनुस कैसे देश की सत्ता संभाल सकते हैं, जब शेख हसीना ने पीएम पद छोड़ ही नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी तक निर्वाचित पीएम शेख हसीना ने इस्तीफा नहीं दिया है, उन पर दबाव बनाकर गलत तरह से देश के बाहर जाने पर मजबूर किया गया।यूनुस का विरोध कर रहे रोनाल्ड ने कहा, हम एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र में विश्वास करते हैं लेकिन बलपूर्वक सत्ता हासिल करने के बाद यूनुस सरकार में तमाम लोगों, खासतौर से कमजोर वर्ग को मारा गया है। प्रदर्शनकारी डॉक्टर रहमान ने कहा कि मैं बांग्लादेश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने आए अवैध, अनिर्वाचित व्यक्ति का विरोध करने के लिए यहां आया हूं। वह निर्वाचित नहीं है, उन्हें छात्रों ने नियुक्त किया है ना कि जनता ने। यूनुस ने देश पर अवैध कब्जा कर लिया है।

## ऑटोमोबाइल सेक्टर में चीन और रुस पर प्रतिबंध, बाइडेन सरकार की तैयारी



वॉशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका की चीन और रूस के साथ बढ़ती दुश्मनी अब ऑटोमोबाइल सेक्टर में दिखेगा। अमेरिकी सरकार चीन और रूस की तकनीक से आने वाली स्मार्ट कारों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रही है। इस कदम के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला दिया गया है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग की योजना है कि अमेरिका की सड़कों पर कनेक्टेड और सेल्फ-ड्राइविंग वाहनों में चीनी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के उपयोग को प्रतिबंधित करना है। दरअसल अमेरिकी अधिकारियों को आशंका है कि चीनी कंपनियां अपने सॉफ्टवेयर के माध्यम से संवेदनशील जानकारियाँ जुटा सकती हैं, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हो सकती हैं।यूएस कॉमर्स सेक्रेटरी जीना रायमोंडो ने बताया कि फरवरी में शुरू हुई जांच में सामने आया हैं कि चीनी और रूस से आए सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर से जुड़े वाहनों में हैकिंग के द्वारा रिमोट कंट्रोल और व्यक्तिगत डेटा की चोरी का खतरा है। उन्होंने कहा, विरोधी देश एक साथ अमेरिका में चल रहे सभी वाहनों को बंद कर सकता है या उन पर नियंत्रण प्राप्त कर सकता है, जिससे सड़क पर दुर्घटनाएं या अवरोध पैदा हो सकते हैं।हालांकि, यह नियम पहले से मौजूद चीनी सॉफ्टवेयर वाली कारों पर लागू नहीं होगा। यह नियम अमेरिका और चीन के बीच प्रमुख कंप्यूटिंग तकनीक और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए एक व्यापक संघर्ष का हिस्सा हैं। चीन ने कनेक्टेड कार बाजार में भारी निवेश किया है और यूरोप में चीनी निर्माताओं की प्रगति ने अमेरिका को चिंतित कर दिया है। अमेरिका में टेस्ला की इलेक्ट्रिक कारों द्वारा जुटाए गए डेटा को लेकर चीन की अपनी चिंताएं हैं, जिसके कारण कई संवेदनशील स्थानों पर टेस्ला की एंट्री पर रोक है।कनेक्टेड कारें आजकल इंटरनेट से चलने वाली आधुनिक कारें हैं, जो विभिन्न सुविधाओं के लिए सॉफ्टवेयर का उपयोग करती हैं। इस प्रक्रिया में हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर शामिल होते हैं, जो ब्लूटूथ, वाईफाई और सेलुलर तकनीक का उपयोग करते हैं।

# एआई को लेकर फोकस कर रहे पीएम मोदी, जानकर अच्छा लगा : सुंदर पिचाई



न्यूयॉर्क (ईएमएस)। अल्फाबेट और गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टेक नेताओं को जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया है। न्यूयॉर्क में पीएम मोदी के साथ सीईओ की गोलमेज बैठक में पिचाई ने कहा कि वह 'डिजिटल इंडिया' विजन के साथ देश को बदलने पर प्रधानमंत्री के फोकस से काफी प्रभावित हुए हैं। पिचाई ने कहा, पीएम मोदी ने हमें भारत में निर्माण और डिजाइन जारी रखने को प्रेरित किया है। हमें अब भारत में अपने पिक्सेल फोन का निर्माण करने पर गर्व है। पीएम मोदी सचमुच में इस बारे में सोच रहे है कि एआई से भारतीय लोगों को फायदा हो। पिंचई के अनुसार, पीएम मोदी ने उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बुनियादी ढांचे, डेटा सेंटर, बिजली और ऊर्जा आदि में एप्लीकेशन बनाने के बारे में सोचने के लिए चुनौती दी है, ताकि भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ सके।गूगल के सीईओ पिंचई ने कहा, हम भारत में एआई में मजबूती से निवेश कर रहे हैं और हम और भी ज्यादा निवेश करने के लिए तत्पर हैं। गगूल ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, कृषि और स्वास्थ्य मंत्रालय और केंद्र और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में कई कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। प्रौद्योगिकी (टेक) दिग्गज भारत में और अधिक निवेश करने का इरादा रखता है। पिचाई ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा हम सभी को भारत के लिए और अधिक करने को कहा है। अब, वे हमसे एआई के साथ भी ऐसा ही करने के लिए कह रहे हैं। वे एआई की क्षमता को समझकर जानते हैं कि यह तकनीक लोगों के जीवन में कैसे सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। इसके लिए उनके पास स्पष्ट दृष्टिकोण (विजन) है।चिप डिजाइन और विनिर्माण, आईटी और जैव विज्ञान क्षेत्रों के 15 सीईओ के साथ बैठक के बाद, पीएम मोदी ने पोस्ट में कहा कि उन्हें भारत के प्रति अपार आशावाद देखकर खुशी हुई। इस बीच, पिचाई ने 120 मिलियन डॉलर के 'ग्लोबल एआई ऑपर्च्युनिटी फंड' की घोषणा की। इसका मकसद है कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एजुकेशन और ट्रेनिंग, दुनिया भर के समुदायों में उपलब्ध कराया जाए।

### अमेरिका के मुस्लिम बाहुल्य शहर के मेयर आमेर ग़ालिब ने डोनाल्ड ट्रंप का किया समर्थन

वाशिंगटन,(ईएमएस)। संयुक्त राज्य अमेरिका के एकमात्र मुस्लिम बाहुल्य शहर हैमट्रैमक के मेयर आमेर ग़ालिब ने राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को समर्थन देने का ऐलान किया है। मिशिगन राज्य के हैमट्रैमक शहर का नेतृत्व करने वाले ग़ालिब ने हाल ही में कहा कि, हालांकि उनकी कुछ मुद्दों पर ट्रंप से असहमति है, लेकिन वह उन्हें सिद्धांतों वाले व्यक्ति और सही च्वाइस मानते हैं।ग़ालिब ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, कि डोनाल्ड ट्रंप और मैं हर मुद्दे पर सहमत नहीं हैं, लेकिन मैं जानता हूं कि वे सिद्धांतों वाले आदमी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह ट्रंप की चुनावी जीत की कामना करते हैं, और यह महसूस करते हैं कि वह इस समय के लिए सही च्वाइस हैं। ग़ालिब ने अपने फैसले पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा है, कि नतीजे कुछ भी हों, मुझे अपने फैसले पर पछतावा नहीं होगा और मैं नतीजों का सामना करने के लिए तैयार हूं। ग़ालिब के इस बयान का स्क्रीनशॉट लेते हुए ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर साझा किया है।आमेर ग़ालिब, 17 साल की उम्र में यमन से अमेरिका आए थे। हैमट्रैमक की जनसंख्या लगभग 28,000 है। इस शहर ने 2021 में एक मुस्लिम नगर परिषद और एक मुस्लिम मेयर का चुनाव कर के सुर्खियाँ बटोरी थीं। उन्होंने मिशिगन के फ्लिंट शहर में एक टाउन हॉल में रिपब्लिकन उम्मीदवार से मिलने के एक सप्ताह बाद ट्रंप का समर्थन करने का फैसला लिया। ग़ालिब का ट्रंप को समर्थन एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव माना जा रहा है। अब देखना यह होगा कि उनके इस समर्थन का चुनावी परिणाम पर क्या प्रभाव पड़ता है।

### सुनीता विलियम्स दूसरी बार बनीं स्पेस स्टेशन की कप्तान

वॉशिंगटन(ईएमएस)। लगभग 4 माह से अंतरिक्ष में रह रहीं एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स को धरती पर लाने के प्रयासों के साथ उन्हे आईएसएस यानी अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन की कमान सौंपी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने ऐलान किया है कि रूसी कॉस्मोनॉट ओलेक कोनोनेंको ने स्पेस स्टेशन की कमान विलियम्स को सौंप दी है। इसे लेकर स्पेस स्टेशन पर छोटा कार्यक्रम भी आयोजित हुआ था। अंतरिक्ष में 374 दिन बिताने के बाद वापस रूस के कोनोनेंको और निकोलाइ चुब और एक अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ट्रेसी सी डायसन धरती पर लौट आए हैं। डायसन 6 महीने अंतरिक्ष में रहीं। इससे पहले करीब 12 साल पहले यानी 2012 में एक्सपीडीशन 33 के दौरान विलियम्स ने स्पेस स्टेशन की कमान संभाली थी। स्पेस स्टेशन की कप्तान होने के नाते भारतवंशी अंतरिक्ष यात्री के पास कई अहम ऑपरेशन और साइंटिफिक रिसर्च का काम संभालेंगी। कार्यक्रम के दौरान विलियम्स ने कहा, एक्सपीडीशन 71 ने हमें काफी कुछ सिखाया है...। आपने मुझे और बुच को अपनाया।

# मिस्र में 3200 साल से जमीन के अंदर दफन खजाना मिला




काहिरा (ईएमएस)। मिस्र में जमीन के अंदर दफन खजाना मिला है। पुरातत्वविदों के अनुसार, 3200 साल पुराने फराओ रामेसेस द्वितीय की एक सैन्य बैरक की खोज की है। खुदाई के दौरान मिले अवशेषों में सबसे उल्लेखनीय एक तलवार है, जिस पर रामेसेस द्वितीय का नाम अंकित है।यह अवशेष प्राचीन मिस्र की सैन्य ताकत का एक महत्वपूर्ण प्रमाण है। यह सैन्य बैरक उत्तर-पश्चिमी नील डेल्टा के पास एक सैन्य सड़क के किनारे स्थित था, जिसका उद्देश्य पश्चिमी रेगिस्तान और भूमध्य सागर से नील डेल्टा में आने वाले आक्रमणकारियों से रक्षा करना था। रामेसेस द्वितीय को मिस्र के सबसे शक्तिशाली और सफल योद्धा फराओ के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने 15 सैन्य अभियानों में भाग लिया और अधिकांश में जीत हासिल की। इस सैन्य बैरक में कई गोदाम और संरचनाएँ पाई गईं हैं, जिनका उपयोग अनाज रखने और पकाने के लिए किया जाता था। पुरातत्वविदों को मिट्टी के बर्तनों में मछली और अन्य जानवरों की हड्डियों के अवशेष भी मिले हैं। इसके अलावा, गायों के दफन अवशेष भी पाए गए हैं, जिन्हें मिस्र में शक्ति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता था।हालांकि, इस मामले में यह संभावना है कि गायों को भोजन के लिए इस्तेमाल किया गया होगा, क्योंकि उनकी हड्डियां एक ओवन के पास मिली थीं। रामेसेस द्वितीय के नाम से अंकित कांसे की तलवार विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह तलवार बैरक के एक छोटे से कमरे में मिली थी और इसे लड़ाई में इस्तेमाल किया जाता था। पुरातत्वविदों ने बताया कि यह तलवार केवल प्रतीकात्मक नहीं थी, बल्कि इसका वास्तविक सैन्य उपयोग होता था।

### 72 लाख किमी की रफ्तार से आ रहे एस्टेरॉयड्स से क्या होगा धरती का हाल!



वॉशिंगटन(ईएमएस)। नासा हाल ही में धरती के पास आने वाले एस्टेरॉयड्स के कारण अलर्ट मोड में है। इन एस्टेरॉयड्स में से कई बड़े आकार के हैं, लेकिन नासा ने स्पष्ट किया है कि इनसे धरती को कोई खतरा नहीं है। 15 सितंबर को एक 660 फीट लंबा एस्टेरॉयड धरती के पास से गुजरा, लेकिन इससे कोई विनाशकारी प्रभाव नहीं पड़ा।विशेषज्ञों का मानना है कि एस्टेरॉयड्स का धरती के करीब आना एक प्राकृतिक घटना है, लेकिन इससे उत्पन्न होने वाले प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। नासा की इस पहल से मानवता को एक नई चेतना मिली है कि हमें हमेशा सतर्क रहना चाहिए। इस प्रकार, नासा अपने मिशनों के जरिए खगोल विज्ञान की नई जानकारी जुटाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि भविष्य में किसी भी संभावित खतरे का सही समय पर सामना किया जा सके।नासा ने आगामी घटनाओं के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया कि 24 सितंबर की रात को दो एस्टेरॉयड, 2020 जीई और 2024 आरओ11, धरती के करीब आएंगे। इनमें से 2024 आरओ 11 का आकार लगभग 120 फीट है और यह धरती के काफी पास से गुजरेगा। हालांकि, इससे टकराने की संभावना नहीं है। दूसरी ओर, 2020 जीई धरती से लगभग 6 लाख मील की दूरी पर रहेगा। नासा ने कहा कि इन एस्टेरॉयड्स को विशेष दूरबीनों से देखा जा सकेगा।नासा ने यह भी बताया कि 25 सितंबर को एक और एस्टेरॉयड, 2024 आरके 7, धरती के करीब आएगा। इसका आकार लगभग 100 फीट है और इससे भी कोई खतरा नहीं है। लेकिन लगातार बढ़ते एस्टेरॉयड्स के कारण नासा की सतर्कता बढ़ गई है। हाल ही में, 15 सितंबर को एस्टेरॉयड 2024 आरएन 16 धरती के पास से गुजरा, जिससे भयानक शॉकवेव और 16 मेगाटन की ऊर्जा निकली थी। यह घटना अत्यंत दुर्लभ है, जो लगभग 999 वर्षों में एक बार होती है।

## शुभमन से अच्छी दोस्ती से बड़ी साझेदारी बनाने में सहायता मिली : ऋषभ

चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबा बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा है कि उनकी शुभमन गिल के साथ अच्छी दोस्ती है। इससे बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच की दूसरी पारी में शुभमन के साथ अच्छी साझेदारी बनाने में सहायता मिली। ये दोनो ही बल्लेबाज पहली पारी में अधिक रन नहीं बना पाये थे पर दूसरी पारी में उन्होंने 167 रन की साझेदारी बनाकर मैच बदल दिया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसी को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी साझा किया है। इसमें ऋषभ ने कहा कि जब मैदान के बाहर आपके बीच बहुत अच्छे संबंध होते हैं तो फिर उस खिलाड़ी के साथ बल्लेबाजी करते हुए तालमेल बनाने में सहायता मिलती है। हम एक दूसरे के खेल का आनंद ले रहे थे, आपस में खूब बातें कर रहे थे और मैच पर भी बात कर रहे थे और बेहद सहज थे। इसके अलावा हम दोनों यह जानते थे कि हमें क्या करना है।

दिसंबर 2022 में सड़क हादसे के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलने वाले ऋषभ ने कहा कि आप जहां भी खेल रहे हों, आपके खेल में सुधार होना चाहिए, ये मेरा मानना है, इसलिए मैं टीम की सहायता करने की कोशिश कर रहा था और यह शानदार रहा। मैंने इसका पूरा आनंद उठाया। ऋषभ ने 128 गेंद पर 109 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने अपने रक्षात्मक और आक्रामक खेल का शानदार नमूना पेश किया।

## भारतीय बैडमिंटन संघ पेरिस पैरालंपिक खेलों के पदक विजेताओं को पुरस्कार देगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। पेरिस पैरालंपिक खेलों के पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ियों को भारतीय बैडमिंटन संघ (बाई) ने पुरस्कार देने की घोषणा की है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बाई) के अध्यक्ष डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि बाई पेरिस पैरालंपिक 2024 के पदक विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए 50 लाख रुपये के संयुक्त पुरस्कार से सम्मानित करेगा। भारत ने पेरिस पैरालंपिक की बैडमिंटन स्पर्धा में पांच पदक जीते जिसमें एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य शामिल हैं। ये पैरालंपिक खेलों के किसी भी संस्करण में अब तक के सबसे अधिक पदक हैं। नितेश कुमार ने पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीता, जबकि सुहास यतिराज (पुरुष एकल एसएल4) ने पेरिस में दोहराई जीत के साथ टोक्यो से अपने रजत पदक में इजाफा किया। थुलसिमथि मुरुगेसन, मनीषा रामदास और नित्या श्री सिवन ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनीं। थुलसिमथि ने महिला एकल एसयू5 में रजत और मनीषा ने कांस्य पदक जीता। इस बीच, नित्या ने एसएच6 श्रेणी में कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक विजेता नितेश को 15 लाख रुपये, रजत पदक विजेता सुहास और थुलसिमथि को 10-10 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेता मनीषा और नित्या को 7.5-7.5 लाख रुपये मिलेंगे। पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए बाई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी विश्व मंच पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और नकद पुरस्कार बाई के लिए पैरालंपिक में देश को पदक जीतने में मदद करने के उनके प्रयासों को मान्यता देने का एक तरीका है।

## मुंबई सिटी इस बार आईएसएल जीतने के पूरे प्रयास करेगी : विक्रम

नई दिल्ली (ईएमएस)। मुंबई सिटी एफसी के फॉरवर्ड विक्रम प्रताप सिंह का कहना है कि उनकी टीम इस बार आईएसएल फुटबॉल ट्रॉफी जीतने के पूरे प्रयास करेगी। सिंह ने कहा, हम पिछली बार से ज्यादा उत्साहित और प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि जब आप मुंबई सिटी एफसी जैसे क्लब के लिए खेलते हैं, तो आपको पता होता है कि जीतना है। हमारे लिए ड्रॉ हार के समान है और हर कोई इसी मानसिकता के साथ खेलता है।उन्होंने माना कि इस समय टीम कठिन हालातों का सामना कर रही है। उसे इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) कप में अपने शुरुआती दो मैचों में ड्रॉ और हार का सामना पड़ा है। विक्रम चार साल पहले अक्टूबर 2020 में मुंबई सिटी एफसी में शामिल हुए थे पर साल 2023/24 सीजन उनके लिए अच्छा रहा। इस फॉरवर्ड ने इस सत्र में 20 मैच खेलकर सात गोल किये। उन्होंने एफसी गोवा के खिलाफ सेमीफाइनल के पहले चरण में ही 91वें मिनट में एक अहम गोल करके अपनी टीम को 3-2 से जीत दिलाई थी।हालांकि विक्रम का कहना है कि उनपर कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि दबाव ज्यादा मायने नहीं रखता। मैं हमेशा पिछले सत्र से बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करता हूं। मेरा लक्ष्य केवल पिछले सत्र से ज्यादा गोल करना है। अब इस खिलाड़ी का लक्ष्य टीम की ओर से बेहतर प्रदर्शन करना है।

## समित द्रविड़ को तीसरे मैच में खेलने का अवसर मिलेगा



पुड्डुचेरी (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच रहे राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ को अब यहां 26 सितंबर को यूथ वनडे सीरीज के तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलियाई अंडर 19 टीम के खिलाफ खेलने का अवसर मिलता है या नहीं ये देखना होगा। शुरुआती दोनो ही मैचों में समित टीम में जगह नहीं बना पाये थे। अब तक हुए दोनो ही मैचों में इंडिया अंडर 19 टीम ने जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल की है। ऐसे में तीसरे मैच में भी टीम में बदलाव होने की संभावना कम ही है। सीरीज का तीसरा और आखिरी एकदिवसीय मैच 26 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमों के बीच 30 सितंबर से टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। समित दो साल बाद आयोजित होने वाले अंडर 19 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि तब तक उनकी उम्र अधिक हो जाएगी। अगला अंडर 19 विश्व कप 2026 में आयोजित होगा। समित ऑलराउंडर के तौर पर खेलते हैं। समित ने हाल में कर्नाटक में महाराजा टी20 लीग कूच बिहार ट्रॉफी में कर्नाटक की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया था। उसी के बाद ही चयनकर्ताओं ने उन्हें अंडर 19 टीम में शामिल किया।

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में विराट अश्विन और जडेजा बना सकते हैं कई रिकार्ड



कानपुर (ईएमएस)। यहां 27 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम तैयार है। चेन्नई टेस्ट में 280 रनों की बढ़ी जीत के साथ ही भारतीय टीम सीरीज में 1-0 से आगे है। ऐसे में उसका लक्ष्य दूसरे टेस्ट को भी जीतकर सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करना रहेगा। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश टीम भी ये मैच जीतकर सीरीज बराबर करने के प्रयास करेगी।

कानपुर में भारतीय टीम के कई खिलाड़ी रिकार्ड बना सकते हैं। अगर भारतीय टीम कानपुर टेस्ट जीतती है, तो वो टेस्ट की चौथी सबसे सफल टीम बन सकती है। भारतीय टीम ने अब तक 580 में से 179 मुकाबले जीत लिए हैं, इतने ही टेस्ट दक्षिण अफ्रीका ने भी जीते हैं। कानपुर टेस्ट जीतकर भारत, दक्षिण अफ्रीका से आगे निकल जाएगा। वहीं व्यक्तिगत रिकॉर्ड की बात करें तो, कानपुर में महज 35 रन बनाते ही विराट 27 हजार अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले चौथे खिलाड़ी बन जाएंगे।

उनके नाम दो रिकॉर्ड और जुड़ सकते हैं। कोहली 9,000 टेस्ट रन के करीब हैं। हालांकि इसके लिए उन्हें एक एक बड़ी शतकीय पारी खेलनी होगी। साथ ही, विराट कोहली के नाम 114 टेस्ट में 29 शतक हैं। वे बांग्लादेश के खिलाफ एक भी शतक लगाते हैं तो ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज सर डोनाल्ड ब्रैडमैन के 52 टेस्ट में 29 शतक के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक के मामले में वह राहुल द्रविड़ से भी आगे निकल सकते हैं। द्रविड़ के नाम 48 इंटरनेशनल शतक हैं। जबकि रोहित के नाम भी कुल 48 शतक हैं। अगर वो बांग्लादेश के खिलाफ शतकीय पारी खेलते हैं, तो वो द्रविड़ को पीछे छोड़ सकते हैं।

वहीं कानपुर में 9 विकेट लेकर स्पिनर आर अश्विन, नाथन लायन से आगे निकल सकते हैं। लायन के नाम (129 टेस्ट में 530 विकेट), जबकि अश्विन के नाम 101 टेस्ट में 522 विकेट हैं। इसके साथ ही अश्विन के निशाने पर और भी कई बड़े रिकॉर्ड होंगे। वहीं ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा 300 टेस्ट विकेट के करीब। कानपुर में एक और विकेट लेते ही वो टेस्ट में 300 विकेट पूरे कर लेंगे।

## आईसीसी ने टी20 महिला विश्वकप के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा की, भारत की लक्ष्मी भी शामिल



दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने यूएई में अगले माह होने वाले टी20 महिला विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। इसमें दस अंपायर और तीन मैच रेफरी शामिल हैं। विश्वकप 3 से 20 अक्टूबर खेला जाएगा। अंपायरों के पैनल में क्लेयर पोलोसाक सहित कई अनुभवी अधिकारी शामिल हैं।

पोलोसाक पांचवीं बार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगी जबकि किम कॉटन और जैकलीन विलियम्स अपने चौथे विश्व कप में अंपायरिंग करेंगी।

सू रेडफर्न चौथी बार पैनल में शामिल की गयी हैं। वहीं जिम्बाब्वे की सारा डंबनेवाना अपनी बार अंपायरिंग पैनल में हैं। मैच रेफरी की टीम में भारत की जीएस लक्ष्मी को भी जगह मिली है। वह 2012 में टी20 मैच में रेफरी रहीं थी और 2023 में फाइनल में भी रैफरी रहीं थी। उनके साथ शैंड्रे फ्रिट्ज़ और मिशेल परेरा भी शामिल हैं।

आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक अंपायर और रेफरी, सीन ईज़ी ने कहाः आईसीसी को खेल में महिलाओं की उन्नति में योगदान देने पर गर्व है। आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए पूरे महिला पैनल की घोषणा करना गर्व का अनुभव है। द्विपक्षीय और अन्य क्रिकेट मैचों में अपने हालिया प्रदर्शन के आधार पर इस आयोजन के लिए सबसे योग्य अंपायरों के रूप में चुने गए इस समूह में दुनिया भर की कुछ बेहतरीन अंपायर शामिल हैं।

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच रेफरी : शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा। अंपायरों का पैनलः लॉरेन एगेनबैग, किम कॉटन, सारा डंबनेवाना, अन्ना हैरिस, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसाक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, जैकलीन विलियम्स।

## अगले माह भारत और जर्मनी खेलेंगे दो मैचों की सीरीज



नई दिल्ली (ईएमएस)। हॉकी इंडिया ने कहा है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम अगले माह 23 और 24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम को जर्मनी के हाथों ही इस बार पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में 3-2 से हार का सामना करना पड़ा था। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'जर्मनी के खिलाफ इस द्विपक्षीय सीरीज में शीर्ष विश्व स्तरीय हॉकी देखने को मिलेगी। भारत और जर्मनी की टीम का प्रदर्शन हाल में काफी अच्छा रहा है। ऐसे में इस सीरीज में प्रशंसकों को विश्व की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। टिर्की ने कहा, 'हम इस सीरीज की मेजबानी से उत्साहि हैं। इससे ना केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा मिलेगा बल्कि दोनों देशों के बीच रिश्ते भी बेहतर होंगे। वहीं हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, 'भारत-जर्मनी की टीमों के बीच हमेशा ही एक रोमांचक प्रतियोगिता हुई है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं और मेरा मानना है कि यह सीरीज दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को बेहतर बनाने का अवसर देगी। दूसरी ओर जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच ने कहा कि उनकी टीम इस कठिन सीरीज के लिए तैयार है।

## डेविस कप टेनिस के लिए स्पेन ने नडाल और अल्काराज़ को शामिल किया



मैड्रिड (ईएमएस)। स्पेन ने अगले माह होने वाले डेविड कप टेनिस के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। इसमें स्टार खिलाड़ियों राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज़ को भी शामिल किया है। स्पेन को 19 से 24 नवंबर के बीच मलागा में नीदरलैंड्स के खिलाफ क्वार्टर फाइनल खेलना है।

वहीं इटली टीम की कमान विश्व नंबर 1 जानिक सिनर संभालेंगे। सिनर 2012-13 के बाद से अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने का प्रयास करेंगे। स्पेन की टीम पर इस मुकाबले में सभी की नजरें रहेंगी। नडाल, जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक के बाद से खेल नहीं खेला है, और यूएस ओपन तथा लेवर कप से नाम वापस ले लिया था। वहीं दूसरी ओर अल्काराज़ ने इस सत्र में फ्रेंच ओपन और विबलडन जीते हैं और वह अच्छी लय में हैं। अर्जेंटीना की टीम में सेबस्टियन बाएज़, फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और टॉमस मार्टिन एटचेवरी जैसे अच्छे खिलाड़ी शामिल हैं। डेविस कप में दो अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला होगा। अमेरिका की टीम में टेलर फ्रिट्ज़, टॉमी पॉल और बेन शेल्टन जैसे शीर्ष खिलाड़ी शामिल रहेंगे।



बीजिंग में चीन ओपन में खेलती हुई बेलारुस की आर्यानका सबालेंका।

## ग्वालियर में भारत-बांग्लादेश टी20 मैच का हो रहा विरोध

ग्वालियर (ईएमएस)। ग्वालियर में भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले टी-20 क्रिकेट मैच का विरोध शुरु हो गया है। अखिल भारत हदिं महासभा ने कहा है कि इस मैच को नहीं होने दिया जाएगा। अखिल भारत हिंदू महासभा के उपाध्यक्ष जयवीर भारद्वाज ने कहा, हिंदू महासभा ने 14 अगस्त को घोषणा की थी कि अगर भारत बांग्लादेश का मैच यहां होगा तो विरोध होगा। महासभा का कहना है कि बांग्लादेश में हदिुओं के साथ अत्याचार हो रहा है। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है इसलिए हम यहां पर मैच नहीं होने देंगे। साथ ही कहा कि ग्वालियर में जब मैच खेलने के लिए बांग्लादेश की टीम आएगी, तो हम विरोध करेंगे। भारत ओर बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद 3 टी-20 मैच खेले जाने हैं और इसी का पहला मैच ग्वालियर में रखा गया है। जिसके लिए टिकट भी बुक हो गये हैं पर अब इसके आयोजन में बाधा आ रही है।

## बुमराह के सबसे फिट क्रिकेटर वाले बयान के बचाव में आये अश्विन

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बचाव में सामने आये हैं। बुमराह ने हाल में कहा था कि वह सबसे फिट क्रिकेटर हैं। इसी के बाद लोगों ने बुमराह की आलोचना करते हुए कहा था कि उन्हें विराट कोहली का नाम लेना चाहिये था। वहीं इसी को लेकर अश्विन ने कहा कि किसी क्रिकेटर से सवाल पूछना और फिर उसके जवाब से सभी को खुश करने की उम्मीद रखना सही नहीं है। अश्विन ने कहा कि आज बुमराह आधुनिक युग के सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक हैं। बुमराह ने एक प्रमोशनल इवेंट में भारत के सबसे फिट क्रिकेटर वाले सवाल पर अपना ही नाम लिया था। इसपर कुछ प्रशंसकों ने आपत्ति जताई और यहां तक कहा कि उन्हें विराट का नाम लेना चाहिए था। इसी को लेकर अश्विन ने कहा कि बुमराह अपनी लंबे समय से चली आ रही पीठ की चोट की चिंताओं से उबरकर सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गया है और लगातार 145 किलोमीटर प्रति घंटे और उससे अधिक की गति से गेंद फेंक रहा है। अश्विन ने कहा, आप इस मामले को किसी कारण से खींच रहे हैं। बुमराह एक तेज गेंदबाज हैं जो चिलचिलाती गर्मी में 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। वह कड़ी मेहनत करते हैं। साथ ही कहा कि बुमराह जो कहना चाहते हैं, उन्हें कहने दें, बस उसे स्वीकार करें। मीडिया ने बुमराह से सवाल किया था जिसका उन्होंने जवाब दिया पर इसपर क्यों आपत्ति जतायी जा रही है। अश्विन ने स्वीकार किया कि विराट सबसे फिट क्रिकेटरों में से एक हैं और इस बात पर जोर दिया कि एक तेज गेंदबाज और बल्लेबाज की तुलना करना भी सही नहीं है।

## मयंक को ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करते देखना चाहत हैं बासित

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि आज उसके पास निरंतर कई नई प्रतिभाएं आ रही हैं। बासित ने कहा कि वह भारत के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में खेलते हुए देखना चाहते हैं। पाक क्रिकेटर ने कहा कि 2024 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मयंक नाम का एक और तेज गेंदबाज सामने आया। दिल्ली के इस तेज गेंदबाज ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया। युवा तेज गेंदबाज ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी और आईपीएल 2024 की सबसे तेज और टूर्नामेंट के इतिहास की चौथी सबसे तेज गेंद फेंकी।

अपनी तेज गति के साथ मयंक ने लगातार 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंककर सबको हैरान कर दिया। बासित अब मयंक को भारतीय टीम के लिए खेलते हुए देखने का इंतजार कर रहे हैं। बासित ने कहा, मयंक यादव की गेंद बहुत खतरनाक है। उनका बाउंसर सटीक है। मैं उन्हें ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच खेलते देखना चाहता हूं। मयंक को नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) श्रृंखला के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया है। बासित के अनुसार आज जसप्रीत बुमराह सहित भारतीय टीम का तेज गेंदबाजी आक्रमण दिग्गज वसीम अकरम, शोएब अख्तर और वकार यूनिस की तरह गेंदबाजी कर रहा है। बासित ने कहा, भारतीय गेंदबाजी इकाई इतनी प्रभावशाली हो गयी है कि वे वसीम अकरम, शोएब अख्तर और वकार यूनिस जैसे तेज गेंदबाजों के बराबर हैं। उसके गेंदबाज स्थापित मुख्य खिलाड़ी बल्लेबाजों को परेशान कर रहे हैं, वहीं उभरते युवा तेज गेंदबाज अवसर मिलते ही अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।

## शाकिब का दूसरे टेस्ट में खेलना संदिग्ध

चेन्नई (ईएमएस)। बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का भारत के खिलाफ 27 सितंबर से कानपुर मे होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध है। इसका कारण ये है कि शाकिब की अंगुली में लगी चोट अभी तक ठीक नहीं हुई है। शाकिब के फिट नहीं होने से बांग्लादेश के खेम में चिन्ता की लहर है। इसका कारण है कि शाकिब एक अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चयनकर्ता हनन सरकार ने कहा कि वह डॉक्टर की निगरानी में हैं और कानपुर में उनके खेलने को लेकर फैसला बाद में उनकी फिटनेस की समीक्षा के बाद होगा। चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय शाकिब को जसप्रीत बुमराह की गेंद लग लगी थी। हनन ने कहा अभी हमारे पास दो दिनों का समय है। इसमें देखते हैं क्या होता है। उनके चयन को लेकर हम विचार करने और फिटनेस देखने के बाद भी फैसला करेंगे।हम जानते हैं कि उनके हाथ की चोट को लेकर चर्चा हो रही है. मैच से पहले ऐसा नहीं था। फिजियो ने उन्हें पहले टेस्ट मैच में उतरने के लिए सौ फीसदी फिट घोषित किया था।' पहले टेस्ट मैच में शाकिब को गेंदबाजी देर से देने पर भी सवाल उठे थे। तब ये भी कहा जा रहा था कि शाकिब की स्पिनिंग उंगली और कंधे में दर्द था।

## लेजेंड्स लीग में साउदर्न ने यहां गुजरात ग्रेट्स को 26 रन से हराया

जोधपुर (ईएमएस)। साउदर्न सुपरस्टार्स ने लेजेंड्स लीग क्रिकेट 2024 में अपना पहला मुकाबला जीता है। साउदर्न ने यहां गुजरात ग्रेट्स को 26 रन से हरा दिया। इसमें पवन नेगी की अहम भूमिका रही। पवन ने 13 रन देकर तीन विकेट लिए। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए साउदर्न सुपरस्टार्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 144 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ग्रेट्स 9 विकेट पर 144 रन ही बना पायी। साउदर्न की ओर से पार्थिव पटेल और मार्टिन गप्टिल ने साउदर्न सुपरस्टार्स की ओर से पहले विकेट के लिए 29 रन बनाये। पार्थिव पटेल 9 गेंदों में 4 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। इसके बाद गप्टिल ने हेमिल्टन मसाकाद्जा के साथ बल्लेबाजी करते हुए 22 रन बनाए। वहीं मसाकाद्जा ने 20 रन बनाए। कप्तान दिनेश कार्तिक ने भी 18 रन बनाए। डी सिल्वा ने नाबाद 53 रन की अहम पारी खेली, इस प्रकार उनकी टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 144 रन बनाये। वहीं गुजरात ग्रेट्स की ओर से माणन शर्मा ने 17 रन देकर 6 विकेट लिए। वहीं लियाम प्लंकेट और सीकुगे प्रसन्न को एक-एक विकेट मिला। वहीं 145 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ग्रेट्स की ओर से मोर्ने वैन वाईक और कप्तान शिखर धवन ने के लिए पारी शुरु की। वैन वाईक ने 15 रन बनाए।

# बीसीसीएल में अंतर क्षेत्रीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का हुआ समापन









धनबाद। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड अंतर क्षेत्रीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन, मंगलवार को ब्लॉक-II क्षेत्र के हरिना बगान कॉलोनी स्थित सुभाष भवन में पुरुष एकल, पुरुष युगल, महिला एकल, महिला युगल एवं वेटरन एकल तथा वेटरन युगल श्रेणी के फाइनल मैच के साथ समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि हमारे निदेशक कार्मिक श्री मुरली कृष्ण रमैया सर थे। साथ में मुख्यालय से महाप्रबंधक(का./औ.स.), श्री बिद्युत साहा सर एवं महाप्रबंधक कल्याण विभाग, श्री सरोज कुमार पांडेय सर भी मौजूद थे। इसके अलावा हमारे क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य श्री गोपाल मिश्रा जी, श्री नकुल महतो जी, श्री उत्तम पांडेय जी एवं श्री गोपाल चंद्र गोप जी मौजूद थे। साथ ही कल्याण समिति के सदस्यगण श्री गंगासागर राय जी, श्री गोपाल मिश्रा जी, श्री अजय कुमार सिन्हा जी, श्री केशव पासवान जी एवं श्री बैजनाथ यादव जी मौजूद थे। समारोह की शुरुआत निदेशक कार्मिक श्री मुरली कृष्ण रमैया सर का स्वागत महाप्रबंधक ब्लॉक-II क्षेत्र, श्री अनूप कुमार रॉय सर द्वारा पुष्पगुच्छ , श्रीफल ,मोमेंटो एवं शॉल भेंट कर किया गया। साथ ही महाप्रबंधक(का./औ.स.), श्री बिद्युत साहा सर का स्वागत हमारे आज के विशिष्ट खिलाड़ी एवं महाप्रबंधक पश्चिमी झरिया क्षेत्र, श्री अरिंदम मुस्तफी सर द्वारा तथा महाप्रबंधक कल्याण विभाग, श्री सरोज कुमार पांडेय सर का स्वागत अपर महाप्रबंधक ब्लॉक-II क्षेत्र, श्री कुमार रंजीव सर द्वारा पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर किया गया। तत्पश्चात निदेशक कार्मिक सर द्वारा सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद निदेशक कार्मिक श्री मुरली कृष्ण रमैया सर एवं महाप्रबंधक पश्चिमी झरिया क्षेत्र, श्री अरिंदम मुस्तफी सर के बीच एक टेबल टेनिस प्रतियोगिता हुई।तदोपरांत सभी श्रेणियों के विजेताओं एवं उपविजेताओ को पुरस्कृत किया गया। आज के मुकाबले में विजेताओं एवं उपविजेताओ की सूची निम्न हैं-

पुरुष एकल श्रेणी - विजेता- श्री कलाम अंसारी, यांत्रिक फिटर, पश्चिमी झरिया क्षेत्र। उपविजेता- श्री अनिल कुमार यादव, क्षेत्रीय असैनिक अभियंता, गोविंदपूर क्षेत्र।

पुरुष युगल श्रेणी - विजेता- श्री सुबोध कुमार, मुख्यालय एवं श्री संदीप कुमार वर्मा, पश्चिमी झरिया क्षेत्र। उपविजेता- श्री अनिल कुमार यादव क्षेत्रीय असैनिक अभियंता, गोविंदपूर क्षेत्र एवं श्री रवि रंजन, सहायक प्रबंधक खनन, ब्लॉक-II क्षेत्र।

महिला एकल श्रेणी- विजेता- सुश्री स्नेहा, प्रबंधन प्रशिक्षु कार्मिक, ब्लॉक-II क्षेत्र। उपविजेता- सुश्री अनामिका, उप-प्रबंधक (वि एवं या), मुख्यालय।

महिला युगल श्रेणी- विजेता- सुश्री स्नेहा, प्रबंधन प्रशिक्षु कार्मिक, ब्लॉक-II क्षेत्र एवं सुश्री अनामिका, उप-प्रबंधक (वि एवं या), मुख्यालय। उपविजेता- सुश्री मंजू कुमारी, समान्य मजदूर एवं सुश्री पूजा कुमारी, समान्य मजदूर, ब्लॉक-II क्षेत्र।

5. वेटरन एकल श्रेणी- विजेता- श्री कलाम अंसारी, यांत्रिक फिटर, पश्चिमी झरिया क्षेत्र। उपविजेता- श्री अमित कुमार महतो, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, गोविंदपूर क्षेत्र।

6. वेटरन युगल श्रेणी- विजेता- श्री अमित नरेश बेक, वरीय प्रबंधक (वि एवं या), पी बी क्षेत्र एवं श्री अमित कुमार महतो, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, गोविंदपूर क्षेत्र। उपविजेता- श्री कलाम अंसारी, यांत्रिक फिटर, पश्चिमी झरिया क्षेत्र एवं श्री अरिंदम मुस्तफी,महाप्रबंधक पश्चिमी झरिया क्षेत्र।

## संक्षिप्त खबरें

### रामगढ़ में स्वच्छता ही सेवा के तहत पौधरोपण अभियान

रामगढ़(ईएमएस)।छत्तरमाण्डू स्थित बाल वात्सल्य धाम व वृद्धाश्रम तथा जेल रोड कोठार स्थित सखी वन स्टॉप सेन्टर में "स्वच्छता ही सेवा 2024" एवं "राष्ट्रीय पोषण माह" के तहत मंगलवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो की अध्यक्षता में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।मौके पर परिसर में विभिन्न फलदायक वृक्ष के पौधे लगाए गए। इस दौरान शांति बागे जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रामगढ़, दुखहरण महतो संरक्षण पदाधिकारी, सोबन कुमार के साथ बालगृह के कर्मी बिन्दु कुमारी, अभिषेक गोस्वामी, मल्लिका दत्ता, प्रिया कुमारी आदि, वृद्धाश्रम, रामगढ़ के कर्मी राजेश बेदिया तथा वन स्टॉप सेन्टर, रामगढ़ के कर्मी, ममता कुमारी, सिम्मी कुमारी, देवेश कुमार बादल, सुपाली देवी आदि उपस्थित थे।

### गांधी प्रतिमा के पास जुटे छात्र, जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा में गड़बड़ी का लगाया आरोप

रांची (ईएमएस)।छात्र संगठन व छात्रों का जुटान मंगलवार को मोरहाबादी स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष हुआ। उन्होंने जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। छात्रों ने परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने का दावा किया है। उन्होंने आरोप लागते हुए कहा कि रांची, धनबाद समेत कई परीक्षा केंद्र में बाहर के छात्रों को पहले ही अंसर सीट मिल गया था। अब परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर छात्र संगठन आंदोलन करेंगे।छात्र संगठन ने बताया कि कल तीन बजे से हजारीबाग से आंदोलन आक्रोश मार्च शुरू होगा। उन्होंने परीक्षा रद्द नहीं होने पर रांची में भी बड़ा आंदोलन करने की बात कही।कहा कि जेएसएससी कार्यलय का घेराव किया जायेगा।

### रहाणे को क्रिकेट अकादमी बनाने महाराष्ट्र सरकार ने आवंटित की जमीन

मुंबई (ईएमएस)। क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे अब महाराष्ट्र में एक आधुनिक खेल अकादमी बना सकेंगे। महाराष्ट्र सरकार ने इस अकादमी के लिए उन्हें जमीन भी आवंटित कर दी है। ये जमीन वही है जो पहले अकादमी बनाने के लिए पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को दी गयी थी पर वह तय समय तक काम शुरु नहीं कर पाये जिसके बाद सरकार ने जमीन का आवंटन रद्द कर दिया था। वहीं अब महाराष्ट्र कैबिनेट ने बांद्रा की ये जमीन रहाणे को अकादमी बनाने दे दी है। सरकार के बयान के अनुसार बांद्रा रिक्लेमेशन में 2,000 वर्ग मीटर की भूमि रहाणे को तीस साल के लिए लीज पर दी जाएगी। यही भूमि गावस्कर को साल 1988 में एक इनडोर क्रिकेट सेंटर के लिए आवंटित की गई था पर कोई काम नहीं होने के कारण सरकार ने इसे 2022 में वापस ले लिया था। महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने पहले एक प्रस्ताव पारित कर रहाणे को यह प्लॉट देने की सिफारिश की थी और इसी प्रस्ताव को राज्य कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। रहाणे ने जमीन के आवंटन के लिए सरकार को धन्यवाद भी दिया है।

गौरतलब है कि साल 2011 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से रहाणे ने खेल के तीनों ही प्रारूपों में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए 195 मैचों और 251 पारियों में 35.95 की औसत से 15 शतक और 51 अर्द्धशतक के साथ 8,414 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 188 रन रहा।

### क्रिकेट के अलावा विज्ञापन से भी करोड़ों की कमाई करते हैं पंड्या

मुम्बई (ईएमएस)। क्रिकेट के मैदान पर अपने जुनून के कारण छाये रहने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या कमाई के मामले में भी पीछ नहीं हैं। वह करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं जबकि क्रिकेटर बनने से पहले वह बेहद कठिन हालातों से गुजरे हैं। वह देश के सबसे धनी क्रिकेटर्स की सूची में शामिल हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पंड्या की वर्तमान में कुल संपत्ति लगभग 11.4 मिलियन डॉलर तकरीब 95 करोड़ से ज्यादा है। उनकी महीने की आय ही 1.5 करोड़ रुपये है। पंड्या की मोटी कमाई क्रिकेट से मिलने वाली मैच फीस, अनुबंध राशि के अलावा विज्ञापनों और सोशल मीडिया से होती है। वह कंई कंपनियों के ब्रांड प्रमोशन से भी जुडें हैं। वह बोट, सिन डेनिम, गल्फ ऑयल इंडिया, ड्रीम 11, एमेजॉन एलेक्सा, रिलायंस रिटेल और एसजी क्रिकेट जैसे कई ब्रांड से जुड़े हुए हैं। इन कंपनियों से वह विज्ञापन के जरिए करोड़ों कमाते हैं। पंड्या ने साल 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था। जिस तरह से पंड्या ने टीम में आते ही अपनी जगह बना ली, उसी तरह उनकी नेट वर्थ भी तेजी से बढ़ी। उनका यहां तक का सफर हालांकि आसान नहीं रहा है। पंड्या को एकदिवसीय और टी20 मैच खेलने के लाखों मिलते हैं जबकि आईपीएल में गुजरात टाइटंस के जब वो कप्तान थे तब उनका वेतन 15 करोड़ था। अभी वह इससे अधिक रकम में मुंबई इंडियंस टीम के कप्तान हैं। पंड्या ने साल 2016 में वडोदरा में करीब 6000 वर्ग फीट का घर लगभग 3.6 करोड़ में खरीदा था। इसके अलावा पंड्या के पास लग्जरी गाड़ियों में रॉल्स रॉयस, लेंबोर्गिनी हुराकन ईबीओ, पोर्श केयेन, ऑडी ए6, रेंज रोवर वोग, जीप कंपास, मर्सिडीज जी वैगन और टोयोटा इटियोस है।

### तेज गेंदबाजों के इस विशिष्ट क्लब में शामिल एकमात्र स्पिनर हैं अश्विन

मुम्बई (ईएमएस)। विश्व क्रिकेट में करीब एक दर्जन गेंदबाज ऐसे भी हैं जिन्होंने मैच के की पहली और अंतिम गेंद पर विकेट लिया हैं। इसमें एक स्पिनर को छोड़कर बाकि सभी तेज गेंदबाज हैं। एंडी रॉबर्ट्स , पेड्रो कॉलिंस और डेल स्टेन जैसे तेज गेंदबाजों के इस क्लब मे शामिल ये स्पिनर और कोई नहीं भारतीय टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन हैं। अश्विन ने चेन्नई में 5 फरवरी 2021 को इंग्लैंड की दूसरी पारी में गेंदबाजी करते हुए पहले ओवर की पहली ही बॉल पर रॉरी बर्न्स को आउट किया और अंतिम गेंद पर 10वें विकेट के तौर पर उतरे जेम्स एंडरसन को पेवेलियन भेजा था। वहीं सबसे पहले ये कारनामा वेस्टइंडीज के दिग्गज तेज गेंदबाज बॉलर एंडी रॉबर्ट्स ने किया था। उन्होंने दिसंबर 1974 में भारत के खिलाफ कलकत्ता टेस्ट में पारी की पहली और अंतिम गेंद पर विकेट लिया था। वहीं वेस्टइंडीज के ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज पेड्रो कॉलिंस ने 3 बार पहली और अंतिम गेंद पर विकेट लिया है। उन्होंने तीनों ही बार बांग्लादेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की और इस दौरान उनकी पहली बॉल पर आउट होने वाला बल्लेबाज भी एक ही था। वहीं दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन के नाम दो बार ये उपलब्धि है। इस प्रकार के गेंदबाजों की सूची में भारतीय स्पिनर आर अश्विन का शामिल होना बड़ी बात है क्योंकि पारी का पहला ओवर अधिकतर तेज गेंदबाज ही फैंकते हैं। इस कारण अश्विन के अलावा सूची में सभी तेज गेंदबाज शामिल हैं।कॉलिंस शुरुआत में फुटबॉल खेलते थे लेकिन बाद में उन्होंने कैरेबियन द्वीप के उस दौर के अन्य युवाओं की तरह क्रिकेट को चुना। अच्छी गति से गेंदबाजी करने के साथ ही वे स्विंग कराने में भी माहिर थे, इस कारण दिग्गज बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होता था.

# बोकारो को डेंगू के डंक से बचाने में जुटा बीएसएल का जन स्वास्थ्य विभाग





बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू के प्रकोप से शहर को सुरक्षित रखने के लिए एक व्यापक अभियान की शुरुआत की गई है. इसके तहत लगातार प्रत्येक सेक्टर, मार्केट, हटिया सहित टाउनशिप के अन्य क्षेत्रों में फॉगिंग और एंटी-लार्वा ट्रीटमेंट किया जा रहा है ताकि डेंगू मच्छरों को पनपने से रोका जा सके. इसके साथ-साथ डेंगू से बचाव के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार और जन-जागरूकता के प्रयास भी किए जा रहे हैं. लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने घरों और घर के परिसर में पानी जमा न होने दें और स्वच्छता बनाए रखें, ताकि डेंगू और मलेरिया मच्छरों का प्रजनन रोका जा सके. लोगों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे पुराने टायर, बर्तन, और अन्य वस्तुएं, जिनमें पानी जमा हो सकता है, उन्हें हटा दें. इसके साथ ही, पानी के बर्तनों को ढककर रखने और पानी की टंकियों, कूलरों, और फूलों के गमलों की नियमित सफाई करने की सलाह भी दी जा रही है. बीएसएल द्वारा द्वारा एंटी-लार्वा ट्रीटमेंट का साप्ताहिक शेड्यूल तैयार किया गया है, जिसके तहत हर दिन अलग-अलग सेक्टरों में जन स्वास्थ्य विभाग की टीम घरों, बाज़ारों और अन्य इलाकों में जाकर डेंगू मच्छरों के पनपने के संभावित खतरों की जाँच करती है और आवश्यकतानुसार दवा का छिड़काव किया जाता है. जाँच के क्रम में लोगों को अपने घरों और आवसीय परिसर में पानी जमा न होने देने की सलाह दी जा रही है ताकि डेंगू मच्छर पनपने न सके.

इसके साथ ही टाउनशिप में नियमित रूप से फॉगिंग की शुरुआत भी की गई है जिसके लिए एक अलग से साप्ताहिक शेड्यूल तैयार किया गया है. सोमवार से शनिवार तक विभिन्न सेक्टरों में एंटी-लार्वा ट्रीटमेंट का शेड्यूल इस प्रकार हैः सोमवारः सेक्टर-12/A + E, सेक्टर-12/C + D, सेक्टर-12/B + F, दुंदीबाद, और को-ऑपरेटिव कॉलोनी । मंगलवारः सेक्टर-1/C, सेक्टर-1/B, सेक्टर-2/A + B, सेक्टर-2/C + D, और कैंप-2 के क्षेत्रों में छिड़काव किया जाता है। बुधवारः सेक्टर-3/A + E, सेक्टर-3/B, सेक्टर-3/C + D, सेक्टर-5/A + B, और सेक्टर-5/C + D में। गुरुवारः सेक्टर-4/A + E + C, सेक्टर-4/B + D, सेक्टर-4/G + F, सिटी सेंटर एरिया, और मस्जिद एरिया में । शुक्रवारः सेक्टर-8/A + B, सेक्टर-8/C + D, सेक्टर-6/C + D, सेक्टर-6/A + B, और सेक्टर-11/A + B + C + D के इलाकों में । शनिवारः सेक्टर-9/A, सेक्टर-9/B, सेक्टर-9/C, सेक्टर-9/D, और सेक्टर-9, एरिया में । प्रत्येक दिन मार्केट, बड़ा नाला, ऑक्सिडेशन पॉन्ड , स्कूल परिसर, और अन्य संवेदनशील इलाकों में मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए छिड़काव किया जा रहा है. इसी प्रकार आगामी दस दिनों के लिए फॉगिंग का शेड्यूल भी तैयार किया गया है जो इस प्रकार है :

25-09-2024: सेक्टर 5 और 6, बोकारो निवास, बोकारो क्लब
26-09-2024: सेक्टर 3
27-09-2024 : सेक्टर 4 D, F, और G
28-09-2024: सेक्टर 1 B और C, कैंप-2, एलोरा हॉस्टल इत्यादि
30-09-2024 : सेक्टर 4 A, B, C और सिटी सेंटर
01-10-2024 : सेक्टर 2
02-10-2024 : बीजीएच, नार सेवा भवन, ट्रेनिंग हॉस्टल
03-10-2024: सेक्टर 8 और 11
04-10-2024: सेक्टर 9
05-10-2024: सेक्टर 12

बीएसएल प्रबंधन का यह अभियान अभी लगातार जारी रहेगा. डेंगू/मलेरिया के लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द, शरीर पर चकत्ते, मसूड़ों से खून आना, भूख न लगना, और आंखों के पीछे दर्द शामिल हैं. किसी भी प्रकार के बुखार को नजरअंदाज न करें और तुरंत चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें. "सावधानी इलाज से बेहतर है," इसलिए स्वच्छता बनाए रखना और जलभराव रोकना आवश्यक है, ताकि हम डेंगू/मलेरिया जैसी बीमारियों से सुरक्षित रह सकें.

# आगामी सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन




बोकारो । आगामी सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के अभियान के तहत बीएसएल के अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) कांफ्रेंस हॉल में सतर्कता विभाग के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर महापात्रा के द्वारा किया गया. कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) सह एसीवीओ श्री ज्ञानेश झा के साथ परियोजना अनुभाग के मुख्य महा प्रबन्धकगण तथा लगभग 50 अधिशासी प्रतिभागी के रूप में उपस्थित थे.

कार्यक्रम में विभिन्न केस अध्ययन के माध्यम से कॉमन प्रिवेंटिव विजिलेन्स के बारे में सतर्कता विभाग के द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी. कार्यक्रम में वार्षिक एआईपीआर रिपोर्ट जमा करने के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गई.कार्यक्रम का संचालन सतर्कता विभाग के सहायक महाप्रबंधक श्री अंजनी कुमार सिंह, तथा वरीय प्रबंधक श्री चंद्र कमल सिंह, के द्वारा किया गया. मुख्य महा प्रबंधक (परियोजनाएँ) श्री प्रत्युष शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन किया गया.

### नंदलाल बरनवाल, ऑल इंडिया लियाफी ईस्ट सेंट्रल जोन उपाध्यक्ष मनोनीत

धनबाद। ऑल इंडिया लियाफी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नयन कुमार कमल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात कुमार जोनल अध्यक्ष, आर एन देव जोनल सचिव प्रताप चंद्र महंती एवं हजारीबाग मंडलीय परिषद के अनुशंसा पर हजारीबाग मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदलाल प्रसाद बरनवाल को ई सी जेड का जोनल उपाध्यक्ष नवनिर्वाचित हुए।श्री नयन ने कहा कि नंदलाल प्रसाद बर्णवाल एक कर्मठ एवं जुझारू पदाधिकारी के रूप में हजारीबाग मंडल में जाने जाते है।

इनके आने से ईस्ट सेंट्रल ज़ोन का संगठन काफी मजबूत होगा। मिली जानकारी के अनुसार बर्णवाल मिर्दुभाषी के साथ साथ सभी अभिकार्त्ताओं को एक सूत्र में पिरो कर चलने वाले है।उनके चयनित होने पर हजारीबाग मंडल के अध्यक्ष रतन सिंह, महासचिव, अनीश सिंह, संयुक्त सचिव कामेश्वर साव,निरंजन महतो एस एस सेल इंचार्ज मनोज गुप्ता ने बधाई दी ।

### शिक्षक नियुक्तिः डबल बेंच ने कानूनी बिंदु पर सुनवाई का विकल्प खुला रखा

रांची(ईएमएस)।झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में शिक्षक नियुक्ति से संबंधित मामले में सुनवाई हुई।सुनवाई के दौरान जेएसएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य स्तर पर तैयार की गई मेरिट लिस्ट वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। साथ ही अदालत ने सिंगल बेंच द्वारा रिजल्ट वेबसाइट पर अपलोड किए जाने के मामले में कानूनी बिंदु पर सुनवाई का विकल्प खुला रखा है।दरअसल सिंगल बेंच द्वारा राज्य स्तर पर मेरिट लिस्ट जारी कर उसे वेबसाइट पर अपलोड किए जाने का आदेश दिया गया था। जिसका अनुपालन जेएसएससी ने कर दिया था, लेकिन उस आदेश को डबल बेंच में चुनौती भी दी गई थी। जिसके कानूनी बिंदु पर सुनवाई का विकल्प हाईकोर्ट ने खुला रखा है।इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस अरुण कुमार राय की बेंच में हुई। इस संबंध में मीना कुमार सहित 50 से अधिक याचिकाएं हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।जिनकी ओर से हाईकोर्ट के पूर्व महाधिवक्ता और वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने पक्ष रखा, वहीं जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने बहस की।

# मुख्यमंत्री ने इटखोरी भद्रकाली मैदान से कोडरमा व चतरा जिला को दिया करोड़ों रुपए की सौगात

चतरा(ईएमएस)।आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम में चतरा के इटखोरी पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंच से अपने संबोधन में कहा की पौधे बरसात के मौसम में लगाए जाते हैं नहीं तो पौधे सुख जाते हैं, भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने वही किया हमारे लगाए हुए पौधे में फुट डालकर वह ले गए, लेकिन उनकी मंशा पूरा नहीं हुई वो पौधे भी सुख गए। मुख्यमंत्री ने कहा की राज्य की बहन बेटियों के तकलीफ को हमने समझा और उसे अनेकों योजनाओं




से लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड के 18 से 50 वर्ष की मंईयां को प्रत्येक माह एक हजार रुपया देने का कार्य सरकार कर रही है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा की हमारी सरकार राज्य रांची से चलने वाला सरकार नहीं है,गांव से चलने वाली सरकार है। सरकार आपके द्वार चौथीबार पूरे राज्य में चलाई जा रही है। अधिकों अधिक आवेदन आए और उसका निष्पादन किया गया।

### धनबाद में दुकान का ताला तोड़ फोन और कैश उड़ा ले गए चोर

धनबाद(ईएमएस)।धनबाद थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक मोबाइल दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया।सोमवार की देर रात दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोर मोबाइल, कैश सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। घटना के संबंध में दुकान संचालक बिट्टू कुमार ने मीडिया को बताया कि मंगलवार की सुबह जब वह अपना दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ है।इसके बाद जब शटर खोला तो देखा कि दुकान से आठ मोबाइल फोन, 8 ब्लूटूथ सहित 26 हजार नकद गायब हैं। दुकान संचालक ने मामले की जानकारी सदर पुलिस को दे दी है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने जेपी नड्डा को भाजपा का एक्सटेंडेड राष्ट्रीय अध्यक्ष बताया

# राज्य गठन होने के 22 साल बाद विश्व आदिवासी दिवस मनाने में इतना समय क्यों लगाया गया

रांची (ईएमएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के झारखंड दौरे को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने निशाना साधा। जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने उन्हें भाजपा का एक्सटेंडेड राष्ट्रीय अध्यक्ष बताया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि भाजपा के एक्सटेंडेड राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा झारखंड दौरे पर आए थे। उन्होंने एक षड्यंत्र यात्रा की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने बहुत अच्छी बात कही और बताया कि वह लोकसभा चुनाव के दौरान खूंटी आए थे। मैं उन्हें इतना ही बताना चाहता हूं कि लोकसभा चुनाव में जेपी नड्डा ने भाजपा के लिए एक गड्ढा खोदा और उसमें अर्जुन मुंडा को डालने का काम किया। उन्होंने आगे कहा कि खूंटी में एक रैली को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने आदिवासी अस्मिता की बात की। लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूं कि उनकी पार्टी में मौजूद दूसरे दल के घुसपैठिए ही राज्य के पहले सीएम बने। फिर अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री बनाया गया और उसके बाद मधु कोड़ा को सीएम बनाया गया। यही नहीं, रघुबर दास को भी पांच साल के लिए सीएम बनाया गया। मेरा उनसे सवाल है कि राज्य गठन होने के 22 साल बाद विश्व आदिवासी दिवस मनाने में इतना समय क्यों लगाया गया? क्यों हेमंत सोरेन को आदिवासी दिवस को 2023 से शुरू करना पड़ा। जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने नड्डा पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह एहसान जताते हैं और बोलते हैं कि हमने आदिवासी महिला को राष्ट्रपति के पद तक पहुंचा दिया। अब राष्ट्रपति भी भाजपा का चुनावी एजेंडा बन गया है। इससे पहले देश में ऐसा कभी नहीं हुआ। भाजपा ने इसकी शुरुआत की और कहा कि हमने देश में एक दलित राष्ट्रपति बनाया है। भाजपा अब परास्त और हताश हो गई है। क्या भाजपा के शासन में मां-बेटी सुरक्षित हैं। उन्होंने गरीबों की रोटी छीनने का काम किया। वह भाजपा की षड्यंत्र यात्रा का जायजा ले रहे थे, जहां सर्वाधिक भीड़ दिखाई दी, वहां की संख्या महज दो से ढाई हजार के बीच थी।


## जिला स्वास्थ्य समिति जामताड़ा

### NOTICE INVITING SHORT TENDERS

Civil Surgeon Cum Secretary, District Health Society, Jamtarainvites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through tender from the interested/ reputed firms/ agencies having adequate experience in all types of printing item i.e. poster, leaflet, flex, erection of hoardings, Cloth Banner & branding works. The firm/ agency should have valid DIC / MSME, PAN No, AADHAAR No, GST registration etc. as detailed mentioned in technical bid of Tender Form (part-1). Photo copy of all documents should be submitted along with bid documents for **Rate Contract for different kinds of printed materials required in DHS JAMTARA.**

Schedule of Events :-

| Sl.No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name of the work | Supply of Print Material (IEC) for DHS JAMTARA |
| b. | Availability of RFP document at | www.Jamtara.nic.in |
| c. | Date of issue of RFP | 23/09/2024 |
| d. | Last Date for submission of proposal | 05/10/2024 at 02:00 PM |
| e. | Date of opening of Technical Proposal | 05/10/2024 at 03:30 PM |
| f. | Date of opening of Financial Proposal | AFTER FINALIZING TECHNICAL PROPOSAL |
| g. | Time allowed for completion | 30 days from the date of the work order. |
| h. | Earnest money deposit (EMD) (Refundable) | INR 50,000/- (Rupees Fifty Thousand Only) in the form of a Demand Draft drawn in favour of "District Rural Health Society, RCH Flexipool"drawing any Scheduled Bank payable at Jamtara. The bid EMD fee shall be submitted in 1st inner Envelope of the Technical Proposal in Original. |
| i. | Tender Fee (Non – Refundable) | Rs. 5000/- (Rupees Five Thousand Only) in the form of a Demand Draft drawn in favor of "District Rural Health Society, RCH Flexipool" drawing any Scheduled Bank payable at Jamtara. |
| j. | Address at which the tenders are to be submitted: | Office of the Civil Surgeon-Cum-Secretary, DHS Jamtara, Jharkhand. |

The Prescribed tender documents with detailed conditions can be obtained from www.Jamtara.nic.in and should be submitted through registered post/speed post/courier only to the **"office of The civil surgeon cum secretary, District Health Society Jamtara, Combined Building Area, Jamtara, Pincode:- 815351",Before 05/10/2024 at 02:00 PM.**

ह0/–
Civil Surgeon-Cum- Secretary,
District Health Society, Jamtara.

**PR 336975 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D**


बीएसएल के इस्पात भवन तथा क्रिकेट स्टेडियम के समीप

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन






बोकारो। 24 सितम्बर को बी.एस.एल. के इस्पात भवन में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत "स्वच्छ बोकारो, हरा-भरा बोकारो" के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. हरियाली और जैव-विविधता बढ़ाने के लिए अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (माइंस) श्री जयदीप दासगुप्ता के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया. तत्पश्चात मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन),श्री हरिमोहन झा एवं मानव संसाधन डिवीज़न के वरीय अधिकारियों व कर्मियों ने वृक्षारोपण कर "स्वच्छ बोकारो, हरा-भरा बोकारो" अभियान की शुरुआत की. इसी क्रम में बोकारो स्टील सिटी के क्रिकेट स्टेडियम के समीप स्वच्छता ही सेवा अभियान में "स्वच्छ बोकारो, हरा-भरा बोकारो" के तहत मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवा) श्री कुंदन कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक (सी ई डी) श्री शालिग्राम सिंह के नेतृत्व में वरीय अधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया.

# राज्यपाल पहुंचे धनबाद, सर्किट हाउस में जिला प्रशासन ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर







धनबाद, झारखंड के राज्यपाल, संतोष गंगवार मंगलवार की दोपहर दुमका से रांची जाने के क्रम में धनबाद पहुंचे। इस मौके पर राज्यपाल को सर्किट हाउस में जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल के सर्किट हाउस पहुंचने पर उप विकास आयुक्त, सादात अनवर, वन प्रमंडल पदाधिकारी, विकास पालीवाल, नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा, सिटी एसपी, अजीत कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया । कुछ देर सर्किट हाउस में विश्राम करने के बाद राज्यपाल रांची के लिए प्रस्थान कर गए। मौके पर उप विकास आयुक्त, सादात अनवर, वन प्रमंडल पदाधिकारी, विकास पालीवाल, नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, एसडीओ, राजेश कुमार, सिटी एसपी, अजीत कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, दिवाकर सी द्विवेदी, डीएसपी हेडक्वार्टर 1, शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, दीपक कुमार, निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन, डीएसपी ट्रैफिक, अरविन्द कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रदीप कुमार शुक्ला, एनडीसी, दीपक कुमार दुबे, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के कुलपति, राम कुमार सिंह, अंचल अधिकारी पुटकी, विकास आनंद, कार्यपालक दंडाधिकारी, नारायण राम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष 29 को अन्न जल त्याग कर करेंगे सत्याग्रह



धनबाद । ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष, रणजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह आगामी 29 सितंबर को जन समस्याओं के संबंध में विभिन्न मुद्दों के खिलाफ दो नंबर स्थित महारानी स्थान पर 24 घंटे अन्न जल त्याग कर सत्याग्रह करेंगे। इस आशय की जानकारी अध्यक्ष रणजीत सिंह ने उपायुक्त को ज्ञापन के माध्यम से दी है। ज्ञापन में विभिन्न चार मुद्दे उठाए गए हैं जिसमें आउटसोर्सिंग कंपनी और बीसीसीएल के द्वारा 12500 वृक्षों की अवैध कटाई, डीजीएमएस के गाइड लाइन के अनुसार रियायशी इलाके के 300 फीट के बाद उत्खनन के नियम का उल्लंघन कर आउटसोर्सिंग द्वारा कार्य करने एवं सरकारी विद्यालय के बगल में उत्खनन करने, बीसीसीएल के द्वारा गोपाली चेक नंबर दो के रियायशी इलाके के बीचो-बीच कोयला डिपो बना देने, उक्त आउटसोर्सिंग कंपनी एस.एन आर.एस.आई वी.एस.आई ( जे वी) एवं बीसीसीएल के पी बी एरिया नंबर 7 के अधिकारियों द्वारा लगभग 150 वर्ष पूर्व स्थापित महारानी स्थान को हटाने की हो रही साजिश को अविलंब रोकने की मांग की गई है। इनके कारनामे से हिंदू धर्म से जुड़े लोग काफी विचलित है तथा हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले सैकड़ो महिला एवं पुरुष महारानी स्थान को बचाने में लगे हुए हैं ।

## 29 को लोक जनशक्ति पार्टी की आम सभा में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान

### धनबाद में पानी, बिजली, रेल, चिकित्सा, सड़क, शिक्षा आदि जिले के ज्वलंत समस्याओं के समाधान पर चर्चा करेंगे, चिराग पासवान : दिलीप कुमार



धनबाद । धनबाद जिला लोक जनशक्ति पार्टी (रा०) द्वारा धनबाद परिषदन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए धनबाद जिला अध्यक्ष, दिलीप कुमार ने कहा की आज धनबाद के लोग विभिन्न समस्याओ से जूझ रहे हैं, जिसमें, जिले में पानी, बिजली, स्वास्थ, चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, जैसे गंभीर समस्याऐ शामिल हैं । आगे उन्होंने कहा की धनबाद से दिल्ली, मुंबई के लिए एक भी ट्रेन नहीं हैं ।

धनबाद के कोयले से आज पूरा देश जगमगा रहा हैं । धनबाद में देश के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थानों में आईआईटी, आई एस एम, बी आई टी, सिंदरी, डी जी एम एस, सिंफर जैसे अनेक संस्थान होने बावजूद भी हवाई मार्ग की यहाँ कोई व्यवस्था नहीं हैं । आगे उन्होंने बताया की धनबाद की इन सारी समस्याओ से उन्हें अवगत कराया जाएगा । प्रेस वार्ता के दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष, लेबर सेल शिवशंकर प्रसाद, श्रीकांत पासवान,रामसेवक पासवान, बबलू पासवान, मुकेश पासवान, मुकेश कुमार, श्रीकांत सिंह, कुणाल पासवान, मो. शमी अहमद, रुदल पासवान, मो. आजाद, मुकेश पासवान, सुमित पासवान, आशुतोष,सौरव, सिकंदर मो. रशीद,उज्जवल पासवान, संतोष वर्मा एवं राजेंद्र पासवान ने अपने संयुक्त वक्तव्य जारी कर कहा कि 29 सितंबर को 12 बजे नेहरू कंपलेक्स, कोयला नगर मैदान में लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सह केंद्रीय मंत्री भारत सरकार चिराग पासवान, सांसद अरुण भारती जमुई, झारखंड प्रभारी,राजेश वर्मा, सांसद खगड़िया, वीणा देवी, सांसद वैशाली एवं सांसद शांभवी चौधरी समस्तीपुर का आगमन, धनबाद जिले के जवलंत समस्याओं के समाधान के लिए होने जा रहा हैं। जिसके लिए एक आम सभा भी आहूत की गई है। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने लोगो से अपील की कि अपने प्रिय युवा नेता चिराग पासवान के सभा में हजारों हजार की संख्या में पहुंचकर सभा को सफल बनावे ।

## जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. मंजु दास ने जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर तम्बाकू मुक्त युवा अभियान का किया आरंभ





धनबाद । राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को अपर समाहर्ता, विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन, सिविल सर्जन डॉ, चंद्रभानु प्रतापन तथा जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग की जिला नोडल पदाधिकारी डॉ, मंजु दास ने जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर "तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0" का शुभारंभ किया। इस संबंध में डॉ,मंजु दास ने बताया कि 24 सितम्बर से 24 नवम्बर 2024 (60 दिन) तक चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत जिले के युवाओं को तम्बाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक किया जाएगा।मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ, पंकज उइके, एन.सी.डी सलाहकार, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन राँची, डॉ, देवाशीष सरकार, जिला सलाहकार, राहुल कुमार, सोशल वर्कर, शुभांकर मैत्रा, उमा शंकर मंडल, लालदेव रजक एवं पल्लवी सिंह इत्यादि मौजूद थे ।

## पुलिस लाइन के सैकड़ों युवाओं ने थामा जेबीकेएसएस का दामन





धनबादः, पुलिस लाइन, मायरा पाड़ा में मंगलवार को जेबीकेएसएस के जिलाध्यक्ष शक्ति महतो, नगर सचिव अजीत महतो व नगर अध्यक्ष विक्रम महतो की उपस्थिति में सैकड़ो युवकों ने जेबीकेएसएस के सुप्रीमो जयराम महतो में आस्था वयक्त करते हुए थामा दामन। कार्यक्रम में जयदेब रूज, तपन दे, समीर दत्ता कानू बाराट दसरथ मोदक,उज्जवल रूज,राकेश बाउरी, अभिनाश दे, अमर दे, अमित रूज, सागर बराट, प्रदीप रूज, कुशाल रक्षित,पिंटू रूज, कौशिक दत्ता, रंजित रूज, राहुल रूज समेत अन्य युवा मौजूदब थे।

## समाजसेवी उदय प्रताप सिंह लड़ेंगे धनबाद विधानसभा क्षेत्र से चुनाव



धनबाद। समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने मंगलवार को घोषणा की है कि वे आगामी धनबाद विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। लेकिन किस पार्टी से लड़ेंगे या निर्दलीय लड़ेंगे, इसका खुलासा बहुत ही जल्द उनके द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया के माध्यम से धनबाद वासियों को वे बताएंगे। पूर्व में कई हिंदू संस्थाओं एवं श्रीराम सेना के उपाध्यक्ष रह चुके समाजसेवी उदय प्रताप सिंह धनबाद में अपने विभिन्न सामाजिक धार्मिक कार्यों से जाने जाते हैं। उदय प्रताप सिंह कट्टर हिंदुत्व विचारधारा के हैं और धनबाद समेत अन्य जिलों में इन्होंने सैकड़ों धार्मिक आयोजन किया है। उन्होंने कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि धनबाद विधानसभा के क्षेत्र वोटर चुनाव में मुझे भारी बहुमत से समर्थन देकर जिताएंगे।

## धनबाद रेलवे अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता में इलेक्ट्रिक ओ पी ने कमर्शियल टीम को 5-0 से हराया



धनबाद, रेलवे स्टेडियम में खेले गए पहला मैच में इलेक्ट्रिक ओ पी ने 5-0 से कमर्शियल टीम को पराजित किया। इलेक्ट्रिक ओपी के आलोक राज दो गोल, बी एस हेंब्रम दो गोल, राजू मंडल एक गोल किए।

दूसरा मैच मैं कैरज एंड वैगन पेनल्टी ने शूटआउट (ट्राई बेकर) में 3-0 से एस एंड टी टीम को पराजित किया। कैरिज एंड वैगन के सी एम झा, राकेश टुडू, विनय सिंह ने गोल किया।तीसरा मैच में पर्सनल की टीम ने 6-0 से टीआरएस गोमो को पराजित किया पर्सनल के हरमंदीप तीन गोल लवदीप दो गोल एवं उमेश कुमार एक गोल किया।अंतिम मैच में इंजीनियरिंग बनाम आरपीएफ की मैच 1-1 गोल की बराबरी पर समाप्त होने के बाद पेनल्टी शूटआउट (टाई ब्रेकर) में आरपीएफ की टीम 4-2 गोल से इंजीनियरिंग टीम को पराजित किया। आरपीएफ के अवनी सिंह, संजीव सिंह चुरका मरांडी व बिट्टू कुमार ने गोल किया। इंजीनियरिंग टीम के मनसा राम हेंब्रम एवं नागेश्वर कुमार ने गोल किया। इस अवसर मैदान में सीनियर डीएसटीइ गौतम गुप्ता, सीनियर डीएइएन टु आशीष कुमार, डी वाइ.सीइ कंस्ट्रक्शन मनीष कुमार उपस्थित थे निर्णायक की भूमिका संजय हेंब्रम, सुदन लाल सोरेन, चिंटू हाजरा, जेवियर टुडु, धनपति पांडे ने निभाया।

## बड्स गार्डन स्कूल के छात्रों का फुटबॉल चैंपियनशिप में उम्दा प्रदर्शन

धनबाद, सीबीएसई द्वारा बिहार के कैमूर जिले में आयोजित क्लस्टर 3/ ईस्ट जॉन नॉकआउट फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 में बड्स गार्डेन स्कूल, राजगंज की बालक वर्ग की 14 वर्ष आयु वर्ग के एवं 17 वर्ष आयु वर्ग के टीम इस चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु गई है।जहां पूरी झारखंड और बिहार के लगभग 36 सीबीएसई विद्यालयों के फुटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया था,जिसमें क्रमशः प्रथम और द्वितीय चक्र में सैम्फौर्ड स्कूल, सासाराम,बिहार और मनन विद्यालय,रांची को हराने के पश्चात बड्स गार्डेन स्कूल,राजगंज, धनबाद की टीम क्वार्टर फाइनल में मधुसूदन विद्यालय,चक्रधरपुर से दो -एक से पिछड़ गई।विद्यालय परिवार की ओर से सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई है और उनके उज्जवल भविष्य हेतु कामना की गई ।




## झारखंड में माटी, बेटी और रोटी सुरक्षित नहीं : शिवराज सिंह चौहान

गोड्डा(ईएमएस)। केंद्रीय मंत्री सह झारखंड बीजेपी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि झारखंड में गठबंधन की बेईमान सरकार चल रही है। जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने पांच सालों में राज्य को तबाह कर दिया है।हेमंत सरकार में न माटी, न बेटी, और न रोटी सुरक्षित हैं। बड़ी संख्या में घुसपैठियों के आने से झारखंड की ज़मीन पर कब्जा हो रहा है।हेमंत सरकार वोटों के लालच में घुसपैठियों को आधार कार्ड और वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवा रही है, हेमंत सरकार का यही असली सच है। वे मंगलवार को गोड्डा के गांधी मैदान में परिवर्तन यात्रा को संबोधित कर रहे थे।पहले झारखंड में 44% आदिवासी थे, अब केवल 28% बचे हैं।बांग्लादेशी घुसपैठिए छल-कपट से यहां की बेटियों से शादी कर सत्ता पर काबिज हो रहे हैं।रुबी पहाड़िन जैसी बेटियों को बर्बरता से मारा जा रहा है।भाजपा का संकल्प है कि झारखंड की माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा की जाए। अगर इसी तरह चलता रहा तो 15-20 सालों में झारखंडी अपनी ज़मीन से बेदखल हो जाएंगे।श्री चौहान ने सरकार की विफलता पर सवाल उठाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने 5 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था। लेकिन इस सरकार ने युवाओं को वर्दी के बजाय कफन दिया। परीक्षा के नाम पर इंटरनेट बंद करके पेपर लीक नहीं होने देने का दावा किया, जबकि लीक तो सरकार के दलाल कर रहे थे।भाजपा की सरकार बनते ही खाली पदों को भरने का आदेश दिया जाएगा।कैलेंडर बनाएंगे और पहले महीने की 21 तारीख को यहां के युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे।चुनाव नजदीक आते ही हेमंत सोरेन को 'मंईयां सम्मान योजना' याद आई।

# धनबाद के बापी घोषाल बने झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन सेंट्रल के अध्यक्ष






धनबाद, झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन सेंट्रल का आम चुनाव सोमवार को फोकस क्लब एवं रिजार्ट रिंग रोड दलदली चौक रांची में हुआ। इसमें झारखंड के 16 जिलों के फोटोग्राफर एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। चुनाव कमेटी के प्रमुख विनोद सोनी के निर्देशानुसार चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। धनबाद के बापी घोषाल अध्यक्ष चुने गए। इसके साथ ही उपाध्यक्ष शिवराम गुप्ता, सचिव उपेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा, सहसचिव रूपेश कुमार और 16 जिलों से एक-एक कुल 16 कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन किया गया। आपको बता दें घोषाल फोटोग्राफी इंडस्ट्रीज के एक चर्चित व्यक्ति हैं। कुशल संगठनकर्ता एवं लाखो फोटोग्राफर्स के प्रेरणास्त्रोत हैं।इस अवसर पर बापी घोषाल ने कहा कि 16 जिलों के अलावा राज्य के अन्य जिलों में भी संगठन अपना विस्तार करेगी और प्रत्येक जिले में अपने भवन के लिए संसद और विधायक को मांग पत्र सौंपेगी। उपाध्यक्ष शिवराम गुप्ता ने कहा कि फोटोग्राफरो को नवीनतम तकनीक से अवगत कराने के लिए नियमित तौर पर कार्यशाला और अपने भवन की जरूरत को पूरा करने के लिए संगठन काम करेगी। सचिव उपेंद्र कुमार ने कहा सेंट्रल से जुड़े 16 जिला के सारे फोटोग्राफरों को मिलजुल कर के काम करना है।

## उपायुक्त के निर्देश पर तंबाकू मुक्त अभियान शुरू, अगले 60 दिनों तक चलेगा दूसरा चरण

रांची(ईएमएस)। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर मंगलवार को सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार की अध्यक्षता में अगले 60 दिनों तक चलने वाले तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की शुरुआत सिविल सर्जन रांची के सभागार में हस्ताक्षर अभियान के साथ शुरुआत की गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय के कर्मचारी पदाधिकारी , डॉक्टर एवं मारवाड़ी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता लाया जाना है। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सिविल सर्जन रांची द्वारा बताया गया कि तंबाकू के इस्तेमाल से प्रत्येक वर्ष तकरीबन 14000 लोगों की मृत्यु हो जाती है जो की काफी चिंता का विषय है । तंबाकू इंडस्ट्री उन इंडस्ट्री में से एक इंडस्ट्री है जो अपने ग्राहकों को मौत का सामान बेचने का काम करती है। इसकी रोकथाम हेतु भारत सरकार द्वारा कोटपा एक्ट 2003 अधिनियम बनाया गया है जिसका शक्ति से अनुपालन कराया जाना अति आवश्यक है ताकि शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू पदार्थ की बिक्री एवं इस्तेमाल में कमी लाई जा सके। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के तहत जिले के तकरीबन 300 शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किए जाने का लक्ष्य निर्धारण किया जाना है। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी निवारण पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण इकाई रांची द्वारा बताया गया कि हमें तंबाकू मुक्ति केंद्र जिले के साथ-साथ प्रखंड स्तर पर भी बनाया जाना है, ताकि लोगों को तंबाकू की लत से निजात दिलाने के लिए परामर्श दिया जा सके।समय-समय पर प्रशिक्षण, कैंप, अखबार नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से भी लोगों में जागरूकता लाया जाएगा।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax NO. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।